# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 7 जून 2025 शनिवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 09 • अंक : 21 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1413 :** नेपल्स के राजा लैडिसलाव ने रोम पर कब्जा किया।

**1539 :** बक्सर के पास चौसा की लड़ाई में अफगान शेरशाह सूरी ने मुगल बादशाह हुमायूँ को हराया।

**1546 :** इंग्लैंड ने स्कॉटलैंड/ आयरलैंड के साथ आंद्रेस शांति समझौता किया।

**1557 :** इंग्लैंड ने फ्रांस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।

**1654 :** लुई चतुर्दश फ्रांस के राजा बने।

**1893 :** महात्मा गांधी ने दक्षिण अफ्रीका में प्रथम बार सविनय अवज्ञा का प्रयोग किया।

# हेमंत सोरेन के 'शानदार गिफ्ट' से राजधानीवासी बेहद खुश

## सिरमटोली-मेकॉन फ्लाई ओवर रेलवे लाइन पर बना देश का सबसे लंबा केबल स्टे ब्रिज | हेमंत सोरेन ने रात के वक्त फ्लाई ओवर का ड्रोन वीडियो किया साझा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** आदिवासी समुदाय के अग्रणी नेता रहे कार्तिक उरांव के नाम से समर्पित सिरमटोली-मेकॉन फ्लाई ओवर ने रांची की खूबसूरती में चार चांद लगा दिया है। 5 जून को उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रात के वक्त फ्लाई ओवर का ड्रोन वीडियो साझा किया जो झारखंड वासियों को खूब भा रहा है। सीएम ने लिखा है ''अद्भुत, अतुलनीय, अविस्मरणीय''। दरअसल यह कोई आम फ्लाई ओवर नहीं है इसकी खासियत बेशुमार है। 19 अगस्त 2022 को सीएम हेमंत सोरेन ने इसकी आधारशिला रखी थी। इसको तैयार करने में 372 करोड़ की लागत आई है। शानदार डिजाइन और असीम चुनौतियों से गुजरने के बाद यह ब्रिज रिकॉर्ड समय यानी 2 साल 9 माह और 16 दिन में बनकर तैयार हुआ है। आपको जानकर हैरानी होगी कि रेलवे लाइन पर बना देश का यह सबसे लंबा केबल स्टे ब्रिज है। रेलवे लाइन पर इसकी लंबाई 132 मीटर है, जो केबल के सहारे टिकी हुई है। यह जानकारी पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता विनोद कच्छप ने दी। उन्होंने बताया कि पूरे भारत में, इतना लंबा केबल स्टे ब्रिज कहीं नहीं है। रेलवे लाइन पर ब्रिज को बनाने के लिए अलग-अलग समय पर कुल 238 घंटों तक ट्रेनों का परिचालन रोका गया। इस काम में रेलवे ने पूरा सहयोग किया। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि अक्सर देर रात के समय रेल ब्लॉक होता था। उस समय युद्ध स्तर पर काम किया जाता था। केबल पर टिका फ्लाई ओवर का दूसरा हिस्सा हरमू नदी और पुराने ओवर ब्रिज के ऊपर से गुजरा है। इसकी लंबाई 94 मीटर है। यहां डबल डेकर का नजारा देखते बनता है। कार्यपालक अभियंता विनोद कच्छप ने बताया कि हरमू नदी और पुराने ओवर ब्रिज को डिस्टर्ब किए बगैर केबल के सहारे ब्रिज को बनाना बेहद चुनौती भरा कार्य था। इस दौरान आसपास के तमाम घरों-अपार्टमेंट का ख्याल रखा गया। अंडर ग्राउड केबल और वाटर सप्लाई पाइप लाइन ज्यादा प्रभावित ना हो, इसमें संबंधित विभागों ने पूरा सहयोग किया। निर्माण में एक से बढ़कर एक अनूठे और मॉर्डन मशीनों का इस्तेमाल हुआ।



देर रात ड्रोन से दिखा पुल का सुंदर नजारा

इसको तैयार करने में कुल 42 मोनो पाइल (पिलर) के अलावा 72 केबल का इस्तेमाल किया गया है। फ्लाई ओवर बनाने वाली कंपनी एलएंडटी ने केबल को मलेशिया से मंगवाया है। एक केबल में 45 से 54 वायर जुटे हुए हैं, जो झूलते ब्रिज को मजबूती देते हैं। इसका डिजाइन एलएंडटी और आरसीडी की मदद से आईआईटी मुंबई ने तैयार किया है। कार्तिक उरांव फ्लाई ओवर की कुल लंबाई 2.34 किलो मीटर है। योगदा मठ के पास सिरमटोली से चढ़ने पर रेलवे लाइन और ओवर ब्रिज के ऊपर से होते हुए डोरंडा में राजेंद्र चौक गोलंबर से दो रास्तों में बदल जाता है। एक हिस्सा नेपाल हाउस की तरफ ले जाता है तो दूसरा हिस्सा डोरंडा पोस्ट ऑफिस और वन विभाग के पास। खास बात है कि सिरमटोली के पास रैंप की वजह से सरना स्थल के मेन गेट के पास चौड़ाई प्रभावित होने का हवाला देकर खूब राजनीति हुई। 22 मार्च और 4 जून को रांची बंद बुलाया गया। रांची में बंद का असर भी हुआ लेकिन पुलिस और प्रशासन ने धैर्य का परिचय दिखाया। कहीं पर भी लाठी चलाने की नौबत नहीं आने दी गई। दरअसल इस आंदोलन का नेतृत्व पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव कर रही थी। झारखंड बंद के अगले दी दिन यानी 5 जून को सीएम हेमंत सोरेन ने गीताश्री उरांव के पिता कार्तिक उरांव के नाम पर ब्रिज का नामकरण कर आंदोलन को बैकफुट पर धकेल दिया। इस फ्लाई ओवर पर सफर कर लोग सोशल मीडिया पर अपने-अपने अनुभव साझा कर रहे हैं। सबसे ज्यादा रोमांच केबल के सहारे टिके ब्रिज से गुजरते वक्त लोग महसूस कर रहे हैं।

## मोदी को जी7 समिट का मिला न्योता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कनाडा ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जी-7 देशों की समिट में शामिल होने के लिए न्योता भेजा है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने पीएम मोदी को फोन कर समिट के लिए बुलाया है। नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। मोदी ने आमंत्रण के लिए कार्नी का आभार जताया और कनाडा के चुनाव में जीत हासिल करने पर बधाई भी दी। साथ ही कहा कि उन्हें समिट में कार्नी से मुलाकात का बेसब्री से इंतजार है। यह समिट कनाडा के अल्बर्टा प्रांत के कनानास्किस में 15 से 17 जून तक होगी। भारत को यह न्योता समिट शुरू होने के ठीक 8 दिन पहले मिला है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि कनाडा इस समिट को लिए भारत को न्योता नहीं भेज रहा है। इसके पीछे पिछले कुछ वक्त से दोनों देशों के संबंधों में आई खटास को वजह माना जा रहा था। भारत 2019 से इस समिट में गेस्ट के तौर पर शामिल होता आ रहा है। हर साल जी 7 की मेजबानी करने वाला देश कुछ मेहमान देशों को आमंत्रित करता है। अब तक कनाडा ने भारत से पहले सिर्फ यूक्रेन और ऑस्ट्रेलिया को निमंत्रण भेजा है।

### प्रधानमंत्री ने जम्मू में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का तिरंगा दिखाकर किया उद्घाटन

# पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर किया हमला : मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पहलगाम हमले के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर का दौरा किया। उन्होंने यहां के रियासी जिले में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का तिरंगा दिखाकर उद्घाटन किया। इसके बाद अंजी ब्रिज और कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन कटरा-श्रीनगर वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई। इस क्रम में श्री मोदी ने कटरा में 42 मिनट का भाषण दिया। इसमें आतंकवाद, पाकिस्तान और कश्मीर के टूरिज्म का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि दुर्भाग्य से हमारे पड़ोस का देश, मानवता एवं मेलजोल का विरोधी है। वह ऐसा देश है जो गरीब की रोजी-रोटी का भी विरोधी है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, वह इसी का उदाहरण है। पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। हमने 6 मई को उस पर कयामत बरसा दी। उन्होंने कहा कि ये वीर जोरावर सिंह की भूमि है। मैं धरती को प्रणाम करता हूं।



आज का ये कार्यक्रम भारत की एकता और इच्छाशक्ति का विराट उत्सव है। माता वैष्णो देवी की आशीर्वाद से वादी-ए-कश्मीर रेल नेटवर्क से जुड़ गई हैं। उधमपुर, श्रीनगर, बारामूला ये रेललाइन प्रोजेक्ट सिर्फ नाम नहीं है, ये जम्मू-कश्मीर के नए सामर्थ्य की पहचान है। भारत के नए सामर्थ्य का जयघोष है। पीएम ने कहा कि मुझे चिनाब ब्रिज और अंजी ब्रिज के लोकार्पण का मौका मिला। दो नई ट्रेनें जम्मू-कश्मीर को मिलीं। नए मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास हुआ। 4600 करोड़ के प्रोजेक्ट जम्मू-कश्मीर को नई गति देंगे। इस विकास के लिए मैं आपको बधाई देता हूं। यहां कई पीढ़ियां रेल कनेक्टिविटी का सपना देखते हुईं गुजर गईं। उमर बोले थे कि जब वे सातवीं-आठवीं में पढ़ते थे तब से इस प्रोजेक्ट के पूरा होने का इंतजार कर रहे थे। आज लाखों लोगों का सपना पूरा हुआ। जितने अच्छे काम थे, वे मेरे लिए ही बाकी थे। पीएम ने कहा कि हमने कश्मीर को रेलवे से जोड़ने का काम पूरा करके दिखाया। कोविड में मुसीबतें आईं, लेकिन हम डटे रहे। मौसम की परेशानी, पहाड़ों से गिरते पत्थर...ये सब चुनौतीपूर्ण था, लेकिन सरकार ने चुनौती को ही चुनौती देने का रास्ता चुना है। कुछ महीने पहले सोनमर्ग टनल शुरू हुई है। कुछ देर पहले चिनाब और अंजी ब्रिज होकर आया हूं। इन पुलों पर चलते हुए मैंने भारत के बुलंद इरादों, हमारे इंजीनियर-श्रमिकों के हुनर को जिया है। चिनाब ब्रिज दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है। लोग फ्रांस में एफिल टॉवर देखने जाते हैं, ये ब्रिज एफिल टॉवर से भी बहुत ऊंचा है। अंजी ब्रिज इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट नमूना है। यह भारत का रेलवे का पहला केबल स्टे ब्रिज है। दोनों पुल भारत की जीवंत शक्ति का प्रतीक है। यह उज्ज्वल भारत की सिंहगर्जना है। पीएम मोदी ने कहा कि चिनाब ब्रिज हो या अंजी ब्रिज, ये जम्मू और कश्मीर दोनों क्षेत्रों की समृद्धि का जरिया बनेंगे। इससे टूरिज्म के साथ रेल कनेक्टिविटी और बिजनेस भी बढ़ेगा। इससे इंडस्ट्री को गति मिलेगी। कश्मीर के सेब देश के बड़े बाजारों तक समय पर पहुंच पाएंगे। सूखे मेवे, पश्मीना शॉल, हस्तशिल्प देश के किसी भी हिस्से तक पहुंच पाएगा। जम्मू-कश्मीर के लोगों के लोगों का देश के किसी भी हिस्से में आना-जाना आसान होगा। श्री मोदी ने इससे पहले ट्रेन में सवार स्कूली बच्चों से बातचीत की। ट्रेन में मौजूद रेलवे कर्मचारियों से भी मिले। इस अवसर पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी उपस्थित रहे। बता दें कि अंजी खड्ड पर बना पुल भारत का पहला केबल स्टे रेल ब्रिज है। यह पुल नदी तल से 331 मीटर की ऊंचाई पर बना है। 1086 फीट ऊंचा एक टावर इसे सहारा देने के लिए बनाया गया है, जो करीब 77 मंजिला बिल्डिंग जितना ऊंचा है। यह ब्रिज अंजी नदी पर बना है जो रियासी जिले को कटरा से जोड़ता है। इस पुल की लंबाई 725.5 मीटर है। इसमें से 472.25 मीटर का हिस्सा केबल्स पर टिका हुआ है।

## मंत्री दीपिका पांडेय पहुंचीं जगन्नाथ मंदिर

### लोगों के साथ जमीन पर बैठकर ग्रहण किया भोग



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह शुक्रवार को जमीन पर बैठकर लोगों के साथ भोग खाती दिखीं। मंदिर परिसर की उनकी तस्वीरों को लोग लाइक कर रहे हैं। बता दें कि मंत्री दीपिका निर्जला एकादशी के अवसर पर रांची स्थित ऐतिहासिक धुर्वा जगन्नाथ मंदिर में दर्शन और पूजा करने पहुंची थी। उन्होंने भगवान श्री जगन्नाथ जी की विधिवत पूजा-अर्चना कर समस्त झारखंडवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। पूजा करने के बाद उन्होंने अन्य श्रद्धालुओं और भक्तों के संग जमीन पर बैठकर प्रभु का महाभोग प्रसाद ग्रहण किया। इसकी तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया पर भी साझा की।

## तीन अगस्त को होगी नीट पीजी परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** नीट पीजी 2025 परीक्षा को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। सुप्रीम कोर्ट ने 3 अगस्त, 2025 को नीट पीजी (स्नातकोत्तर) परीक्षा आयोजित कराने की इजाजत दे दी है। कोर्ट ने राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड को दी गई पूर्व समय सीमा को बढ़ा दिया है। यह परीक्षा पहले इस साल 15 जून को आयोजित होने वाली थी। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने साफ किया कि इस संबंध में एनबीइ को कोई और समय सीमा नहीं दी जाएगी। 30 मई को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि नीट पीजी परीक्षा केवल एक ही शिफ्ट में आयोजित की जाए। इसके बाद एनबीइ ने शीर्ष अदालत में एक आवेदन दायर कर परीक्षा को बाद की तारीख पर पुनर्निर्धारित करने के लिए समय बढ़ाने की मांग की थी क्योंकि एकल-शिफ्ट के आदेश का पालन करने के लिए नए सिरे से व्यवस्था करनी होगी।




## हाइवा-बाइक की टक्कर में तीन युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां(नवादा)।** नवादा- जमुई पथ पर कचना मोड़ के पास गुरुवार की देर रात को हाइवा की चपेट में आने से तीन युवकों की मौत हो गई। दो युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक अन्य युवक की मौत सदर अस्पताल नवादा में इलाज के दौरान हो गई। पुलिस ने हाइवा को जब्त कर लिया है। बताया जाता है कि हाइवा का ड्राइवर घटना के बाद भागने में सफल रहा। बताया गया कि पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय के शांतिनगर मोहल्ले के भरत मिस्त्री का 20 वर्षीय पुत्र अमित कुमार, दशरथ कुमार शर्मा का 19 वर्षीय पुत्र राजू कुमार एवं शेखपुरा जिला के सुमका गांव के रविन्द्र शर्मा का 18 वर्षीय पुत्र विकास कुमार बाइक से पकरीबरावां थाना क्षेत्र के महनाजीतपुर गांव से लौट रहे थे। बताया गया कि कचना मोड़ के पास हाइवा की चपेट में आने से तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां लाया गया जहां डॉक्टरों ने अमित कुमार एवं राजू कुमार को मृत घोषित कर दिया। विकास कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि तीनों दोस्त अमित की बहन का ससुराल गए हुए थे और वहीं से वापस लौट रहे थे, तभी हादसा हुआ। सूचना मिलते ही सहायक अवर निरीक्षक अशोक पाल, चंदन कुमार, चंदन सिंह एवं अमित कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर घटना की जानकारी लिया। तीनों युवकों के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया है। मृतक राजू कुमार के पिता दशरथ कुमार शर्मा ने इस संबंध में हाइवा एवं अज्ञात ड्राइवर पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। एक साथ तीन युवकों की मौत से मोहल्ले का माहौल गमगीन हो गया है।




## सही जातीय जनगणना नहीं कराएगी सरकार : राहुल गांधी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज नालंदा के राजगीर स्थित अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में संविधान सुरक्षा सम्मेलन में पिछडा-अति पिछडा, दलित वर्ग के लोगों से संवाद किया। इस अवसर पर राहुल गांधी ने केंद्र सरकार एवं बिहार सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार देश में सही जातीय जनगणना नहीं कराएगी। देश में असली जातीय जनगणना होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीति समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि वे देश में हर हाल में जाति जनगणना कराकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि देश में 90 प्रतिशत पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित, आदिवासी के खिलाफ काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार को लोग सत्य अहिंसा और न्याय की स्थली मानते थे लेकिन अब 21वीं सदी में बिहार को क्राइम कैपिटल के रूप में जानने लगे हैं। नालंदा में लोग जहां देश दुनिया से ज्ञान प्राप्त करने आते थे वहीं अब यहां के लोग देश विदेश जाकर रोजगार के लिए पलायन कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार के लोग आज रोजगार के अभाव में बड़े पैमानेपर पलायन कर रहेहैं। यहां रोजगार की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। पहले सरकार इलाज कराती थी, अब आम आदमी को लाखों रुपये खर्च करने पड़ते हैं।



## प्लास्टिक मुक्त अभियान का अहम हिस्सा बनें युवा : वीसी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** आज हमारी जीवनशैली में प्लास्टिक का प्रयोग इतना प्रभावी है कि पूरा पर्यावरण गंभीर संकट से जूझ रहा है। पूरी दुनिया प्लास्टिक मुक्त अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रही है। युवा प्लास्टिक के इस्तेमाल पर पूर्णतः रचनात्मक जन जागरूकता अभियान चलायें और प्लास्टिक मुक्त अभियान का अहम हिस्सा बनें। ये बातें रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहीं। कुलपति शुक्रवार को मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में कॉलेजों व पीजी विभागों के विद्यार्थियों के बीच पर्यावरण दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत कर रहे थे। साथ ही प्लास्टिक प्रदूषण मुक्त विषय पर संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। संगोष्ठी को डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू, वित्त परामर्शी अजय कुमार, तकनीकी सचिव डॉ बीके सिन्हा, डॉ सुनील कुमार सिंह, डॉ वीएस झा और डॉ बीआर झा ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ पूनम निगम सहाय ने किया। मौके पर भाषण प्रतियोगिता में प्रणव राम तिवारी, शालिनी सिंह व ज्योति कुमारी को पुरस्कृत किया गया। चित्रकला में राहुल तिर्की, कनकलता कुमारी व सामिया आफरीन, स्लोगन में लिसा क्लारा कुजूर, खुशी सर्राफ व शीतल रंजन, निबंध में राज नंदिनी, एनी सोरेन व अनिशा केरकेट्टा और क्विज में निधि कुमारी, शिवम कुमार प्रजापति व प्रतिमा कुमारी पुरस्कृत किये गये। कार्यक्रम में टीम लीडर जीतेंद्र कुमार द्वारा लिखित पुस्तक एनएसएस वॉलंटियर इज ऑलवेज एनएसएस वॉलंटियर का विमोचन कुलपति और अन्य अतिथियों ने किया। इस मौके पर एनएसएस स्वयंसेवकों और अतिथियों के बीच फलदार पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जय नारायण महतो, डॉ संदीप कुमार, डॉ पूनम कुल्लू, डॉ समीर कुमार पुरुषोत्तम, अंकित, अतुल, क्षणिका, रिकेष, कृति, रौनक, अंश, नेहा, कनुप्रिया, निवेदिता और नवीन आदि का योगदान रहा।



## संक्षिप्त समाचार

### राजधानी पटना में हुई बारिश, कई जिलों के लिए आंधी, बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी

**पटना, एजेंसी।** उमस और गर्मी के बीच राजधानी पटना में शुक्रवार सुबह मौसम ने करवट ली। सुबह खिली धूप के बाद काले बादल छा गए और थोड़ी ही देर में तेज हवा के साथ बारिश होने लगी। सुबह 10 बजे के बाद लगभग आधे घंटे के लिए झमाझम बारिश हुई। हालांकि, कुछ समय बाद ही धूप निकल गयी, जिससे दोबारा उमस और गर्मी का एहसास होने लगा। इस बीच मौसम विभाग ने बिहार के कई जिलों के लिए तेज आंधी, बारिश और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बताया कि यह अलर्ट अगले कुछ घंटों तक प्रभावी रहेगा और खासकर उत्तर और दक्षिण बिहार के कई जिले इससे प्रभावित हो सकते हैं। पटना, गया, मुजफ्फरपुर, नालंदा, समस्तीपुर, दरभंगा, वैशाली, भागलपुर, और पूर्णिया समेत लगभग एक दर्जन जिलों में वज्रपात( आकाशीय बिजली) गिरने की संभावना है। प्रशासन ने लोगों से खुले स्थानों, खेतों, पेड़ों के नीचे या ऊंची इमारतों के पास नहीं रुकने की सलाह दी है। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने भी जनता से सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने की अपील की है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे खेतों में काम न करें और अपने मवेशियों को भी सुरक्षित स्थानों पर रखें।

### पूर्णिया जिला अधिकारी अंशुल कुमार ने एयरपोर्ट के लिए हो रहे कामों का निरीक्षण किया

**पूर्णिया, एजेंसी।** नव पदस्थापित जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने आज पूर्णिया एयरपोर्ट से संबंधित निर्माण कार्यों की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने सभी अधिकारियों से यहां हो रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग पूर्णिया एवं संबंधित अधिकारियों को निदेश दिया कि पूर्णिया सिविल एनक्लेव को जाने वाली सभी सड़कों का निर्माण कार्य त्वरित गति से निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

### हथियारबंद अपराधियों ने ढाबा संचालक से की मारपीट, 55 हजार रुपये लूटे ; हथियार बरामद

**बक्सर, एजेंसी।** बक्सर के कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के एनएच-922 पर स्थित छोटका ढाकाइच गांव के पास गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात हथियारबंद अपराधियों ने एक ढाबे पर धावा बोलकर सनसनी फैला दी। चार अपराधियों ने ढाबा संचालक से बेरहमी से मारपीट की, काउंटर का ताला तोड़कर 55 हजार रुपये नकद लूट लिए और फरार हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधियों ने बिजली मीटर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया और जाते-जाते जान से मारने की धमकी दी, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल फैल गया। घायल ढाबा संचालक विकास प्रधान को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही कृष्णाब्रह्म थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के दौरान घटनास्थल से पिस्तौल का एक मैगज़ीन और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए, जिससे मामले की गंभीरता और भी बढ़ गई है। एनएच-922 पर रातभर वाहनों की आवाजाही रहती है और यहां कई ढाबे और होटल भी हैं, ऐसे में इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित ढाबा संचालक के बयान पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों में बड़का ढाकाइच गांव के निवासी सुधीर दुबे, नीरज दुबे, रितेश पांडे और कुख्यात रितिक दुबे उर्फ 'डेंजर दुबे' शामिल हैं। इनमें से एक आरोपी झारखंड का पेशेवर अपराधी बताया जा रहा है, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि घटना पूर्व नियोजित और संगठित तरीके से अंजाम दी गई। कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष महेश प्रसाद ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। घटना के बाद से इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं से जिले की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

# मोहिउद्दीनगर में एसटीएफ की छापेमारी, दोनों तरफ से हुई फायरिंग, 5 लोगों की गिरफ्तारी

**समस्तीपुर, एजेंसी।** पटना एसटीएफ व स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से शुक्रवार की अल सुबह थाना के सुलतानपुर दियारे में छापेमारी की। जहां से भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार और जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आठ घंटे से जारी छापेमारी में अबतक 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

ग्रामीणों को अपने अपने घरों मे कैद रहने का निर्देश पुलिस टीम ने दिया है। बताया गया कि छापेमारी करने पहुंची टीम पर फायरिंग की गई। जबाब में टीम ने भी फायरिंग की है। दोनों तरफ से हो रही फायरिंग के बाद में ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना है। लोग अपने घरों में ही दुबके रहे।

बताया गया कि गांव के सरोज सिंह उर्फ निमकी के यहां पुलिस की छापेमारी जारी है। गुप्त सूचना पर टीम कार्रवाई करने पहुंची थी। इसी दौरान घर से फायरिंग होनी शुरू हो गई। घटना के बाद में आसपास के कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पूरे गांव को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। लोगों के घरों से नहीं निकलने की अपील की गई। पुलिस टीम की तैनाती से पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। कई घंटों से पुलिस टीम घर के




भीतर छापेमारी कर रही।

सूत्र की मानें तो अब तक पुलिस को एके 56 और इंसास राइफल की बरामदगी हुई। हालांकि, पुलिस की तरफ से अब तक कोई जानकारी साझा नहीं की गई है। बताया गया कि घर को पूरी तरह से एसटीएफ ने अपने कब्जे में ले रखा है। मोबाइल से फोटो आदि लेने से भी पुलिस टीम सभी को रोक रही। गांव के भीतर किसी के भी प्रवेश पर रोक लगाई गई है।

मुख्य आरोपित सरोज उर्फ निमकी बिहार पुलिस का सहायक अवर निरीक्षक बताया गया है। एक वर्ष से वह निलंबित है। एएसआई पद पर रहते हुए उसके उपर आर्मी में नौकरी के नाम पर ठगी करने का आरोप भी लगा। बाद में उसे विभाग ने निलंबित कर दिया। उसकी छवि इलाके में एक दबंग के रूप में है। अपराधिक गतिविधियों में भी उसके शामिल रहने की चर्चा है।

निमकी के तीन चचेरे भाई को भी पुलिस टीम ने हिरासत में लिया है। उसकी मां मुन्नी देवी ने बताया कि उनके तीन पुत्र विश्वजीत सिंह, अभिषेक सिंह और चंद्रलेश सिंह को पुलिस टीम अपने साथ ले गई।

उन्होंने बताया कि अल सुबह वह सोकर उठी थी। तभी पुलिस की टीम पहुंची। मेरी बड़ी बहू ने गेट खोला। सभी पुलिस वाले घर में घुस गए। सीढ़ी से ऊपर के रास्ते पानी के टंकी से टूटा हुआ कुछ सामान मिला। बाद में मेरे तीनों बेटा को पुलिस पकड़ ली। उन्होंने बताया कि आज उनके पोता का जन्मदिन है। उनका छोटा बेटा चेन्नई में रहता है। पुलिस क्यों आई, यह पता नहीं है।

## विवादों के बीच सामने आया तेज प्रताप का नया वीडियो

**पटना, एजेंसी।** ताजा विवाद के बीच तेज प्रताप यादव ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है। तेज प्रताप इस वीडियो में एक दफ्तर में एंट्री लेते नजर आ रहे हैं। उन्होंने वीडियो के साथ एक पोस्ट भी लिखा है। तेज प्रताप ने लिखा, हमारे सभी सपने सच हो सकते हैं; अगर हममें उन्हें पूरा करने का साहस हो। तेज प्रताप ने यह पोस्ट अंग्रेजी में किया है। बता दें कि बीते कुछ दिनों से तेज प्रताप लगातार चर्चा में बने हुए हैं। अनुष्का यादव के साथ कथित रूप से उनके रिलेशनशिप की बात सामने आने के बाद लालू ने बड़ा एक्शन लिया था। लालू ने तेज प्रताप को पार्टी और घर से बेदखल कर दिया। जिसके बाद तेज प्रताप का एक सोशल मीडिया पोस्ट खूब वायरल हुआ।



तेज प्रताप ने एक्स पर लिखा था, मेरे प्यारे मम्मी पापा.... मेरी सारी दुनिया बस आपदोनों में ही समाई है। भगवान से बढ़कर है आप और आपका दिया कोई भी आदेश। आप हैं तो सबकुछ है मेरे पास। मुझे सिर्फ आपका विश्वास और प्यार चाहिए ना कि कुछ और। पापा आप नहीं होते तो ना ये पार्टी होती और ना मेरे साथ राजनीति करने वाले कुछ जयचंद जैसे लालची लोग। बस मम्मी पापा आपदोनों स्वस्थ और खुश रहें हमेशा।

वहीं, कुछ दिनों बाद तेज प्रताप ने तेजस्वी को लेकर भी एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, मेरे अर्जुन से मुझे अलग करने का सपना देखने वालों, तुम कभी अपनी साजिशों में सफल नहीं हो सकोगे, कृष्ण की सेना तो तुम ले सकते हो, लेकिन खुद कृष्ण को नहीं।

तेज प्रताप ने आगे लिखा, मैं हर साजिश को जल्द बेनकाब करूंगा। बस मेरे भाई भरोषा रखना मैं हर परिस्थिति में तुम्हारे साथ हूं, फिलहाल दूर हूं, लेकिन मेरा आशीर्वाद हमेशा तुम्हारे साथ था और रहेगा। मेरे भाई मम्मी पापा का ख्याल रखना, जयचंद हर जगह है अंदर भी और बाहर भी।

## बिहार की पहली पहल, कटहल-फूलगोभी, करेला और लौकी दुबई के लोग खाएंगे 10 सब्जियां

**पटना, एजेंसी।** सहकारिता मंत्री डा. प्रेम कुमार ने परीक्षण शिपमेंट की सब्जियों की पहली खेप बुधवार को दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान परिसर से दुबई के लिए रवाना किया।

इसके बाद उन्होंने सूचना भवन के संवाद कक्ष में आयोजित पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन फेडरेशन (वेजफेड) के सहयोग से परीक्षण शिपमेंट के तौर पर 1500 किलोग्राम सब्जियों की पहली खेप को दुबई (यूएई) के लिए रवाना किया गया है, जो बिहार के सहकारिता व कृषि क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक पहल है।

हर थाली में बिहारी तरकारी के मूल मंत्र के साथ बिहार में उत्पादित सब्जियां अब विदेशों तक पहुंचने को तैयार हैं। उन्होंने बताया कि आज जो पहली खेप दुबई के लिए रवाना की गई है उसमें कटहल, फूलगोभी, करेला, लौकी समेत 10 प्रकार की सब्जियां शामिल हैं।

हरित सब्जी संघ, पटना, तिरहुत सब्जी संघ, मोतिहारी, मिथिला सब्जी संघ, दरभंगा एवं मगध सब्जी संघ, गया के संयुक्त प्रयास से सब्जियों का पहला परीक्षण शिपमेंट दुबई के लिए भेजा गया है। इसे सड़क मार्ग से



पटना से होकर वाराणसी हवाई अड्डा पहुंचाया जाएगा।

यह शिपमेंट फेयर एक्सपोटर्स लिमिटेड के माध्यम से दुबई का प्रतिष्ठित लुलु माल के लिए है, जो मध्य-पूर्व में एक जाना-माना नाम है। उन्होंने बताया कि यह भले ही एक परीक्षण शिपमेंट है, लेकिन यह राज्य के किसानों की मेहनत, लगन, राज्य के मिट्टी की उर्वरता और बिहार सरकार की दूरदर्शी सोच का प्रतीक है।

इस अवसर पर सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेन्द्र कुमार, निबंधक, सहयोग समितियां, अंशुल अग्रवाल, वेजफेड के प्रबंध निदेशक प्रभात कुमार व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## टोल प्लाजा के पास टॉयलेट के दौरान करंट लगने से मुजफ्फरपुर के युवक की मौत, चार झुलसे

**हाजीपुर, एजेंसी।** हाजीपुर मुजफ्फरपुर एनएच 22 सराय थाना क्षेत्र के पटेढा टोल प्लाजा के निकट टॉयलेट जाने के दौरान दुकान के निकट बिजली के नंगे तार की चपेट में आने से मुजफ्फरपुर जिले के एक युवक की मौत हो गई। जबकि युवक को बचाने गए चार व्यक्ति बिजली के झटके से झुलस गए।

मौके पर अफरातफरी मच गई। सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने जांच के बाद मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सादुल्लापुर पिपरी निवासी विष्णु देव पासवान के पुत्र अवधेश पासवान को मृत घोषित कर दिया।

झुलसे लोगों की पहचान मुसहरी थाना क्षेत्र के नया गांव निवासी उपेंद्र पासवान के पुत्र सोहन पासवान एवं जय मती देवी के रूप में हुई है।

घटना के बाद मृतक के परिवार वालों का रोकर बुरा हाल है। घटना



की जानकारी मिलते ही सराय थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

घटना के बाद स्थानीय दुकानदार दुकान बंद करके फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने दुकानदार पर लापरवाही का आरोप लगाया।

मिली जानकारी के अनुसार मुजफ्फरपुर जिले के मुसहरी थाना क्षेत्र के नयागांव से टेंपो एवं ई रिक्शा पर सवार होकर सभी हाजीपुर स्थित अखारा घाट मुंडन संस्कार में शामिल होने के लिए आ रहा था।

इसी दौरान टोल प्लाजा के निकट सभी लोग गाड़ी से उतर गए। इस दौरान एक युवक दुकान से पानी खरीदकर पीने के बाद टॉयलेट के लिए दुकान के पीछे गया था। इस बीच करंट लगने से वह बुरी तरह झुलस गया।

सदर अस्पताल इलाज के लिए लाया गया। डॉक्टर ने जांच के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक के ससुर ने बताया कि वह अपने परिवार एवं आसपास के लोगों के साथ हाजीपुर मुंडन के लिए आ रहा था। इसी दौरान टोल प्लाजा के निकट गुमटी के पीछे करंट लगने से उसके दामाद की मौत हो गई।

इस संबंध में सराय थाना अध्यक्ष मणि भूषण कुमार ने बताया कि टोल प्लाजा के निकट करंट लगने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया।

एक युवक की मौत हो गई। सभी मुजफ्फरपुर जिले से हाजीपुर मुंडन संस्कार में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## मंडप में दूल्हा कर रहा था अजीबोगरीब हरकत, गुस्से में दुल्हन ने ले लिया सबको चौंकाने वाला फैसला

**करपी (अरवल), एजेंसी।** कहते हैं जोड़ियां भगवान बनाता है, इंसान चाहे लाख जतन कर ले, जोड़ी वही बनेगी जो भगवान चाहेंगे। जिले में ऐसा ही एक मामला सामने आया है। दूल्हा बरात लेकर पहुंचता है। मंडप में शादी की सभी रस्म पूरी होती है।

भगवान को साक्षी मानकर दूल्हा दुल्हन की मांग में सिंदूर भरता है, इसके बावजूद बरात बैरंग लौट जाती है। मंडप पर जोड़ी टूट भी जाती है। यह मामला करपी प्रखंड का है, जहां के एक गांव में वंशी प्रखंड के एक गांव से बरात आई थी।

पूरे विधि विधान से शादी की रस्म पूरी की जा रही थी। हिंदू रीति रिवाज से सारी रस्में पूरी किए जाने के पश्चात मंत्रोच्चारण के बीच लड़का ने लड़की की मांग में सिंदूर भरा। सिंदूर डालने के बाद अक्षत छींटने की प्रक्रिया चल ही रही थी।

इसी बीच दूल्हा थाली से पूरा अक्षत हाथों में लेकर इधर-उधर फेंकने लगा। अजीबोगरीब हरकत देख लड़की पक्ष वाले सोच में पड़ गए। लड़की के पिता ने गहराई से छानबीन की तो लड़का के नशेड़ी होने का पता चला।



लड़का ब्राउन शुगर का आदी था, नशा उतरते ही बेचैनी में वह अजीबोगरीब हरकत कर रहा था। इसका पता लगते ही दुल्हन व उसके पिता ने इस शादी को मानने से इनकार कर दिया। मंडप पर ही शादी टूट गई और बरात बैरंग वापस लौट गई।

बता दें कि जिले में ब्राउन शुगर स्मैक जैसे मादक पदार्थों का सेवन करने वाले युवाओं की संख्या तेजी बढ़ रही है। छापेमारी में कई बार पुलिस ने स्मैक बरामद की है। पर इसका सरगना हाथ नहीं आ रहा।

दो जून को ही सदर थाने की पुलिस ने अरवल सिपाह मल्लाह टोली स्थित एक घर से 25.02 ग्राम स्मैक बरामद किया था। मामले में मां व बेटा चंदन कुमार व देवंती देवी को गिरफ्तार किया था।

## स्मार्ट मीटर को लेकर जारी हुआ सख्त आदेश, अगर ये काम नहीं किया तो कट सकती है आपकी बिजली

**पटना, एजेंसी।** बिहार में तकनीकी विकास की रफ्तार भागलपुर में ठिठक गई है. दक्षिण बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी लिमिटेड की स्मार्ट मीटर योजना जहां एक ओर पारदर्शिता और सटीक बिलिंग की दिशा में बड़ा कदम है, वहीं दूसरी ओर यह भागलपुर में लगातार विरोध और अव्यवस्था के कारण अधर में अटकी हुई है. दो वर्षों से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी 44 हजार मीटर अब तक लगाए नहीं जा सके हैं.

नाथनगर, चंपानगर, मिरजानहाट और बरहपुरा जैसे क्षेत्रों में बिजली विभाग के कर्मचारियों को खुलेआम विरोध का सामना करना पड़ रहा है. बरहपुरा में तो हालात इतने बिगड़े कि मीटर लगाने पहुंचे कर्मियों को न सिर्फ खदेड़ दिया गया, बल्कि उनके साथ मारपीट की घटना भी हुई. जिला प्रशासन के हस्तक्षेप और पुलिस सुरक्षा के बाद ही काम आंशिक रूप से आगे बढ़ पाया.

रेवेन्यू ऑफिसर अभय कुमार ने स्वीकार किया कि जनता के मन में स्मार्ट मीटर को लेकर अभी भी शंका है. उन्होंने बताया कि कई घरों में मालिक मौजूद नहीं हैं, ताले लगे हैं या लोग जानबूझकर मीटर लगाने से बच रहे हैं. हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन उपभोक्ताओं के यहां मीटर नहीं लगेगा, उनका कनेक्शन काट दिया जाएगा। तिलकामांझी जैसे क्षेत्रों में काम लगभग पूरा हो चुका है.

परियोजना में एक और गंभीर संकट सामने आया



जब मीटर लगाने के नाम पर कुछ लोगों ने उपकरणों के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी. जीनस प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर विकास सिंह ने बताया कि कुछ कर्मचारियों द्वारा तार चोरी और मीटर में गड़बड़ी करने की घटनाएं पकड़ी गई हैं. तीन लोगों के खिलाफ स्न्रद्धक्रदर्ज कर उन्हें जेल भेजने की प्रक्रिया भी अपनाई गई है.

हालात के बावजूद कंपनी की ओर से दावा किया जा रहा है कि स्टॉक में लगातार एक लाख मीटर उपलब्ध हैं. नाथनगर, चंपानगर और अन्य क्षेत्रों में टीम लगातार प्रयासरत है. अधिकारियों का मानना है कि लोगों को समझाकर, सुरक्षा व्यवस्था के साथ, धीरे-धीरे यह योजना पूरी की जाएगी.

## सामूहिक दुष्कर्म का शिकार होने से बची किशोरी, एक आरोपी गिरफ्तार

**दरभगा, एजसा।** दरभगा जिले के बेंता थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक 16 वर्षीय किशोरी के अपहरण और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने की कोशिश का मामला सामने आया है। चार युवकों ने किशोरी को जबरन बाइक पर बैठाकर सुनसान बागीचे में ले गए, लेकिन समय रहते पुलिस की सक्रियता और ग्रामीणों की सतर्कता के कारण किशोरी बड़ी वारदात का शिकार होने से बच गई। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए धीरू पासवान नामक युवक को गिरफ्तार किया है, जो किशोरी को बाइक पर लेकर गया था। बाकी तीन की तलाश में छापेमारी की जा रही है। पीड़ित लड़की की मां ने बताया कि मुहल्ले में नशेबाज लड़के रहते हैं। कुछ लड़के मेरी बेटी को पहले से परेशान किया करते हैं। बेटी का किसी से कोई प्रेम प्रसंग की बात होने से भी इंकार किया गया है। उन्होंने कहा कि मेरी बेटी जब अस्पताल से लौट रही थी, इस दौरान धीरू पासवान ,बबलू पासवान, गुड्डू पासवान सहित एक अन्य लड़कों ने चाकू का भय दिखाकर बाइक पर बैठाकर फरार हो गए। सुनसान जगह पर उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की गई, जहां विरोध करने पर लड़की के साथ मारपीट की गई है। वहीं लड़की ने बताया कि ग्रामीणों की सर्तकता और पुलिस की तेज कार्रवाई के कारण उसके साथ गलत काम करने में आरोपी सफल नहीं हो सके।

# बिहार रेजीमेंट ने देश को सौंपे 547 अग्निवीर, योग्यता और शौर्य दिखाने को तैयार

**दानापुर (पटना), एजेंसी।** बिहार रेजीमेंट के उदय सिंह गौड़ ड्रिल मैदान में गुरुवार को दीक्षा समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें 547 युवा और साहसी अग्निवीर देश को सौंपे गए। अग्निपथ योजना के तहत चुने गए जवानों का यह यह पांचवां बैच था। पासिंग आउट परेड में उनका समन्वय व अनुशासन देखते बन रहा था।

अग्निवीरों के चेहरों पर गर्व और आत्मविश्वास की स्पष्ट अभिव्यक्ति इस बात का स्पष्ट प्रमाण थी कि राष्ट्र सुरक्षित हाथों में है। इन जवानों ने 31 सप्ताह का कठोर प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया है। पासिंग आउट परेड के अंतिम पग के बाद अग्निवीरो ने राष्ट्रध्वज तिरंगे के समक्ष पवित्र ग्रंथ गीता, कुरान, गुरु ग्रंथ साहिब और बाइबिल पर हाथ रखकर हर कीमत पर राष्ट्र की रक्षा करने की शपथ ली। अब बिहार रेजिमेंट के ये



अग्निवीर अपनी योग्यता व शौर्य सिद्ध करने के लिए अपनी अपनी यूनिटों में तैनात होने को पूरी तरह तैयार हैं। बिहार रेजिमेंटल सेंटर के समादेष्टा ब्रिगेडियर केडी जसपाल ने परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने अग्निवीरों को बेहद कठिन प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद उच्च मानक हासिल करने के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि आपको देश सेवा का अवसर मिला है। हमारे सैनिकों ने हर क्षेत्र में अपनी वीरता दिखाई है। हर चुनौती का पार करते हुए आगे बढ़ना है। समीक्षा अधिकारी ने नवोदित सैनिकों का आह्वान किया कि वे तिरंगे के प्रति अपनी प्रतिज्ञा को हमेशा याद रखें और मातृभूमि की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ें। प्रशिक्षण के दौरान बेस्ट फायरिंग के लिए अग्निवीर ध्रुव राजेश्वर दिलीप, बेस्ट पीटी के लिए अग्निवीर रामचंद्र जोजो, बेस्ट ड्रिल के लिए प्रेमकांत विश्वकर्मा और बेस्ट अग्निवीर बैच शुभम तिवारी को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही ब्रिगेडियर के डी जसपाल ने अग्निवीरों के गौरवान्वित माता-पिता को भी गौरव पदक से सम्मानित किया। परेड ग्राउंड में अपने बच्चों को पूरी ड्रेस में सुसज्जित देख उनकी खुशी देखते बन रही थी। परेड के दौरान भावातिरेक में कई अग्निवीरों के पिता या उनके भाई खड़े होकर सैल्यूट करते दिखे। अग्निवीर सूरज के पिता ने कहा कि सोचे नहीं थे कि मेरा बेटा देशसेवा में जाएगा। कई बार के प्रयास के बाद सफलता मिली।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत

**धनबाद, एजेंसी।** आजाद नगर स्थित जनता मेडिकल के पास धनबाद से गया जाने वाली मुख्य रेलवे लाइन के डाउन लाइन पोल संख्या 273/30 के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना गुरुवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे की है। बताया जा रहा है कि बरकाकाना से धनबाद आ रही ट्रेन की चपेट में आने से उक्त व्यक्ति की मौत हुई। जीआरपी से इसकी सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया। मृतक के पास कोई भी पहचान की वस्तु नहीं मिली। वह लाल रंग का गमछा पहने था। उसकी उम्र करीब 55 वर्ष है। खबर भेजे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पायी थी।

### सिरमटोली फ्लाईओवर के लोकार्पण पर बोले बाबूलाल मरांडी- आदिवासी समाज ठगा हुआ महसूस कर रहा

**रांची, एजेंसी।** झारखंड भाजपा के वरिष्ठ नेता सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मेकॉन–सिरमटोली फ्लाईओवर के उद्घाटन पर राज्य सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि फ्रमुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कल गुपचुप तरीके से सिरमटोली फ्लाईओवर का लोकार्पण किया, जिससे आदिवासी समाज ठगा हुआ महसूस कर रहा है। बाबूलाल मरांडी ने कहा, फ्रयह लोकार्पण पर्यावरण दिवस के दिन किया गया। लेकिन विडंबना यह रही कि प्रकृति और पर्यावरण के उपासक आदिवासी समाज की भावनाओं को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया।फ्र सिरमटोली फ्लाईओवर रांची के यातायात को जरूर सुगम बनाएगा। लेकिन इसके निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने से ही पास स्थित पवित्र सरना स्थल के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा था। भाजपा नेता ने आगे कहा कि आदिवासी समाज की धार्मिक आस्थाओं की अनदेखी कर, बिना कोई वैकल्पिक समाधान निकाले इस फ्लाइओवर का उद्घाटन करना आदिवासियों के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि विकास जरूरी है, लेकिन विकास की दौड़ में आदिवासी समाज की अस्मिता, आस्था और परंपराओं का सम्मान भी उतना ही जरूरी है।

### रांची पहुंची खतियानी पदयात्रा, 9 जून को होगी राज्यपाल संतोष गंगावर से बात, ये है मांग



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में फिर एक बार खतियानी आंदोलन ने रफ्तार पकड़ ली है। इसे लेकर राज्य में खतियानी पदयात्रा निकाली गयी है। जानकारी के अनुसार, खतियान आधारित स्थानीय व नियोजन नीति के मांग को लेकर दुमका से निकली खतियानी पदयात्रा 21वें दिन 5 जून (गुरुवार) को राजभवन पहुंची। इस अवसर पर संगठन के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि 9 जून को उनकी राज्यपाल से बात होगी।देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि खतियान आधारित स्थानीय व नियोजन नीति के मांग का लेकर यह पदयात्रा निकाली गयी। राज्य में बिना स्थानीय नीति के नियुक्ति प्रक्रिया की जा रही है। यह बेईमानी है। स्थानीयता विधेयक को बार–बार लटकाया, भटकाया और अटकाया जा रहा है। सरकार स्थानीयता के मामले में उदासीन है।बताया गया कि पदयात्रा में अमित मंडल, विजय सिंह, अयूब अली, दमयंती मुंडा, संजय महतो, आलोक उरांव, फुलेश्वर बैठा, निशा भगत सहित काफी संख्या में जेएलकेएम कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस पदयात्रा का शुभारंभ 15 मई को उपराजधानी दुमका से किया गया था। तय रूट के अनुसार पदयात्रा 21 विधानसभा क्षेत्रों से होते हुए 570 किमी की दूरी तय कर रांची पहुंची। गुरुवार को इसका शुभारंभ बूटी मोड़ से गाजे–बाजे के साथ हुआ। इस दौरान झारखंडियों की एक ही पहचान– 1932 का खतियान का नारा दिया गया। बूटी मोड़ से पदयात्रा निकाले जाने के कारण जगह–जगह जाम लग गया। वाहन रेंगते दिखे। एक घंटे तक कई जगह सड़कों की यही स्थिति बनी रही। पदयात्रा जब राजभवन पहुंची, तो सड़क को जाम से मुक्ति मिली।

# रथयात्रा पर भव्य होगा रांची का नजारा

## प्रभु जगन्नाथ के दर्शन के लिए उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़



**रांची, एजेंसी।** झारखंड की राजधानी रांची में भी जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है। प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है। रथ यात्रा के पहले दिन प्रभु जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और माता सुभद्रा के विग्रह गर्भगृह से बाहर आते हैं। फिर, रथ पर सवार होकर मौसीबाड़ी जाते हैं। यहां नौ दिनों तक जगन्नाथ स्वामी अपनी मौसी के घर पर विश्राम करते हैं। इसके बाद 10वें दिन वापस रथ पर सवार होकर मुख्य मंदिर लौट आते हैं।

इस साल रथ यात्रा 27 जून शुक्रवार से शुरु होने वाली है। यह यात्रा नौ दिनों तक चलेगी, जो 5 जुलाई को समाप्त होगी। रथ यात्रा में पहले और आखिरी दिन का काफी महत्व होता है। चूंकि, इन दोनों दिन प्रभु जगन्नाथ, माता सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र के रथों को खींचने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। हजारों-लाखों भक्त भगवान के रथों को खींचकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। यह यात्रा प्रभु के प्रति भक्ति और एकता का प्रतीक है।

प्रभु श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा का हिंदू धर्म में बहुत अधिक महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, रथ यात्रा में शामिल होने या भगवान के दर्शन करने मात्र से भक्तों के सभी पापों का नाश हो जाता है। इसके साथ ही भक्तों को जगन्नाथ स्वामी का आशीर्वाद मिलता है। इस दिव्य और भव्य यात्रा में भक्त बिना किसी भेदभाव और राग-द्वेष के शामिल होते हैं।

कहा जाता है कि रथ यात्रा के पहले और आखिरी दिन रथ खींचने से भक्तों पर प्रभु की विशेष कृपा बरसती है। रथ यात्रा के आखिरी दिन को 'घुरती रथ' भी कहा जाता है। रांची स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में रथ यात्रा के दौरान भव्य मेला लगता है, जिसका समापन घुरती रथ के दिन होता है।

प्रभु जगन्नाथ की पवित्र और दैवीय रथ यात्रा कैसे शुरू हुई, इसे लेकर कई मान्यतायें प्रचलित हैं। इनमें से एक पौराणिक मान्यता के अनुसार, कहा जाता है कि एक बार माता सुभद्रा ने अपने भाइयों भगवान बलभद्र और भगवान जगन्नाथ से नगर भ्रमण की इच्छा जाहिर की। इस पर दोनों भाइयों ने भव्य रथ का निर्माण करवाया। फिर, आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण करने निकले।

इस दौरान तीनों रास्ते में अपनी मौसी के घर पर भी रुके। फिर, नगर यात्रा पूरी कर वापस लौट आये। इसी के बाद से यह अद्भुत परंपरा मनाई जाती है। हर साल आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को तीनों भाई-बहन रथ पर सवार होकर निकलते हैं। रथ यात्रा में सबसे आगे प्रभु बलराम का रथ, बीच में बहन सुभद्रा का रथ और सबसे पीछे जगन्नाथ स्वामी का रथ होता है।

### अब झारखंड में बच नहीं पाएंगे फरार अपराधी, पकड़ने के लिए बनाया गया गजब का प्लान! गृह विभाग से नया नोटिफिकेशन जारी

**रांची, एजेंसी।** राज्य में माओवादियों-उग्रवादियों की तरह अब फरार अपराधियों की धर-पकड़ के लिए झारखंड पुलिस आम जनता से सहयोग लेगी। फरार अपराधियों पर दर्ज केस के आधार पर इनाम की घोषणा होगी। ऐसे अपराधियों को ग्रेड ए से लेकर ग्रेड ई तक यानी पांच ग्रेड में बांटा जाएगा। ऐसे अपराधियों पर दो लाख रुपये से लेकर 30 लाख रुपये तक के इनाम की घोषणा होगी। राज्य मंत्रिपरिषद की आठ मई की बैठक में ली गई स्वीकृति के बाद अब गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने भी संकल्प जारी कर दिया है।राज्य में अधिकतम 400 फरार माओवादियों, उग्रवादियों या अपराधियों के लिए इनाम की राशि की घोषणा हो सकती है। अपराधियों पर पुरस्कार राशि की वैधता दो साल तक रहेगी। पहली बार पुरस्कार की राशि की घोषणा के दो माह के भीतर गिरफ्तारी नहीं होने पर उक्त राशि को बढ़ाई जा सकती है। जारी संकल्प के अनुसार एसपी एक लाख रुपये तक के पुरस्कार की घोषणा कर सकते हैं। डीआइजी को एक लाख से ऊपर व पांच लाख रुपये तक के इनाम की घोषणा की शक्ति दी गई है। डीजी को पांच लाख से अधिक व दस लाख रुपये तक के इनाम की घोषणा की शक्ति दी गई है। राज्य के गृह मंत्री के पास दस लाख से 20 लाख रुपये तक के इनाम की घोषणा की शक्ति दी गई है। वहीं, 20 लाख से 30 लाख रुपये तक के इनाम की घोषणा की शक्ति मुख्यमंत्री के पास रहेगी। फरार अपराधियों की सूचना देने वालों के नाम गुप्त रखे जाएंगे। जारी संकल्प के अनुसार पुरस्कार की राशि के लिए अलग से बजट का प्रविधान होगा। अपराधियों की अपराध की प्रकृति के अनुसार इनाम की राशि तय होगी।इनमें संगठित व असंगठित गिरोह के अपराधी शामिल होंगे। इसमें हत्या, फिरौती के लिए अपहरण, डकैती, लूट, लूट या डकैती के क्रम में हत्या, रंगदारी, आर्म्स एक्ट, अवैध हथियार का निर्माण व इसका व्यापार, नशे का कारोबार, एनडीपीएस अधिनियम से संबंधित अपराध, सड़क लूट, साइबर अपराध, मानव तस्करी, अन्य किसी सनसनीखेज वारदात में संलिप्तता, कानून एवं व्यवस्था के लिए बाधक, डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों में संलिप्त, विदेश से संचालित अपराध आदि से संबंधित अपराधी शामिल होंगे।

### बकरीद पर रांची में कैसी रहेगी सुरक्षा व्यवस्था ड्रोन से इन इलाकों में रखी जाएगी पैनी नजर




**रांची, एजेंसी।** रांची में बकरीद के त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से मनाने के लिए प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। सभी संवेदनशील स्थानों पर रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की गई है। झारखंड पुलिस के रैप, जैप, आईआरबी के जवानों को भी राजधानी में तैनात किया गया है।

आपातकालीन स्थिति में तुरंत कार्रवाई करने के लिए क्विक रिस्पांस टीम को अलर्ट पर रखा गया है। पूरे शहर में बाइक से पेट्रोलिंग की जाएगी। संवेदनशील जगहों पर ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी। शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जाएगी। कंट्रोल रूम में पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने इलाकों में भ्रमणशील रहने का आदेश दिया गया है। अगर कोई शांति और सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करता है, तो उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। बकरीद को लेकर हिंदपीढ़ी में साफ-सफाई को लेकर जावेद अली उर्फ बंटी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने नगर आयुक्त से मुलाकात किया। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल की ओर से कहा गया कि बकरीद एक बड़ा त्योहार है, इसमें साफ-सफाई का अलग महत्व होता है। जिसे देखते हुए ब्लीचिंग पाउडर और नालियों में स्लैब लगाने का काम जल्द किया जाए।साथ ही नालियों, सड़क की साफ-सफाई बेहद जरूरी है। वहीं गर्मी को ध्यान में रखते हुए रांची नगर निगम से पानी की सप्लाई की जाए। उन्होंने कहा की नाला रोड़ हिंदपीढ़ी में जो नाला का कार्य किया जा रहा है जो की बहुत धीरे-धीरे हो रहा जिसमें तेजी लाने की जरूत है।वहीं इससे नाला रोड के लोगों को परेशानी हो रही है।

# झारखंड के इस शहर में तोड़े जाएंगे 38 रेल आवास, बनेगी नई फोरलेन सड़क



**तापस बनर्जी, धनबाद।** धनबाद रेलवे स्टेशन के सामने से रांगाटांड़ चौक तक के सभी 38 रेल आवास तोड़े जाएंगे। इनमें दो अधिकारी आवास समेत 24 पत्थरकोठी व 12 टाइप-2 आवास शामिल हैं। आवासों को तोड़ने को लेकर इंजीनियरिंग विभाग ने सर्वे पूरा कर लिया है। रेल आवासों को तोड़ कर जमीन का समतलीकरण किया जाएगा, जहां स्टेशन रोड के पेट्रोल पंप के सामने से रांगाटांड़ तक नई फोरलेन सड़क बन कर तैयार होगी।

साथ ही मौजूदा आवासों के विकल्प के तौर पर रांगाटांड़ कालोनी के खाली जगहों पर 60 यूनिट नए रेल आवासों का निर्माण होगा। नए रेल आवासों के लिए दो अलग-अलग टावर का निर्माण होगा। बहुमंजिला रेल आवास टाइप-2 और टाइप-3 बनेंगे।

रांगाटांड़ कालोनी से प्रस्तावित नई फोरलेन सड़क का निर्माण पूरा होते ही मौजूदा स्टेशन रोड का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। स्टेशन रोड धनबाद स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया के दायरे में आ जाएगा। सर्कुलेटिंग एरिया को रेलवे नए सिरे से विकसित करेगी।

स्टेशन के अंदर प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग मार्ग बनेंगे। स्टेशन जानेवाले वाहन सीधे जाएंगे। जिन वाहनों को रांगाटांड़ की ओर जाना होगा, उन्हें नई फोरलेन सड़क से रांगाटांड़ पहुंचना होगा।

सोननगर से अंडाल तक मल्टी ट्रैकिंग योजना के तहत धनबाद होकर दो नई रेल लाइन बिछेंगी। इसके अलावा धनबाद-चंद्रपुरा वैकल्पिक रेल मार्ग के लिए भी धनबाद से मतारी तक नई रेल लाइन बिछेगी। तीन नई रेल लाइनें बिछाने के लिए धनबाद स्टेशन के मौजूदा भवन को आगे शिफ्ट करना होगा। यात्रियों की आवश्यकताओं के मद्देनजर नया स्टेशन का निर्माण होगा। इसे ध्यान में रख कर स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने का प्लान तैयार किया गया है। मौजूदा भवन के आगे शिफ्ट होने के कारण ही स्टेशन रोड को सर्कुलेटिंग एरिया के दायरे में लाया जाएगा।

धनबाद स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने की तैयारी अंतिम चरण में है। वर्ल्ड क्लास स्टेशन के तौर पर विकसित करने में लगभग 300 करोड़ खर्च होंगे। इस राशि से स्टेशन पर एयरपोर्ट सरीखे सुविधाएं विकसित की जाएंगी।इनमें प्रत्येक स्टेशन पर स्वचलित सीढ़ी व लिफ्ट, यात्रियों से जुड़ी सभी सुविधाएं एक साथ एक जगह पर उपलब्ध कराने जैसी योजना शामिल हैं।

## राष्ट्रपति के दौरे से पहले देवघर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद, प्रोटोकॉल के मुताबिक हो रही तैयारियां



**देवघर, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर 10 जून को देवघर आ रही हैं। उनके देवघर आगमन को लेकर जिला प्रशासन पुख्ता इंतजाम में जुट गया है। इसी कड़ी में बुधवार को डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और एसपी अजित पीटर डुंगडुंग ने समाहरणालय में प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

बैठक में डीसी नमन ने विधि-व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात व्यवस्था के अलावा रूटलाइन की व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों, कार्यपालक अभियंता और पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया। डीसी ने राष्ट्रपति की प्रस्तावित दो दिवसीय देवघर यात्रा के मद्देनजर उनके आवागमन वाले प्रस्तावित सभी मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था के अलावा सड़क की मरम्मत भी सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने प्रोटोकॉल के मुताबिक समय पर सभी तैयारियों को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने देवघर एयरपोर्ट, बाबा मंदिर, सर्किट हाउस व एम्स स्थित कार्यक्रम स्थल सहित सभी प्रमुख जगहों पर नोडल अधिकारी की तैनाती के अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आवागमन वाले मार्ग में व्यापक सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में डीसी-एसपी के अलावा नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, प्रभारी पदाधिकारी, बाबा वैद्यनाथ मंदिर सह एसडीओ देवघर, एसडीओ मधुपुर, सिविल सर्जन, एयरपोर्ट व एम्स के वरीय अधिकारी, उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण-11), पूर्वी रेलवे आसनसोल, एनडीसी, डीटीओ, डीपीआरओ, एसडीपीओ देवघर, डीएसपी यातायात, डीइओ, डीएस्य, भूमि सुधार उप समाहर्ता मधुपुर, डीएमओ, जिला सूचना विज्ञान पदधिकारी, डीएसओ, अवर प्रमंडल पदाधिकारी बीएसएनएल देवधर, स्टेशन प्रबंधक, जसीडीह देवघर बैद्यनाथधाम रेलवे स्टेशन, अग्निशमन पदाधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सहित सभी विभागों के कार्यपालक रा अभियंता, जिला अभियंता जिला देन परिषद, एपीआरओ, डीएमएफटी की में टीम व संबंधित अधिकारी व पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

### साहिबगंज में गंगा दशहरा पर मां गंगा की भव्य महाआरती, हर हर गंगे से गूंज उठा तट



**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड के साहिबगंज जिले में गंगा दशहरा के पावन अवसर पर राजमहल उत्तरवाहिनी गंगा की भव्य आरती की गयी। जानकारी के अनुसार, गुरुवार को जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव की ओर से बनारस की तर्ज पर भव्य गंगा महाआरती का आयोजन किया गया। इससे पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव ने गर्म घाट में मां गंगा की विशेष पूजन-अर्चना की और गंगा अभिषेक किया। इस दौरान गर्म घाट से मनिहारी गंगा घाट होते हुए मुक्तेश्वरधाम बिजली सीढ़ी गंगा घाट तक मां गंगा का दुग्ध अभिषेक किया गया, जिसमें हजारों लीटर दूध मां गंगा को अर्पित किया गया। गंगा आरती करने के लिए बनारस से पुरोहित आये थे। बनारस के 11 सदस्यी पुरोहित और शंख वादक ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ मां गंगा की विशेष पूजा-अर्चना की।

पूजा के समय मां गंगा को 21 लीटर दूध, 21 लीटर गुलाब जल, केवड़ा जल, ठंडाई, आम रस, गन्ने का रस, सौंप का जल, केसर जल, गुलाब रस, केवड़ा रस, पंच अमृत, 108 फल में आम, अनार, नारियल, केला, सेब, दही, पंचाअमृत, वस्त्र चढ़ाया गया। साथ ही 108 प्रज्वलित दीप दान गंगा में किया गया।

वहीं, 70 सदस्यी गंगा आरती की टीम में 11 पुरोहित व शंख वादक, 11 पुरोहित गंगा आरती, 25 डमरू वादक, 5 घड़ी घंट, 12 रिद्धि-सिद्धि शामिल थे, जिन्होंने मां गंगा की महाआरती की। इस दौरान जय मां गंगे व हर हर गंगे के जयकारा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। गंगा महाआरती देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु गंगा तट पर पहुंचे थे।

इस दौरान गंगा घाट और गंगा नदी से लगते मार्गों के मंदिरों को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। इस मौके पर मुख्य रूप से पंडित मनोज अग्रहरि पंडित कुणाल काल भैरव, आचार्य शुभम काल भैरव,एसडीपीओ किशोर तिर्की, अंचल अधिकारी बासुकीनाथ टुडू, थाना प्रभारी अमित गुप्ता, राहुल यादव, राजीव यादव जुलाई यादव ,शिव लखन यादव, योगी, यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# पूर्वी भारत का सबसे बड़ा केबल स्टे ब्रिज 'सिरम टोली फ्लाईओवर', क्यों कहा गया ऐसा

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अबुआ सरकार में राज्यवासियों को एक और फ्लाईओवर की सौगात दी। सीएम हेमंत ने 5 जून को पर्यावरण दिवस के अवसर पर विधिवत पूजा-अर्चना कर मेकॉन-सिरमटोली फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। यह ब्रिज रांची के लोगों को जाम की समस्या से निजात दिलायेगा। साथ ही शहर की यातायात व्यवस्था सुगम बनाने में भी सहायक होगा। इससे पूर्व अबुआ सरकार राज्य की जनता को कांटाटोली फ्लाईओवर का तोहफा दे चुकी है।

सिरमटोली फ्लाईओवर में रांची रेलवे लाइन व मौजूदा ओवरब्रिज के ऊपर केबल का उपयोग हुआ है। पहली बार झाररखंड में केबल का इस्तेमाल कर ब्रिज तैयार किया गया है। चूंकि, रेलवे व ओवरब्रिज के हिस्से में पिलर नहीं हो सकता था।

ऐसे में मलेशिया से 72 केबल मंगाये गये। इनमें से



36 केबल का इस्तेमाल रेलवे लाइन व 36 केबल का इस्तेमाल ओवरब्रिज के ऊपर किया गया है। हर केबल कवर्ड है। एक कवर्ड केबल में 55 केबल है। इसके सहारे ज्यादा से ज्यादा लोड वहन किया जा सकता है। लोड के मुताबिक केबल को टाइट किया जा सकता है। इसे पूर्वी भारत में रेलवे लाइन के ऊपर बना सबसे बड़ा केबल स्टे ब्रिज माना जा रहा है।

इस फ्लाइओवर के निर्माण में आधुनिक डिजाइन व तकनीक का इस्तेमाल हुआ है। एलएंडटी कंपनी को यह काम ईपीसी मोड में मिला था। ऐसे में डिजाइन में उसने जरूरत के मुताबिक मोडिफिकेशन भी किया। कंपनी ने कई विशेषज्ञों को यहां लाकर इसके निर्माण में सलाह ली। बुर्ज खलीफा के निर्माण में लगे इंजीनियर भी यहां निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस ब्रिज का निर्माण कुल 355।76 करोड़ रुपये से हुआ है, जिसकी लंबाई करीब 2।34 किमी है। इसका शिलान्यास 19 अगस्त 2022 को किया गया था।

यह ब्रिज कई मायनों में खास है। इस केबल ब्रिज के निर्माण में अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है। सड़क सुरक्षा के लिए प्री-कास्ट पाइर कैप और प्री-कास्ट ग्रिडर से ब्रिज का निर्माण किया गया है। साथ ही पुल की नींव के लिए मोनो-पाइल फाउंडेशन का इस्तेमाल हुआ है। यह हरमू नदी के ऊपर बना 94 मीटर लंबा एक्सट्रडोज्ड केबल-स्टे ब्रिज है। यह 42 मीटर ऊंचा है। यह फ्लाईओवर कार्तिक उरांव के नाम से जनता को समर्पित किया गया है।

### झारखंड के 7 विश्वविद्यालयों को मिले रजिस्ट्रार, जेपीएससी ने जारी किया इंटरव्यू का रिजल्ट

**रांची, एजेंसी।** राज्य के सात राजकीय विश्वविद्यालयों को लंबे समय बाद रजिस्ट्रार मिल गए हैं। झारखंड लोक सेवा आयोग ने गुरुवार को इन पदों पर नियुक्ति के लिए 29 मई को आयोजित साक्षात्कार का परिणाम जारी कर दिया। इसी के साथ आयोग ने नियुक्ति की अनुशंसा संबंधित विश्वविद्यालयों को कर दिया।

जेपीएससी द्वारा जारी किए गए परिणाम के अनुसार, बसंत कुमार झा रांची विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार पद के लिए चयनित किए गए हैं।

इसी तरह, विमल कुमार मिश्रा हजारीबाग स्थित विनोबा भावे विश्वविद्यालय, राधानाथ त्रिपाठी धनबाद स्थित विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, कुमारी अंजना जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय, नफीस अहमद पलामू स्थित नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, विक्रम शर्मा कोल्हान विश्वविद्यालय तथा राजीव रंजन शर्मा सिदो कान्हू विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार पद के लिए चयनित हुए हैं।

राजीव रंजन शर्मा रांची के मारवाड़ी कॉलेज के प्रोफेसर इंचार्ज हैं। बताते चलें कि आयोग ने इन पदों पर नियुक्ति के लिए 21 सितंबर 2023 को ही विज्ञापन जारी कर आवेदन मंगाए थे।

आयोग ने इन विश्वविद्यालयों में वित्त पदाधिकारी तथा परीक्षा नियंत्रक के लिए कम संख्या में योग्य अभ्यर्थी मिलने के कारण विज्ञापन रद कर दिया है। अब इन पदों के लिए नए सिरे से विज्ञापन जारी किया जाएगा।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 06-06-2025 21:45 Page 1



# उपायुक्त की अध्यक्षता में केन्द्रीय कारा समिति की बैठक

## जेल मैनुअल का पालन करते हुए सुनिश्चित करें सभी व्यवस्थाएं : उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू की उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में शुक्रवार को कारा सुरक्षा समिति की बैठक हुई। उपायुक्त के कार्यालय वेश्म में आयोजित बैठक में मेदिनीनगर केन्द्रीय कारा सुरक्षा से संबंधित एवं कारा में संसाधनों को बेहतर करने की दिशा में विचार-विमर्श हुआ। उपायुक्त ने मेदिनीनगर केन्द्रीय कारा में जेल मैनुअल के अनुरूप सुरक्षात्मक उपायों, मूलभूत सुविधाओं, स्वास्थ्य जांच, पेयजल, शौचालय, फायर सेफ्टी, फस्ट एंड किट की व्यवस्था, कैदियों व बंदियों से मुलाकाती पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया।



उन्होंने बंदियों के जीवन में सुधार हेतु आवश्यक सुविधाएं बेहतर करने का निर्देश दिया। कारा में सुरक्षा के दृष्टिकोण से कारा के सामने वाले मुख्य दीवार को और ऊंचा किए जाने व दीवार पर कटीले तार लगाए जाने का निर्णय लिया गया। वहीं पेयजलापूर्ति की समस्या के समाधान हेतु बोरिंग कराए जाने का निर्णय लिया गया।

कारा में अधिष्ठापित सुरक्षा उपकरणों के संचालन हेतु निर्बाध विद्युत आपूर्ति की आवश्यकता पर बल दिया गया। स्थानीय थाना द्वारा कारा के बाह्य परिसर में गश्ती बढ़ाने का निर्देश दिया गया, ताकि आसपास भी निगरानी की जा सके। कारा में हॉस्पिटल भवन का एक सप्ताह में रिपेयर करने का निर्देश भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को दिया गया।

बंदियों के नियमित स्वास्थ्य जांच को लेकर सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से कारा में चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति की गई है।

उपायुक्त ने प्रतिनियुक्त चिकित्सक को अपनी जिम्मेवारी समझते हुए कारा में उपस्थित रहकर कैदियों व बंदियों का नियमित स्वास्थ्य जांच करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने महिला वार्ड में महिला बंदियों के लिए महिला स्वास्थ्यकर्मियों एएनएम व जीएनएम की प्रतिनियुक्ति कर उनका स्वास्थ्य जांच करवाने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया।

# करंट से मिस्त्री की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीवान।** जिले के जीरादेई थाना क्षेत्र के खड़्गीरामपुर गांव में शुक्रवार को करंट की चपेट में आकर एक चापाकल मिस्त्री की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान भलुआ गांव निवासी वीरेंद्र प्रसाद खरवार के 34 वर्षीय पुत्र मुन्ना खरवार के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में अफरातफरी मच गई और परिजनों में कोहराम छा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुन्ना खरवार खड्गीरामपुर गांव में चापाकल लगाने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान वह चापाकल का पाइप उठाकर फिट कर रहा था, तभी वह पाइप अचानक ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के हाई वोल्टेज विद्युत तार से छू गया। पाइप के तार से संपर्क में आते ही मुन्ना को जोरदार करंट लगा और वह मौके पर ही गिर पड़ा। मौके पर मौजूद अन्य मिस्त्रियों और ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उसे पाइप से अलग किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना के सब-इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार सदर अस्पताल पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# बकरीद को लेकर उपायुक्त और एसपी ने किया फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़कागांव, हजारीबाग ।** बड़कागांव प्रखंड में बकरीद त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर प्रशासन की ओर से तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। शुक्रवार को हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल के साथ बड़कागांव में फ्लैग मार्च कर शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने के लिए लोगों को संदेश दिया है। इस दौरान बड़कागांव थाना रोड ,बड़कागांव मुख्य चौक, अंबेडकर मोहल्ला, पंडित मोहल्ला, होते हुए मुस्लिम मोहल्ला व ठाकुर मोहल्ला तक फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान थाना परिसर में डीसी और एसपी ने बड़कागांव के एसडीपीओ पवन कुमार एवं थाना प्रभारी नेमधारी रजक से प्रखंड में विधि व्यवस्था को लेकर जानकारी प्राप्त किया। वहीं कई विशेष निर्देश भी दिया गया



जिसमें समाज को गंदा करने वाले शरारती तत्वों और सोशल मीडिया में भड़काऊ मैसेज डालने वालों पर नजर रखने की विशेष हिदायत दी गई है । ताकि प्रखंड में त्योहार के दिन किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं घटे और शांतिपूर्वक त्यौहार संपन्न हो सके। बताते चलें कि बकरीद त्यौहार को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से मस्जिद, संवेदनशील गांवों, चौक चौराहे पर मजिस्ट्रेट के साथ भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए हैं। ताकि शांतिपूर्वक बकरीद का त्योहार संपन्न हो सके। मौके पर मुख्य रूप से एसडीओ बैजनाथ कामति, एसडीपीओ पवन कुमार ,बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल,सीओ मनोज कुमार थाना प्रभारी नेमधारी रजक, डाड़ीकला थाना प्रभारी पिंटू कुमार के अलावा कई पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# नामांकन को ले जिला अनुमोदन समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** आज समाहरणालय स्थित सभागार में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय खूंटी, अड़की, रनिया, मुरहू, कर्रा एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय तोरपा में छात्राओं के नामांकन से संबंधित जिला अनुमोदन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त आर. रॉनिटा ने की। बैठक में सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, संबंधित विद्यालयों की वॉर्डन एवं समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान समिति द्वारा नामांकन के लिए प्राप्त आवेदनों की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा उपरांत समिति ने सर्वसम्मति से योग्य छात्राओं के नामांकन हेतु आवेदनों को अनुमोदित किया। यह निर्णय विद्यालयों में समय पर शत-प्रतिशत योग्य छात्राओं के नामांकन को सुनिश्चित करने तथा आगामी शैक्षणिक सत्र में पठन-पाठन को व्यवस्थित रूप से प्रारंभ कराने की दृष्टि से लिया गया। उपायुक्त ने कहा कि विद्यालयों में कोई भी सीट खाली ना रहे, सभी योग्य बच्चों का नामांकन हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

इसके अतिरिक्त बैठक में कुछ विद्यालय परिसरों की चाहरदीवारी की मरम्मत की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने इस संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# अपने निर्धारित रूट का आटो चालक महासंघ से कराएं पंजीकरण : राकेश सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू) ।** झारखंड प्रदेश सीएनजी डीजल ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश महासचिव राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पलामू जिला अंतर्गत सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से चलने वाली ऑटो चालकों के बीच सड़क सुरक्षा अभियान के तहत बैठक हुई।

इसमें मेदिनीनगर नगर आयुक्त व पलामू जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों की जानकारी आटो चालकों को दी गई। सभी ऑटो का रूट मार्ग पंजीकरण कराया गया। सैकड़ो ऑटो में रूट मार्ग स्टीकर अलग-अलग रंगों में चिपकाए गए।

मौके पर राकेश सिंह ने कहा कि महासंघ ने सभी रूटों में स्टिकर का रंग सुनिश्चित कर स्टिकर का पंजीकरण किया गया है। इसमें रूट पंजीकृत ऑटो मालिक व चालकों का विस्तृत डाटा जैसे नाम व पता आदि पंजीकृत किया जा रहा है। इससे आने वाला समय में महासंघ व जिला प्रशासन के पास सभी पर परिचालन हो रहे ऑटो का डाटा रिकॉर्ड देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सभी पंजीकृत ऑटो चालकों का महासंघ द्वारा निःशुल्क 2 लाख रुपए का बीमा की सुविधा मुहैया करा रहा है।



ऐसे ऑटो चालकों के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बाद महासंघ द्वारा बीमा की राशि मुहैया कराई जाएगी। राकेश कुमार सिंह ने कहा कि रूट मार्ग पंजीकृत हो जाने के कारण बहुत से लाभ ऑटो चालक व यात्रियों को प्राप्त होगा। यात्रियों के समान छूट जाने के कारण काफी परेशानी उठानी पड़ती है। छूटे हुए सभी ऑटो चालक 15 जून तक अपने -अपने रूट का पंजीकरण कराएं व अपने ऑटो पर महासंघ द्वारा निर्गत स्टीकर अवश्य चिपकाएं। इससे कई तरह की समस्याओं से निजात पाया जा सके। कहा कि सभी ऑटो चालक सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें। सड़क पर इधर-उधर गाड़ी खड़ा नहीं करें। एकाएक गाड़ी को नहीं रोकें। अपना आई कार्ड अपने पास रखें। शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाएं। सभी ऑटो चालक साल में एक बार रक्तदान अवश्य करें। रक्तदान महादान होता है।किसी भी तरह का समस्या उत्पन्न होने पर महासंघ को अभिलंब सूचना दें। मौके पर पलामू अध्यक्ष रमाकांत दुबे, विवेक सिंह, असीम अंसारी सहित संघ के कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

# सड़क हादसे में मौत, लोगों का हंगामा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लखीसराय।** जिले के सिकंदरा मुख्य मार्ग पर मातासी गांव के समीप शुक्रवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान महरत गांव निवासी बिनोद मांझी के 26 वर्षीय पुत्र पंकज मांझी के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, पंकज मांझी अपने कार्य स्थल से छुट्टी लेकर कपड़े खरीदने के लिए सिकंदरा जा रहे थे। इसी दौरान जैसे ही वह मातासी गांव के पास पहुंचे, सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

घटना की खबर फैलते ही स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। गुस्साए लोगों ने लखीसराय-सिकंदरा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। करीब एक घंटे तक जाम रहने से इस मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा।

सूचना मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी अर्पित आनंद और हलसी थानाध्यक्ष राजीव रंजन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया और परिजनों को हरसंभव सहायता व न्याय का आश्वासन दिया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। साथ ही अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है ताकि टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान की जा सके।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक के परिवार को मुआवजा देने और दोषी वाहन चालक को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है।

# निलंबित दारोगा और एसटीएफ के बीच मुठभेड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में एसटीएफ और निलंबित दारोगा के बीच मुठभेड़ के दौरान भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस का कहना है कि कई राउंड फायरिंग भी हुए। घटना समस्तीपुर जिला अंतर्गत मोहिउद्दीननगर थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गंगा दियारा का है, जहां एसटीएफ और समस्तीपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि निलंबित अरकसरोज सिंह के घर से 1. ए०के० 47, मैगजीन, 18 जिंदा कारतूस, एक इन्सास रायफल, 4 मैगजीन, 70 जिंदा कारतूस, एक कारबाईन, एक मैगजीनम, जिंदा कारतूस-12, एक 306 रायफल, 45 जिंदा कारतूस, चार खोखा, एक दुनाली रायफल बैरल, लगभग 01 करोड़ 10 लाख का जमीन का दस्तावेज, एक बुलेट, एक एप्पल आई फोन, एक सैमसंग फोन और 22 मुहर बरामद हुए हैं।

शुक्रवार की अहले सुबह बिहार पुलिस के निलंबित एएसआई सरोज सिंह उर्फ निमकी सिंह के घर पर पुलिस पहुंची। लेकिन पुलिस को देखते ही सरोज सिंह के समर्थकों ने पुलिस टीम पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। फायरिंग करते ही एसटीएफ ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की। इस दौरान दोनों तरफ से कई राउंड फायरिंग हुई। अचानक हुए इस फायरिंग से गांव में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। हालांकि एसटीएफ ने सरोज सिंह को गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ की इस कार्रवाई के बीच पुलिस ने माइकिंग करते हुए लोगों को घरों में रहने की हिदायत दी। साथ ही एसटीएफ ने घोषणा करते हुए मोबाइल से किसी प्रकार का फोटो या वीडियो लेने से भी मना किया।

इस संबंध में एसटीएफ ने बताया कि मोहद्दीनगर थानान्तर्गत सुल्तानपुर के प्रिंस मुखिया और नवीन सिंह को जान से मारने की धमकी मिली थी। इसी बात को लेकर जब जांच शुरू हुई तब जांच के दौरान यह पाया गया कि उनके विरूद्ध पूर्व से 09 आपराधिक मामलें दर्ज हैं। तदोपरांत इस आसूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रळऋकी विशष टीम एवं समस्तीपुर जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कुख्यात सरोज सिंह एवं उसके अन्य सहयोगी अपराधकर्मी पकड़े गये एवं अवैध आग्नेयास्त्र तथा अन्य सामान बरामद किया गया। आरोपी सरोज सिंह समस्तीपुर जिला के मोहद्दीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सुल्तानपुर पूरब निवासी त्रिपुरारी सिंह का पुत्र है। पुलिस ने उसके साथ-साथ उसी के गांव के स्व० अनिरुद्ध सिंह के पुत्र परशुराम सिंह, परशुराम सिंह के पुत्र विश्वजीत सिंह, मोहनपुर थाना क्षेत्र के जलालपुर निवासी राम पदार्थ यादव के पुत्र मुन्ना यादव और बेगूसराय जिले के बछवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत भूथरी गांव निवासी रामानंद राय के पुत्र निशांत कुमार को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

# खूंटी के जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित सभागार में मतदान केंद्रों के रेशनेलाइजेशन एवं आइडेंटिफिकेशन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में यह निर्देश दिया गया कि यदि किसी मतदान केंद्र में एमएफ (मिनिमम फैसिलिटी) की सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो वहां आवश्यकतानुसार सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही, जिन क्षेत्रों में मतदान केंद्रों की दूरी अधिक है, वहां अतिरिक्त मतदान केंद्र स्थापित करने की दिशा में आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई करने को भी कहा गया।

मतदान केंद्र तक पहुंचने वाले रास्ते यदि जर्जर अवस्था में हैं, तो उनके मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिया गया। इसके अतिरिक्त, मतदाता सूची की सूक्ष्मता से जांच करने के लिए भी निर्देशित किया गया। बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में नईटांड की टीम विजयी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड के बिगहा बाजार महराजगंज में लड्डू गोपाल टेंट हाउस के प्रोपराइटर संजीव कुमार एवं अशोक कुमार द्वारा डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया।

फाइनल मैच में जय हिन्द क्लब नईटांड करियातपुर तथा गुरु एलेवेन कोरियाडीह चौपारण टीम के बीच हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य रूप उपस्थित हुए।

उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार व ट्राफी दे कर सम्मानित किया।मैच 8-8ओवर का था। दोनों टीमों के बीच टास हुई जिसमें गुरु एलेवेन ने टास जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी नईटांड की टीम ने निर्धारित 8 ओवर में 83 रन बनाई वहीं जवाबी पारी खेलते हुए कोरियाडीह चौपारण के गुरु एलेवेन की टीम ने निर्धारित 8 ओवर में मात्र 67 रन पर ही सिमट गई। मुख्य अतिथि विधायक मनोज कुमार यादव ने विजेता टीम को नगद 30 हजार तथा ट्राफी तथा उपविजेता टीम को 11 हजार नगद तथा ट्राफी देकर सम्मानित किया वहीं मैन ऑफ द मैच शशि कुमार यादव को दिया गया।

इस अवसर पर विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि खेल से मानसिक और शारीरिक विकास होता है तथा आपसी भाईचारे का भी बढ़ावा मिलता है।समय समय पर ऐसे आयोजन करने को कहा।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/678, दिनांक 04.06.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं : **निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3414-आर1, कार्य का नाम** :1) एबीएसएस के तहत डानकुनी में पॉर्च और आंतरिक कार्यों के साथ सामने के फसाड (अग्रभाग) के विकास, सर्कुलेटिंग एरिया और पार्किंग एरिया के विकास सहित भवन के भूतल को पूरा करने के लिए विद्युत सामान्य कार्य। 2) एबीएसएस के तहत बाली में सामने के फसाड (अग्रभाग) और पॉर्च के पुनर्विकास, आंतरिक कार्य, बुकिंग कार्यालय, मौजूदा भवन के शौचालय और प्रतीक्षालय, सर्कुलेटिंग एरिया के विकास के लिए विद्युत सामान्य कार्य। 3) वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा की शाखा में अमृत स्टेशन स्कीम के तहत सेवड़ाफुली स्टेशन के वाणिज्यिक भवन के भूतल के शेष भाग को पूरा करने, इंटीरियर, सर्कुलेटिंग एरिया के विकास के लिए विद्युत सामान्य कार्य। 4) वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा की शाखा में अमृत स्टेशन स्कीम के तहत चंदननगर स्टेशन पर सामने के फसाड और पॉर्च के विकास एवं बुकिंग कार्यालय, शौचालय और प्रतीक्षालय के आंतरिक विकास और अन्य सहायक कार्यों के लिए विद्युत सामान्य कार्य। 5) डीईएन/3/हावड़ा की शाखा में अमृत स्टेशन स्कीम के तहत अंबिकाकालना स्टेशन पर मुख्य प्रवेश भवन और द्वितीय प्रवेश भवन के भूतल के विकास के साथ-साथ फसाड (अग्रभाग) और पॉर्च के विकास एवं आंतरिक कार्यों के साथ-साथ सर्कुलेटिंग एरिया और पार्किंग एरिया के विकास के लिए विद्युत सामान्य कार्य। 6) वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा की शाखा में अमृत स्टेशन स्कीम के तहत तारकेश्वर पर स्टेशन भवन (भूतल) के विस्तारित हिस्से के शेष कार्य को पूरा करने और गुंबद संरचना, पॉर्च के साथ सामने के फसाड के विकास सहित स्टेशन भवन और पिलग्रिम शेड के बीच संयोजन, स्टेशन भवन के बुकिंग कार्यालय, शौचालय और प्रतीक्षालय के आंतरिक विकास और मौजूदा स्टेशन भवन के अन्य सहायक कार्य के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 2,84,39,279/-, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा)**: रु. 2,92,200/-, **समापन अवधि:** 180 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 26.06.2025 को 15.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिवस को निविदाएँ ऑनलाइन खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें।

HWH-125/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# भाजपा की जिला कार्यशाला संपन्न

## प्रधानमंत्री के 11 वर्ष के शासनकाल में किए गए कार्यों से जनता को अवगत कराना उद्देश्यः गणेश मिश्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** आज भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग जिला इकाई का कार्यशाला स्थानीय सांसद के संसदीय कार्यालय में जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा जी उपस्थित थे। कार्यशाला में विषय प्रवेश कार्यक्रम संयोजक सुदेश चंद्रवंशी द्वारा किया गया।संचालन जिला मंत्री जय नारायण प्रसाद व कुणाल किशोर एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष रेणुका साहू द्वारा की गई।





प्रधानमंत्री के 11 वर्ष के शासनकाल में जनकल्याण के क्षेत्र में किए गए कार्यों को जनता के बीच जाकर वास्तविक स्थिति से अवगत करना। ताकि विपक्षी पार्टी जनता के बीच जो भ्रम की स्थिति पैदा कर रही है ,उसे समाप्त किया जा सके। इसी नामित हजारीबाग जिला के सभी मंडलों में संकल्प सभा 12 से 14 जून तक किया जाना है। साथ ही 25 जून1975 को जिस तरह से तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लोकतंत्र की हत्या कर तानाशाह का उपयोग कर इमरजेंसी लगाया गया था। उससे भी जनता को अवगत किया जाना है।

कार्यशाला में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, सुदेश चंद्रवंशी ,केपी ओझा ,टुन्नू गोप, दामोदर सिंह, रेणुका साहू ,जयनारायण प्रसाद ,कुणाल किशोर दुबे ,राजकरण पांडे, इंद्र नारायण कुशवाहा ,महेंद्र बिहार, अजीत चंद्रवंशी ,शेफाली गुप्ता, मनमीत अकेला ,नारायण यादव ,विजय वर्मा ,अजय साहू ,कृष्णा मेहता ,विवेक बैरियर, खेमलाल महतो ,प्रकाश कुशवाहा ,अजीत बक्शी ,किशोर मंडल ,अनिल मेहता ,कैलाशपति सिंह, सुखदेव राजवार ,अरुण राणा ,अशोक यादव ,ऋषि शर्मा मनीष पांडे किशोर राणा ,नरसिंह प्रसाद ,सेवंती कुमारी ,मंजू नंदिनी ,सुमन कुमारी, महावीर सिंह, नारायण साव ,कुलदीप कृष्णा ,कमल साव ,पूनम कसेरा, रिंकी विश्वकर्मा सुषमा श्रीवास्तव यदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे ।उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मंत्री जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

# हथियार फैक्ट्री का उद्भेदन

**बेगूसराय।** जिले में अवैध हथियार निर्माण के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान में दो मिनी गन फैक्ट्रियों का भंडाफोड़ किया गया है। इस कार्रवाई में भारी मात्रा में अर्धनिर्मित हथियार, हथियार निर्माण में प्रयुक्त मशीनें व सामग्री बरामद की गई है। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। यह विशेष छापेमारी जमालपुर, कासिम बाजार और मुफस्सिल थाना क्षेत्र में की गई। जमालपुर थाना क्षेत्र के रामपुर बस्ती में छापेमारी कर पुलिस ने दो मिनी गन फैक्ट्रियों का पदार्फाश किया और तीन आरोपियों ब्रजेश कुमार सिंह उर्फ कारो सिंह, रवि कुमार उर्फ रवि शर्मा और रेहान उर्फ बिट्टू कुमार को गिरफ्तार किया।


**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**ई-निविदा सं. 25_2025-26 (खुली निविदा) के संबंध में शुद्धिपत्र जो कि वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (एच.क्यू.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा पूर्व में प्रकाशित की गई थी। उक्त निविदा में एक शुद्धिपत्र निम्नानुसार जोड़ा गया हैः निविदा कागजात में "सिगनल एवं टेलीकम के तकनीकी स्पेसिफिकेशन (अनेक्सर ऑर्थो स्विच एएमडी)"। उक्त निविदा सूचना के सभी अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।**

HWH-126/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार हैः**

**ई-नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन-एमएसएस-19-06**

**नीलामी की कैटेगरीः** एमआईएससी. स्टैटिक सर्विसेस (एमएसएस)। **नीलामी शुरू होने की तिथि और समयः** दिनांक 19.06.2025 को 12.00 बजे। **स्टेशन/स्थान का नाम/ट्रेन नं. एवं एसएलआरः i) मेडिकल स्टोरः** अण्डाल और सिउड़ी स्टेशनों पर। **ii) सलोन सर्विसेस** : पानागढ़, उखड़ा, पाण्डबेश्वर और दुबराजपुर स्टेशनों पर। **iii) रिलैक्सेशन चेयर-** अण्डाल स्टेशन पर। **कुल 07 परिसंपत्तियांः मेडिकल स्टोर : 02, सलोन सर्विसेसः 04, रिलैक्सेशन चेयरः 01,** सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि दी गई सूची के अनुसार संपूर्ण विवरण एवं उक्त ई-नीलामी में भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

ASN-70/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# किसानों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा नवगठित एफपीओ : प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** सहकारिता मंत्री डा. प्रेम कुमार ने शुक्रवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से 100 नवगठित किसान उत्पादक संगठनों तथा 77 पूर्व से निबंधित किसान उत्पादक संगठनों के साथ बैठक कर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में ज्ञात हुआ कि 100 नवगठित में से 66 में सदस्य संख्या 300 से अधिक हो गई है तथा सभी समितियों में बेस लाइन सर्वे का काम पूर्ण कर लिया गया है। इस समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि सहकारिता विभाग द्वारा किसानों के हित में निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। नवगठित एफपीओ राज्य के किसानों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। 66 एफपीओ में सदस्य संख्या 300 से अधिक हो जाने पर उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग के स्तर से किसानों की पहुंच बाजारों तक आसान बनाने हेतु एफपीओ को हर सुविधा देकर बढ़ावा दिया जाएगा। डा. कुमार द्वारा सभी समितियों से अनुरोध किया गया कि वे अधिक से अधिक संख्या में सदस्यों को एफपीओ के साथ जोड़े तथा स्थानीय संसाधनों के हिसाब से व्यवसाय के लिए तैयार कर बैंकों को समर्पित करें ताकि उनका वित्त पोषण किया जा सके। बिहार राज्य सहकारी बैंक द्वारा बताया गया कि सभी किसान उत्पादक संगठन में प्रबंधक एवं लेखापाल की नियुक्ति 15 जून 2025 तक कर ली जायेगी। समीक्षा के क्रम में किसान उत्पादक संगठन द्वारा मंत्री को क्षेत्र में आ रही समस्याओं से अवगत कराया गया तथा अनुरोध किया गया कि खाद-बीज का लाइसेंस निर्गत करने के लिए कृषि विभाग के पदाधिकारियों को विभाग की ओर से निर्देशित किया गया। इस बैठक में संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियां ललन शर्मा एवं बिहार राज्य सहकारी बैंक के महाप्रबंधक श्री श्रीन्द्र नारायण उपस्थित रहे।

# लालू राज में राहुल गांधी बिहार आते तो उनका अपहरण हो सकता था : जीतनराम मांझी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बिहार दौरे पर तंज कसते हुए हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा कि अगर वह लालू यादव के शासनकाल में इस तरह बार-बार बिहार आते तो उनका अपहरण हो सकता था। मांझी ने यहां तक कहा कि उन्हें छुड़ाने के लिए सोनिया गांधी को मुख्यमंत्री निवास पर डील करनी पड़ती। सोशल मीडिया अकाउंट एक्स के जरिये एक पोस्ट शेयर करते हुए जीतन राम मांझी ने लिखा है कि बिहार के सुशासनी सरकार में राहुल गांधी स्वागत है। अब बिहार वैसा नहीं है जो लालू प्रसाद यादव जी और गांधी परिवार ने 20 साल पहले छोड़कर हमें दिया था। अब दूसरे राज्य के लोग यहां आने से नहीं डरते। ये नया बिहार है जहां राहुल गांधी जी बेफिक्र होकर बार-बार आते हैं, भयमुक्त वातावरण में यात्रा करते हैं और सुरक्षित वापिस चले जाते हैं। लालू जी के शासनकाल में राहुल गांधी जी बिहार आते तो इनका अपहरण भी हो सकता था और उन्हें अपहर्ताओं के चंगुल से मुक्त कराने के लिए सोनिया गांधी जी को मुख्यमंत्री निवास में लालू जी सहित बाक़ी अपराधियों के साथ डील करनी पड़ती।

# राहुल गांधी के गया जाने से कांग्रेस को मिल जाएगा मोक्ष : दिलीप जायसवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 20 जून को सीवान दौरे को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा करने प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शुक्रवार को सीवान के लिए रवाना हुए। वे स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर पीएम मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी लेंगे। पटना से सीवान रवाना होने से पहले दिलीप जायसवाल से जब मीडिया ने राहुल गांधी की बिहार यात्रा और कांग्रेस की रणनीति को लेकर सवाल पूछा, तो उन्होंने कहा कि मैं पहले ही कह चुका हूं कि राहुल गांधी जहां जाते हैं, वहां कांग्रेस का और ज्यादा पतन होता है। उन्होंने कहा कि अगर वो गया जाएंगे तो कांग्रेस को वहीं मोक्ष मिल जाएगा। उन्होंने अपने अंदाज में राहुल गांधी की राजनीतिक प्रभावशीलता पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस अब नीतियों से नहीं, भ्रम फैलाकर लोगों को बहलाने की कोशिश कर रही है। दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के इस दौरे से सीवान और आसपास के क्षेत्रों में विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री की सभा को ऐतिहासिक बनाएं और पार्टी की मजबूती का संदेश दें। पार्टी सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दौरा आगामी विधानसभा चुनाव 2025 की रणनीति का अहम हिस्सा है और कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारियां तेज हो गई हैं।

# समर कैम्प में बच्चों के मम्मी-पापा ने भी किया योग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन के तत्वावधान एवं कला जागरण के सहयोग से दादी मंदिर में बच्चों के लिए चलाये जा रहे समर कैम्प में आज बच्चों के मम्मी, पापा को भी बुलाया गया। योग प्रशिक्षिका रीना कुमारी ने आज मम्मी-पापा को भी योग कराया। योग के बाद महिला अध्यक्ष डॉ गीता जैन ने मम्मी-पापा से बच्चों के बारे में बात करते हुए बताया कि उन्हें स्कूल के टिफिन में घर का बना हुआ खाना हीं दें। यही खाना उनका संतुलित आहार होता है। शुरुआत योग कला में एमए रीना कुमारी ने बच्चों को प्राणायाम एवं योग आसन सीखा कर किया। बच्चों ने गायत्री मंत्र भी पढ़ा। मौके पर शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि समर कैंप में उन्हें सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही है। आज वरिष्ठ रंगमंच निदेशक सुमन कुमार ने बच्चों को नाटक ठग ठगे गए का अभ्यास कराया। साथ हीं रंगमंच कलाकार रणविजय कुमार ने बच्चों को कला की बारीकियां बताई। कैम्प में बच्चों ने निभा कुमारी से घर सजाने के लिए विभिन्न चीजें बनाने के गुर सीखें तथा बनाया। इस अवसर पर अग्रवाल सम्मेलन के महामंत्री अक्षय अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को गर्मी में परेशानी नहीं हो इसके लिए सम्मेलन उनका ध्यान रख रही है। अग्रवाल महिला सम्मेलन की तनुजा अग्रवाल भी लगातार कैंप में बच्चों को अपना सहयोग दे रही हैं। एमपी जैन ने बताया कि समर कैम्प को सफल बनाने में अमर अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, एम पी जैन, निर्मल अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, रानी सिंह, रविशंकर उपाध्याय, अभिषेक जैन, सुनैना सिंह एवं कला जागरण के रोहित कुमार आदि सक्रिय थे।

# अनावश्यक व अकारण आवेदनों को नहीं करें रिजेक्ट : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी की अध्यक्षता में शुक्रवार को मुजफ्फरपुर समाहरणालय सभागार में राजस्व से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई तथा आवश्यक निर्देश दिया गया। उन्होंने अधिकारियों को जनता के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं जवाबदेही से निश्चित समयावधि में विभागीय प्रावधान एवं नियमों के अनुरूप निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में म्यूटेशन, परिमार्जन प्लस, दाखिल-खारिज, लगान वसूली, ई-मापी, अभियान बसेरा-2, सरकारी भूमि का म्यूटेशन, जनशिकायत सहित कई अन्य कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान ओवरऑल अधिकतर सूचकांकों में मुसहरी, कुढ़नी एवं औराई अंचल का प्रदर्शन असंतोषजनक पाया गया। मंत्री ने कार्य संस्कृति में सुधार लाने तथा विभागीय दिशा निर्देश के अनुरूप लंबित आवेदनों का नियमानुकूल अविलंब निष्पादन करने का निर्देश दिया। जबकि पारु अंचलाधिकारी की कार्यप्रणाली, उपलब्धि, स्टेट रैंकिंग में बेहतर स्थान को सराहनीय बताते हुए अन्य अंचल के अंचलाधिकारी एवं राजस्व अधिकारी को अनुकरण करने को कहा गया ताकि सभी अंचल के कार्य की गुणवत्ता एवं निष्पादन में अपेक्षित सुधार हो। बैठक में मंत्री द्वारा म्यूटेशन मामलों की अंचलवार प्राप्त आवेदन, निष्पादित आवेदन, लंबित आवेदन की समीक्षा की गई तथा न्यून प्रदर्शन करनेवाले अंचल को पूरी जवाबदेही से अविलंब सुधार लाने तथा प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी अंचलाधिकारी को अनावश्यक एवं अकारण रूप से आवेदन को रिजेक्ट एवं रिवर्ट नहीं करने को कहा। इसके लिए आवेदक को बांछित कागजात की विधिवत सूचना देने तथा आवेदन रिजेक्ट करने से पूर्व आवेदक से समन्वय करने को कहा। साथ ही हल्का अथवा राजस्व कर्मचारी संबंधित आवेदक से बात करें तथा उनके आवेदन में जो भी कमी हो उसे बता कर आवेदन को सही करायें। इससे रिजेक्शन में भी कमी आएगी और आवेदनों का निष्पादन भी जल्द होगा। बैठक में अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, सचिव गोपाल मीणा, जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, संयुक्त सचिव आजीव वत्सराज, अपर समाहर्ता संजीव कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अशोक कुमार गुप्ता, सभी अंचलाधिकारी, सभी राजस्व अधिकारी सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पीएम मोदी व सीएम नीतीश पर दलितों और अतिपिछड़ों को भरोसा : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा कि कांग्रेस-राजद गठजोड़ की डेढ़ दशक की सरकार में 113 से अधिक छोटे-बड़े नरसंहार हुए, जिनमें दलित गाजर-मूली की तरह काटे गए थे। यह वही दौर था जब राजद के हर कुकृत्य में सरकार में शामिल कांग्रेस बराबर की भागीदार थी। श्री सुमन ने कहा कि जब लालू यादव अतिपिछड़ों को 'पंचफोरना' कह कर अपमानित करते और दलितों को धक्का देकर मंच से नीचे उतरते थे तो उनके बगल में बैठे कांग्रेसी नेता ताली बजाते थे। यह वह दौर था जब राजनीति के नव सामंत लालू यादव के बराबर या सामने बैठने की दलितों की हिम्मत नहीं थी। उन्होंने कहा कि 1995 में लालू प्रसाद के पक्ष में बैलेट बॉक्स से निकलने वाला अतिपिछड़ों का 'जिन्न' उनकी प्रताड़ना से परेशान होकर ही 2005 के बाद पूरी तरह से एनडीए के पाले में आ गया। राजद-कांग्रेस के लोगों को 15 साल का मौका मिला तो अतिपिछड़ों को अपमानित व दलितों को नरसंहारों की भेंट चढ़ाने का काम किया। श्री सुमन ने कहा कि आज अतिपिछड़ों का भरोसा पूरी तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ है। बिहार का दलित व अतिपिछड़ा समाज आज भी अपने अपमान के उन 15 सालों को नहीं भूला हैं, जब सत्ता में बैठे लोगों द्वारा उन्हें दोयम दर्जे का समझा जाता था। राहुल गांधी के झांसे व फरेब में दलित व पिछड़े नहीं आने वाले हैं।

# ईदगाह आगरा में होगा तीन जोड़ी ट्रेनों का ठहराव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल से खुलने वाली 03 जोड़ी ट्रेनों का ठहराव आगरा फोर्ट के बजाए ईदगाह आगरा जं. में किया जा रहा है। इस क्रम में 30 जुलाई को राजेन्द्रनगर से खुलने वाली गाड़ी सं. 12395 राजेन्द्रनगर-अजमेर जियारत एक्सप्रेस आगरा फोर्ट के बजाए ईदगाह आगरा जं. में रुकेगी। यह ट्रेन 07.35 बजे ईदगाह आगरा जं. पहुंचेगी तथा 07.40 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। 1 अगस्त को अजमेर से खुलने वाली गाड़ी सं. 12396 अजमेर-राजेन्द्रनगर जियारत एक्सप्रेस आगरा फोर्ट के बजाए ईदगाह आगरा जं. में रुकेगी। यह ट्रेन 08.35 बजे ईदगाह आगरा जं. पहुंचेगी तथा 08.45 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। 30 जुलाई को पटना जं. से खुलने वाली गाड़ी सं. 12948 पटना-अहमदाबाद अजीमाबाद एक्सप्रेस आगरा फोर्ट के बजाए ईदगाह आगरा जं. में रुकेगी। यह ट्रेन 12.40 बजे ईदगाह आगरा जं. पहुंचेगी तथा 12.45 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। 30 जुलाई को अहमदाबाद से खुलने वाली गाड़ी सं. 12947 अहमदाबाद-पटना अजीमाबाद एक्सप्रेस आगरा फोर्ट के बजाए ईदगाह आगरा जं. में रुकेगी। यह ट्रेन 12.40 बजे ईदगाह आगरा जं. पहुंचेगी तथा 12.50 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। 31 जुलाई को मुजफ्फरपुर से खुलने वाली गाड़ी सं. 15269 मुजफ्फरपुर-साबरमती जनसाधारण एक्सप्रेस आगरा फोर्ट के बजाए ईदगाह आगरा जं. में रुकेगी। यह ट्रेन 16.45 बजे ईदगाह आगरा जं. पहुंचेगी तथा 16.50 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। वहीं 02 अगस्त को साबरमती से खुलने वाली गाड़ी सं. 15270 साबरमती-मुजफ्फरपुर जनसाधारण एक्सप्रेस आगरा फोर्ट के बजाए ईदगाह आगरा जं. में रुकेगी। यह ट्रेन 09.30 बजे ईदगाह आगरा जं. पहुंचेगी तथा 09.35 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

# राहुल गांधी पर बरसे सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राज्य सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बार-बार हो रहे बिहार दौरे पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने राहुल गांधी पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जिन्होंने अपने शासनकाल में जननायक कर्पूरी ठाकुर जैसे नेताओं को सम्मान नहीं दिया, वे आज अतिपिछड़ों के सम्मान की बातें कर रहे हैं। यह सिर्फ दिखावा है, सच्चाई से इसका कोई लेना-देना नहीं। डॉ. प्रेम कुमार ने कांग्रेस पर पिछड़ों और अतिपिछड़ों के शोषण का आरोप लगाते हुए कहा कि आपके परिवार के 50 वर्षों के शासन में न तो मंडल आयोग को समर्थन मिला और न ही पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्ज़ा। अब अचानक दलितों, पिछड़ों और महिलाओं की चिंता क्यों सताने लगी है? उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस ने वाकई पिछड़े वर्गों के लिए कोई कार्य किया होता तो राहुल गांधी के पास उसकी सूची जरूर होती। उन्होंने कहा कि आपकी सरकार में बाबू जगजीवन राम को सिर्फ अनुसूचित जाति से होने के कारण प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया गया। यह वही बिहार है जहां आपके सहयोग से अपहरण उद्योग फला-फूला, उद्योग-धंधे बंद हो गए और कानून-व्यवस्था रसातल में चली गई थी। कांग्रेस के 'माई-बहन' कार्यक्रम पर तंज कसते हुए डॉ. कुमार ने कहा कि राहुल गांधी की सभाओं में वही लोग मंच साझा कर रहे हैं जिन पर महिलाओं की अस्मिता से खेलने के गंभीर आरोप हैं। ऐसे में माई-बहनों की सुरक्षा की बात करना महज एक चुनावी छलावा है। बिहार की महिलाएं अब जागरूक हैं और उन्हें फिर से अराजकता की ओर धकेलने का षड्यंत्र कभी कामयाब नहीं होगा। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार अब डबल इंजन की सरकार के नेतृत्व में विकास की पटरी पर दौड़ रहा है और जनता एक बार फिर एनडीए के साथ खड़ी है।

# सोनालिका ट्रैक्टर्स ने मई में की सर्वाधिक 14,213 ट्रैक्टरों की बिक्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सोनालिका ट्रैक्टर्स ने वित्त वर्ष 26 की अपनी यात्रा को तेज करते हुए मई की अपनी अब तक की सर्वाधिक कुल 14,213 ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज की है। यह नई उपलब्धि सोनालीका के ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण और परिणामोन्मुख इनोवेशन का नतीजा है जो किसानों को शानदार सफलता सुनिश्चित करता है। ब्रांड अपने हैवी ड्यूटी ट्रैक्टरों के साथ भारतीय कृषि परिदृश्य में परिवर्तन लाने में लगातार आगे रहा है जो क्षेत्रीय मिट्टी की विविधता में अधिकतम कृषि उत्पादन के लिए सबसे बड़े इंजन, उन्नत ट्रांसमिशन और सटीक हाइड्रोलिक्स जैसे कई फीचर से लैस हैं। अपने विचार साझा करते हुए रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहा, हमारा हर इनोवेशन किसानों के जीवन में एक दीर्घकालिक प्रभाव प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है और हम वित्त वर्ष 2026 में मई की अपनी अब तक की सर्वाधिक कुल 14,213 ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज करके उत्साहित हैं। प्रत्येक उपलब्धि हमें अपने इनोवेशन को तेज करने और वैश्विक स्तर पर किसानों के लिए उत्पादकता और समृद्धि प्रदान करने हेतु उन्नत तकनीकों को सामने लाने के लिए ऊर्ज़ा देता है।

# बिहार में ग्रामीण संपर्क का नया कीर्तिमान

## 2024 सड़कों और 1211 पुलों में से 1843 सड़कों और 852 पुलों का निर्माण कार्य पूर्ण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार द्वारा राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क और पुल निर्माण को प्राथमिकता देते हुए एक अभूतपूर्व उपलब्धि दर्ज की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों की सर्वांगीण प्रगति को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण अवरसंरचना विकास निधि के अंतर्गत सड़कों एवं पुलों के निर्माण कार्यों को तीव्र गति से क्रियान्वित किया जा रहा है। इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 991 करोड़ रूपये का बजटीय उपबंध निर्धारित किया गया है। ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार के अनुसार राज्यभर में 2024 ग्रामीण सड़कों (5250.62 किमी) और 1211 पुलों के निर्माण कार्य को प्रशासनिक स्वीकृति दी गई थी। इनमें से अब तक 1843 सड़कों (4818.36 किमी) और 852 पुलों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। यह आंकड़े राज्य के ग्रामीण संपर्क ढांचे में हो रहे क्रांतिकारी बदलाव को दर्शाते हैं। इस व्यापक योजना के तहत राज्य के अधिकांश जिलों ने अपने लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त किया है। पटना प्रमंडल के अंतर्गत पटना, नालंदा, भोजपुर, बक्सर, रोहतास एवं कैमूर जिलों में कुल 542 सड़कों और 191 पुलों की स्वीकृति दी गई थी। इनमें से 493 सड़कों और 159 पुलों का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ। विशेष रूप से पटना जिले में 155 सड़कों और 45 पुलों का कार्य पूरा हुआ जबकि नालंदा में 199 सड़कों और 59 पुलों का कार्य संपन्न हुआ। भोजपुर, बक्सर, रोहतास और कैमूर जैसे जिलों में भी कार्य संतोषजनक गति से पूरे किए गए हैं। मगध प्रमंडल के गया, जहानाबाद, औरंगाबाद, नवादा और अरवल जिलों में कुल 265 सड़कों और 109 पुलों की स्वीकृति दी गई थी। इनमें से 248 सड़कों और 93 पुलों का कार्य पूर्ण हुआ है। गया जिले में सर्वाधिक 120 सड़कों और 46 पुलों का कार्य पूर्ण किया गया है। नवादा और अरवल जैसे छोटे जिलों ने भी लक्ष्य के अनुरूप कार्यों को समय से निष्पादित किया है। दरभंगा प्रमंडल के दरभंगा, समस्तीपुर और मधुबनी जिलों में 253 सड़कों और 187 पुलों की स्वीकृति मिली थी जिनमें से 223 सड़कों और 141 पुलों का निर्माण कार्य पूरा किया गया। दरभंगा जिले ने 77 सड़कों और 44 पुलों के साथ अग्रणी भूमिका निभाई जबकि मधुबनी ने 88 सड़कों और 49 पुलों का कार्य पूरा किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री ने दी ईद-उल-अजहा की बधाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं है। उन्होंने कहा कि ईद-उल-अजहा का त्योहार असीम आस्था का त्योहार है। खुदा के हुक्म पर बड़ी से बड़ी कुर्बानी के लिये तैयार रहना इस त्योहार का आदर्श है। मुख्यमंत्री ने इस त्योहार को आपसी भाईचारा एवं सद्भाव के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाने से आनंद और बढ़ जाता है।

### जवान की शहादत पर नीतीश ने जतायी संवेदना

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** हिमाचल प्रदेश के पूह में ड्यूटी के दौरान बिहार के सारण जिले के सेना के जवान देव किशोर साह के शहीद होने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है और कहा है कि उनकी शहादत को देश हमेशा याद रखेगा। वे इस घटना से काफी मर्माहत हैं। मुख्यमंत्री ने वीर सपूत की शहादत पर उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि शहीद जवान देव किशोर साह के निकटतम आश्रित को राज्य सरकार की ओर से अनुमान्य सम्मान राशि दी जायेगी, साथ ही शहीद जवान देव किशोर साह का राज्य सरकार की ओर से पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा।

### पूर्व विधान पार्षद के निधन पर सीएम ने जताया शोक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व विधान पार्षद एवं राज्य किसान आयोग के पूर्व अध्यक्ष सीपी सिन्हा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक कुशल राजनेता एवं समाजसेवी थे। स्व. सीपी सिन्हा के निधन के समाचार से उन्हें गहरा दुख हुआ है। वे मजबूती के साथ पार्टी से जुड़े हुये थे। किसानों की भलाई के लिए वे आजीवन प्रयासरत रहे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### डॉ. सुनील के साथ कई डाक्टरों ने थामा वीआइपी का दामन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) की ओर से शुक्रवार को आयोजित मिलन समारोह में कई चिकित्सकों ने वीआईपी की सदस्यता ग्रहण की। इनमे नेत्र रोग विशेषज्ञ और जदयू के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सुनील कुमार सिंह प्रमुख हैं। इस मिलन समारोह में अपने समर्थकों के साथ वीआईपी का दामन थामने वाले चिकित्सकों में डॉ. अमिताभ सिन्हा और हम के महासचिव रह डॉ. विनोद कुमार भी शामिल हैं। इन्होंने वीआईपी की नीतियों के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान वीआईपी के संस्थापक मुकेश सहनी ने पार्टी में आने वाले सभी लोगों को वीआईपी की सदस्यता ग्रहण करवाई। वीआईपी में आने वाले लोगों का स्वागत करते हुए मुकेश सहनी ने दावा किया कि आज वीआईपी के प्रति सभी जातियों और वर्गों का आकर्षण बढ़ा है। यह इस पार्टी की लोकप्रियता को प्रमाणित करता है। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले डॉ. सुनील कुमार सिंह ने कहा कि राज्य के लिए कुछ करने की तमन्ना के साथ मुकेश सहनी कार्य कर रहे हैं जो इन्हें अन्य नेताओं से अलग करता है।

### जदयू सांसद देवेश चंद्र ठाकुर के गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम नीतीश

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को अचानक पटना से दिल्ली रवाना हो गए। उनके साथ राज्य के मंत्री विजय चौधरी और अशोक चौधरी भी हैं। महज 12 दिनों के भीतर उनका यह दूसरा दिल्ली दौरा है। बिहार में कुछ महीने बाद विधानसभा चुनाव होनेवाला है। इससे पहले नीतीश कुमार की दिल्ली यात्रा की सियासी गलियारों में चर्चा है। हालांकि, उनका यह दौरा राजनीतिक नहीं है। बताया जा रहा है कि जदयू के सीतामढ़ी से सांसद देवेश चंद्र ठाकुर के गृह प्रवेश का कार्यक्रम में वे शामिल हुए। वैसे तो यह दौरा निजी कार्यों के लिए बताया जा रहा है लेकिन दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ उनकी मुलाकात और आगामी विधानसभा चुनावों के लिए सीट शेयरिंग पर चर्चा की संभावना है।

### तुषार गांधी ने किया बापू टावर का अवलोकन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के परपोते तुषार गांधी ने शुक्रवार को पटना के गर्दनीबाग स्थित बापू टावर संग्रहालय का अवलोकन किया। उन्होंने संग्रहालय की विभिन्न दीर्घाओं में प्रदर्शित ऐतिहासिक चित्रों, म्यूरल्स, अडियो-विजुअल प्रस्तुतियों, लघु फिल्म और अन्य प्रदर्शनियों के माध्यम से बापू के जीवन, उनके विचारों और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी स्मृतियों को गहराई से समझा। साथ ही, बिहार सरकार द्वारा गांधी जी के सिद्धांतों पर आधारित योजनाओं का भी अवलोकन किया। श्री गांधी ने संग्रहालय की प्रत्येक गैलरी और रैम्प का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने प्रशंसा करते हुए कहा कि चित्रों, म्यूरल्स, कटआउट्स, प्रोजेक्टर स्क्रीन और अडियो-विजुअल माध्यमों से गांधी जी के विचारों और जीवन यात्रा को अत्यंत प्रभावशाली और जीवंत ढंग से प्रस्तुत किया गया है। बापू टावर संग्रहालय के निदेशक विनय कुमार ने तुषार गांधी को पुष्पगुच्छ, शाल और स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर संग्रहालय के उप निदेशक ललित कुमार सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी नीलिमा साहू सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### 51 जोड़ों का दहेज रहित सामूहिक विवाह कल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मां वैष्णो देवी सेवा समिति द्वारा 'एक विवाह ऐसा भी' के 13 वें संस्करण संस्करण के अंतर्गत 08 जून को 51 जोड़े का दहेज रहित सामूहिक विवाह कराया जाएगा। संयोजक कन्हैया अग्रवाल कन्नू ने बताया कि इस अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उपस्थित होकर अपना आशीर्वाद देंगे। अध्यक्ष जय प्रकाश सरावगी ने बताया कि इस अवसर पर बिहार के चार सेलेब्रेटी समाजसेवी अनुराग सांकृत्यायन, फिल्म अभिनेत्री अक्षरा सिंह, व्यवसायी संजय कुमार सिंह एवं लोकप्रिय गायिका रितिका राज को मां वैष्णो देवी सेवा सम्मान-2025 से नवाजा जाएगा। सह संयोजक जितेंद्र कुमार जित्तू ने बताया कि पटना के महाराणा प्रताप भवन, आर्य कुमार रोड में शादी का सभी विधि विधान आयोजित होगा। इसमे वर एवं वधु पक्ष के लोग मौजूद रहेंगे। सचिव संजय तोतला ने बताया की बारात यहीं से 08 जून को संध्या 4:00 बजे निकलेगी जिसमें 51 अलग अलग घोड़े पर 51 दूल्हे राजा बैठेंगे। कोषाध्यक्ष नंद किशोर अग्रवाल ने बताया कि विवाह में प्रत्येक जोड़े को आवश्यक जरूरी सामग्री भी दी जाएगी। मौके पर मुकेश हिसारिया ने बताया कि इस वर्ष शादी में विशेष आयोजन स्पाईनल कॉर्ड इंज्यूरी का रहेगा। इसमें बिहार के बहुत सारे वैसे बच्चे आएंगे जिनका कमर से नीचे का हिस्सा काम नहीं कर पा रहा है। उन बच्चों के लिए अस्पतालों में विशेष व्यवस्था करने का अनुरोध किया जाएगा।

### तटबंधों पर अतिक्रमण को लेकर जल संसाधन विभाग गंभीर

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य के जल संसाधनों की सुरक्षा और तटबंधों की संरचनात्मक अखंडता बनाए रखने के लिए जल संसाधन विभाग प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में विभाग ने अपनी स्वामित्व वाली भूमि, विशेषकर पटना शहर के भीतर स्थित तटबंधों एवं सुरक्षा दीवारों पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को लेकर कड़ा रूख अपनाया है। इस संबंध में गंगा सोन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल, पटना के कार्यपालक अभियंता द्वारा एक पत्र के माध्यम से स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि विभागीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध बिहार सिंचाई अधिनियम, 1997 की धारा 85 एवं अन्य सुसंगत धाराओं, साथ ही बिहार सिंचाई, बाढ़ प्रबंधन एवं जिला निस्सरण नियमावली 2003 के नियम 4.1.1 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज करायी जाए। उक्त अतिक्रमण पटना नगर क्षेत्र के बुद्धा कलोनी थाना क्षेत्र अंतर्गत पटना बाढ़ सुरक्षा दीवाल पर पाया गया है, जिसको लेकर जल संसाधन विभाग ने अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध त्वरित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधित पुलिस प्रशासन से प्राथमिकी दर्ज कर यथाशीघ्र सूचना उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है ताकि विभागीय आदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

नवबिहार टाइम्स
बोकारो, शनिवार 7 जून 2025

## संपादकीय

# दिनोंदिन सामरिक चुनौतियां बढ़ रही हैं, सरकार ध्यान दें

दुनिया भर में दिनोंदिन सामरिक चुनौतियां बढ़ रही हैं। हथियारों को अधिक मारक, कारगर और रणनीतिक रूप से सक्षम बनाने की होड़ तेज हो रही है। इसलिए हथियारों का बाजार लगातार विस्तृत हो रहा है। बहुत सारे देश प्रतिरक्षा व्यय में बढ़ोतरी करते देखे जाते हैं। अब आमने-सामने के युद्ध का दौर लगभग समाप्त हो गया है। हवाई और लक्षित हमले से दुश्मन को पराजित करने की कोशिश की जाती है। फिर, अब कोई भी युद्ध केवल दो देशों का मामला नहीं रह गया है। इसमें बहुध्रुवीय रणनीति अपनाई जाने लगी है। ऐसे में भारत युद्ध की स्थितियों से निपट पाने में कितना सक्षम है, इसका आकलन स्वाभाविक है।पिछले दिनों पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर लक्षित हमले किए, तो उसके नतीजों को केवल दुश्मन देश के मुकाबले अपने शौर्य प्रदर्शन तक सीमित करके नहीं देखा जा रहा। उसमें देश की सेना ने अपनी तैयारियों, कमियों और तकनीकी क्षमता का भी आकलन करना शुरू कर दिया है। इस संदर्भ में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने कहा कि युद्ध का मैदान अब कृत्रिम मेधा, मशीन लर्निंग, एलएलएम और क्वांटम तकनीक से संचालित हो रहा है। हमें अपनी नीति, संगठनात्मक संस्कृति और मानव संसाधन को नए सांचे में ढालना होगा।हालांकि पिछले नौ-दस वर्षों में भारत ने अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को अत्याधुनिक बनाने पर विशेष ध्यान दिया है। वायुसेना को अत्याधुनिक बमवर्षक विमानों, उन्नत संचार प्रणाली युक्त, ध्वनि से कई गुना तेज गति की मिसाइलों आदि से सुसज्जित किया गया है। रक्षा अनुसंधान पर विशेष बल दिया गया है। स्वदेशी तकनीक से विश्वस्तरीय बमवर्षक विमान और पनडुब्बियां तैयार की जा रही हैं। इसके बावजूद भारतीय सेना दुनिया के अत्याधुनिक हथियारों के सामने खुद को पूरी तरह सक्षम नहीं महसूस कर पाती।कुछ दिनों पहले वायुसेना प्रमुख ने कहा था कि सेना से संबंधित परियोजनाएं समय पर पूरा नहीं हो पाती हैं। हालांकि सरकार का दावा है कि भारत जल्दी ही दुनिया के प्रमुख आयुध सामग्री आपूर्तिकर्ता देशों की कतार में शामिल होगा। अब बहुत सारे उपकरण और साजो-सामान स्वदेशी तकनीक से देश के भीतर ही तैयार कर लिए जाते हैं। हथियार के मामले में दूसरे देशों पर निर्भरता लगातार कम हो रही है। मगर, जब वायुसेना प्रमुख और रक्षा अध्यक्ष संगठनात्मक ढांचे और रक्षा उपकरणों के मामले में बदलाव की बात कर रहे हैं, तो निस्संदेह इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।भारत बेशक कभी युद्ध के पक्ष में नहीं रहता, हमेशा शांति और सौहार्द की नीति का हिमायती रहा है, मगर पाकिस्तान और चीन की तरफ से उसे लगातार जिस तरह की चुनौतियां मिलती रहती हैं, उसमें वह अपने पारंपरिक हथियारों के जखीरे पर भरोसा करके नहीं चल सकता। पाकिस्तान के साथ संघर्ष में चीन के पाकिस्तान के पीठ पीछे खड़ा हो जाने से कड़ी चुनौती महसूस की गई। इससे भारतीय सेना के लिए नए ढंग से रणनीतिक तैयारी की जरूरत रेखांकित हुई।निस्संदेह भारतीय सेना ने जिस तरह पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों का लक्ष्य भेदन किया, उससे पूरी दुनिया ने माना कि भारत अत्याधुनिक सामरिक तकनीक का उपयोग करने में सक्षम है। फिर भी बड़ी चुनौती चीन के साथ है, जो उन्नत हथियारों के मामले में अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, रूस आदि बड़े हथियार उत्पादक देशों से लगातार प्रतिस्पर्धा करता रहा है।

# बढ़ता प्लास्टिक प्रदूषण दुनिया की जटिल पर्यावरण समस्या

**1973 से संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के नेतृत्व में पर्यावरण जागरूकता के लिए यह दिवस सबसे बड़ा वैश्विक अभियान बन गया है, जो आज की सबसे गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए 150 से अधिक देशों के विशाल वैश्विक दर्शकों को शामिल करता है। गत वर्ष इस दिवस की मेजबानी करते हुए सऊदी अरब ने भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता पर प्रकाश डालते हुए सकारात्मक प्रयासों का जश्न मनाया और पर्यावरण के मुद्दों पर काम करने वाले निजी और परोपकारी संगठनों के लिए अधिक समर्थन और वित्त पोषण की घोषणा की। यह सर्वविदित है कि इंसान व प्रकृति के बीच गहरा संबंध है। इंसान के लोभ, सुविधावाद एवं तथाकथित विकास की अवधारणा ने पर्यावरण का भारी नुकसान पहुंचाया है, जिसके कारण न केवल नदियां, वन, रेगिस्तान, जलस्रोत सिकुड़ रहे हैं बल्कि ग्लेशियर भी पिघल रहे हैं, तापमान का 50 डिग्री पार करना जो विनाश का संकेत तो है ही, जिनसे मानव जीवन भी असुरक्षित होता जा रहा है।**

**( ललित गर्ग )**

प्रकृति को पस्त करने, वायु एवं जल प्रदूषण, कृषि फसलों पर घातक प्रभाव, मानव जीवन एवं जीव-जन्तुओं के लिये जानलेवा साबित होने के कारण समूची दुनिया में बढ़ते प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक के कण एक बड़ी चुनौती एवं संकट है।

बढ़ते तापमान, बदलते जलवायु एवं ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल कर समुद्र का जलस्तर तीव्रगति से बढ़ा रहे हैं। जिससे समुद्र किनारे बसे अनेक नगरों एवं महानगरों के डूबने का खतरा मंडराने लगा है। इंसानों को प्रकृति, पृथ्वी एवं पर्यावरण के प्रति सचेत करने के लिये विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया जाता है, जो पर्यावरण, प्रकृति एवं पृथ्वी के लिए सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय दिवस है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोज्य यह दिवस दुनिया भर के लाखों लोगों को हमारे ग्रह की सुरक्षा और पुनर्स्थापना के साझा मिशन के साथ एकजुट करता है। बढ़ता प्लास्टिक प्रदूषण दुनिया की एक गंभीर एवं जटिल समस्या है, इसीलिये 2025 में इस दिवस की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने पर केंद्रित है। कोरिया गणराज्य वैश्विक समारोह की मेजबानी करेगा। दशकों से प्लास्टिक प्रदूषण दुनिया के हर कोने में फैल चुका है, यह हमारे पीने के पानी, हमारे खाने, हमारे शरीर, हमारे पर्यावरण में समा रहा है। इस प्लास्टिक कचरे की गंभीर समस्या से निपटने का एक वैश्विक संकल्प निश्चित ही एक समाधान की दिशा बनेगा। हर साल 430 मिलियन टन से अधिक प्लास्टिक का उत्पादन होता है, जिसमें से लगभग दो-तिहाई केवल एक बार उपयोग के लिए होता है और जल्दी ही फेंक दिया जाता है।

1973 से संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के नेतृत्व में पर्यावरण जागरूकता के लिए यह दिवस सबसे बड़ा वैश्विक अभियान बन गया है, जो आज की सबसे गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए 150 से अधिक देशों के विशाल वैश्विक दर्शकों को शामिल करता है। गत वर्ष इस दिवस की मेजबानी करते हुए सऊदी अरब ने भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता पर प्रकाश डालते हुए सकारात्मक प्रयासों का जश्न मनाया और पर्यावरण के मुद्दों पर काम करने वाले निजी और परोपकारी संगठनों के लिए अधिक समर्थन और वित्त पोषण की घोषणा की। यह सर्वविदित है कि इंसान व प्रकृति के बीच गहरा संबंध है। इंसान के लोभ, सुविधावाद एवं तथाकथित विकास की अवधारणा ने पर्यावरण का भारी नुकसान पहुंचाया है, जिसके कारण न केवल नदियां, वन, रेगिस्तान, जलस्रोत सिकुड़ रहे हैं बल्कि ग्लेशियर भी पिघल रहे हैं, तापमान का 50 डिग्री पार करना जो विनाश का संकेत तो है ही, जिनसे मानव जीवन भी असुरक्षित होता जा रहा है। इन वर्षों में बढ़ी हुई गर्मी एवं तापमान ने न केवल जीवन को जटिल बनाया बल्कि अनेक लोगों की जान भी गयी। पूरी दुनिया में बढ़ता प्लास्टिक प्रदूषण, जलवायु अराजकता और जैव विविधता विनाश का एक जहरीला मिश्रण स्वस्थ भूमि को रेगिस्तान में बदल रहा है, संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र को मृत क्षेत्रों में बदल रहा है और मानव जीवन पर तरह-तरह के खतरे पैदा कर रहा है।

प्रकृति को पस्त करने, वायु एवं जल प्रदूषण, कृषि फसलों पर घातक प्रभाव, मानव जीवन एवं जीव-जन्तुओं के लिये जानलेवा साबित होने के कारण समूची दुनिया में बढ़ते प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक के कण एक बड़ी चुनौती एवं संकट है। पिछले दिनों एक अध्ययन में मनुष्य के मस्तिष्क में प्लास्टिक के नैनो कणों के पहुंचने पर चिंता जतायी गई थी। दावा था कि प्रतिदिन सैकड़ों माइक्रोप्लास्टिक कण सांसों के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे तमाम नये राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय शोध-सर्वेक्षण-अध्ययन चेतावनी दे रहे हैं कि हमारी सांसों, प्रकृति, पर्यावरण, पेयजल व फसलों में घातक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी एक गंभीर संकट है। संकट तो यहां तक बढ़ गया है कि प्लास्टिक के कण पौधों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित करने लगे हैं, जिससे खाद्य श्रृंखला में शामिल कई खाद्यान्नों की उत्पादकता में गिरावट आ रही है। ऐसा निष्कर्ष अमेरिका-जर्मनी समेत कई देशों के साझे अध्ययन के बाद सामने आया है। दरअसल, प्लास्टिक कणों के हस्तक्षेप के चलते पौधों के भोजन सृजन की प्रक्रिया बाधित हो रही है। इस तरह माइक्रोप्लास्टिक की दखल भोजन, हवा व पानी में होना न केवल प्रकृति, कृषि, पर्यावरण वरन मानव अस्तित्व के लिये गंभीर खतरे की घंटी ही है। जिसे बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए और सरकारों को इस संकट से मुक्ति की दिशाएं उद्घाटित करने के लिये योजनाएं बनानी चाहिए, इसके लिये इस वर्ष की थीम से व्यापक बदलाव की संभावनाएं हैं।

माइक्रोप्लास्टिक हमारे वातावरण का एक हिस्सा बन चुके हैं। प्लास्टिक की बहुलता एवं निर्भरता के कारण मौत हमारे सामने मंडरा रही है। हम चाहकर भी प्लास्टिकमुक्त जीवन की कल्पना नहीं कर पा रहे हैं, प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों को देखते हुए विभिन्न देशों की सरकारों ने ठान लिया है कि सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए कोई जगह नहीं होगी। भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व में ही देश को स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक कचरे से मुक्त करने की अपील करते हुए एक महाभियान का शुभारंभ कर चुके हैं। प्लास्टिक के कारण देश ही नहीं, दुनिया में विभिन्न तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं। इसके सीधे खतरे दो तरह के हैं। एक तो प्लास्टिक में ऐसे बहुत से रसायन होते हैं, जो कैंसर का कारण माने जाते हैं। इसके अलावा शरीर में ऐसी चीज जा रही है, जिसे हजम करने के लिए हमारा शरीर बना ही नहीं है, यह भी कई तरह से सेहत की जटिलताएं पैदा कर रहा है। इसलिए आम लोगों को ही इससे मुक्ति का अभियान छेड़ना होगा, जागृति लानी होगी।

शोधकर्ताओं ने केरल में दस प्रमुख ब्रांडों के बोतलबंद पानी को अध्ययन का विषय बनाया है। अध्ययन का निष्कर्ष है कि प्लास्टिक की बोतल के पानी का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति के शरीर में प्रतिवर्ष 153 हजार प्लास्टिक कण प्रवेश कर जाते हैं। पिछली सदी में जब प्लास्टिक के विभिन्न रूपों का अविष्कार हुआ, तो उसे विज्ञान और मानव सभ्यता की बहुत बड़ी उपलब्धि माना गया था, अब जब हम न तो इसका विकल्प तलाश पा रहे हैं और न इसका उपयोग ही रोक पा रहे हैं, तो क्यों न इसे विज्ञान और मानव सभ्यता की सबसे बड़ी असफलता एवं त्रासदी मान लिया जाए? अमेरिका के जियोलॉजिकल सर्वे ने यहां बारिश के पानी के नमूने जमा किए। ये नमूने सीधे आसमान से गिरे पानी के थे, बारिश की वजह से सड़कों या खेतों में बह रहे पानी के नहीं। जब इस पानी का विश्लेषण हुआ, तो पता चला कि लगभग 90 फीसदी नमूनों में प्लास्टिक के बारीक कण या रेशे थे, जिन्हें माइक्रोप्लास्टिक कहा जाता है। ये इतने सूक्ष्म होते हैं कि हम इन्हें आंखों से नहीं देख पाते। लगातार पांव पसार रही माइक्रोप्लास्टिक की तबाही इंसानी गफलत को उजागर तो करती रही है, लेकिन समाधान का कोई रास्ता प्रस्तुत नहीं कर पाई। ऐसे में अगर विश्व पर्यावरण दिवस पर प्लास्टिक के संकट का दूर करने की कुछ ठानी है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए। प्लास्टिक प्रदूषण की उससे भी ज्यादा खतरनाक एवं जानलेवा स्थिति है, यह एक ऐसी समस्या बनकर उभर रही है, जिससे निपटना अब भी दुनिया के ज्यादातर देशों के लिए एक बड़ी चुनौती है। कुछ समय पहले एक खबर ऐसी भी आई थी कि एक चिड़ियाघर के दरियाई घोड़े का निधन हुआ, तो उसका पोस्टमार्टम करना पड़ा, जिसमें उसके पेट से भारी मात्रा में प्लास्टिक की थैलियां मिलीं, जो शायद उसने भोजन के साथ ही निगल ली थीं। कनाडाई वैज्ञानिकों द्वारा माइक्रोप्लास्टिक कणों पर किए गए विश्लेषण में चौंकाने वाले नतीजे मिले हैं। विश्लेषण में पता चला है कि एक वयस्क पुरुष प्रतिवर्ष लगभग 52000 माइक्रोप्लास्टिक कण केवल पानी और भोजन के साथ निगल रहा है। इसमें अगर वायु प्रदूषण को भी मिला दें तो हर साल करीब 1,21,000 माइक्रोप्लास्टिक कण खाने-पानी और सांस के जरिए एक वयस्क पुरुष के शरीर में जा रहे हैं। अमेजन एवं फिलीपकार्ट जैसे आनलाइन व्यवसायी प्रतिदिन 7 हजार किलो प्लास्टिक पैकेजिंग बैग का उपयोग केवल भारत में करते हैं। इन कम्पनियों को भी प्लास्टिकमुक्त दुनिया के घेरे में लेने के लिये कठोर कदम उठाने चाहिए। संकट का एक पहलू यह भी है कि लोग सुविधा को प्राथमिकता देते हैं, लेकिन प्लास्टिक के दूरगामी घातक प्रभावों को लेकर आंख मूंद लेते हैं। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार हैं।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)



# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हरित राष्ट्र निर्माण की ओर बढ़ता भारत



**( कीर्तिवर्धन सिंह )**

हर वर्ष 5 जून को मनाया जाने वाला विश्व पर्यावरण दिवस हमें यह याद दिलाता है कि प्रकृति केवल संसाधन नहीं, जीवन का आधार है। आज जब जलवायु परिवर्तन, जैवविविधता का क्षय और प्रदूषण वैश्विक चिंता के केंद्र में हैं, भारत ने पर्यावरण संरक्षण को केवल एक प्रशासनिक लक्ष्य नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन में परिवर्तित किया है।

यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पर्यावरणीय चेतना को नीति-निर्माण के मूल में स्थापित किया है। वैदिक दर्शन से प्रेरित 'प्रकृति रक्षति रक्षितः' का विचार अब योजनाओं और अभियानों में स्पष्ट रूप से दिख रहा है। मिशन लाइफ (स्ध्ध्ध्) हो या एक पेड़ मां का नाम, प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम हो या नवीकरणीय ऊर्जा की क्रांति, भारत ने यह सिद्ध किया है कि पर्यावरण की रक्षा केवल योजनाओं का विषय नहीं, बल्कि अब यह ग्रासरूट पर बड़ा आकार ले चुका है। 2022 में शुरू किया गया मिशन लाइफ आज करोड़ों लोगों की जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव ला चुका है। ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण और कचरा प्रबंधन जैसे विषय अब केवल नीतिगत शब्द नहीं रहे, वे नागरिक चेतना का हिस्सा बन चुके हैं। यही कारण है कि भारत ने केवल तीन वर्षों में ही 250 मिलियन लीटर जल की बचत और ऊर्जा दक्ष उपकरणों के उपयोग में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। इसी प्रकार, वायु प्रदूषण जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में भी भारत ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के माध्यम से ठोस प्रगति की है। 2019 से 2024 के बीच पीएम 2.5 स्तर में 20 प्रतिशत से 35 प्रतिशत तक की गिरावट उन प्रयासों का प्रमाण है, जो पहले केवल शहरी चिंताओं तक सीमित थे, पर अब राष्ट्रीय प्राथमिकता बन चुके हैं। पर्यावरण की दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण क्षेत्र, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन में भी भारत ने निर्णायक कदम उठाए हैं। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध और उसके विकल्पों को बढ़ावा देना केवल एक विनियामक निर्णय नहीं था, बल्कि यह अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य और संस्कृति से जुड़ा व्यापक हस्तक्षेप था। ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की गति और दृष्टि दोनों वैश्विक मानकों को नई चुनौती दे रहे हैं। 2014 में नवीकरणीय ऊर्जा का योगदान जहां मात्र 17 प्रतिशत था, वहीं 2024 में यह बढ़कर 43 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। 2030 तक 500 जीडब्ल्यू क्षमता का लक्ष्य न केवल संभव प्रतीत होता है, बल्कि भारत के वैश्विक ऊर्जा नेतृत्व की आधारशिला भी बन रहा है। इस हरित यात्रा में जल, वन और जैवविविधता की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया गया है। अमृत सरोवर योजना, राष्ट्रीय जैवविविधता मिशन और वन क्षेत्र में वृद्धि जैसे प्रयास इस बात का संकेत हैं कि भारत अपने प्राकृतिक संसाधनों को केवल बचाने में नहीं, बल्कि उन्हें पुनर्जीवित करने में विश्वास रखता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कई अवसरों पर यह स्पष्ट किया है कि पर्यावरण संरक्षण सरकार का अकेला कार्य नहीं हो सकता, इसमें समाज की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। यही कारण है कि एक पेड़ माँ के नाम, स्वच्छ भारत मिशन और नमामि गंगे जैसी योजनाओं को देशवासियों ने आत्मसात किया है। विदेश राज्यमंत्री के तौर पर मैंने भी कई महाद्वीपों जैसे दक्षिणी अमेरिका (कोलंबिया) अफ्रीका (गांबिया) यूरेशिया(आर्मेनिया) यूरोप (नार्वे) एशिया(तुर्कमेनिस्तान, किर्गिस्तान और मलेशिया) में पौधारोपण किया, इस अभियान की वैश्विक सराहना हो रही है।

**मिशन लाइफ और एक पेड़ मां के नाम अभियान–** यह केवल प्रशासनिक उपलब्धियां नहीं हैं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के जीवंत उदाहरण हैं। भारत की यह पर्यावरणीय चेतना अब सीमाओं के भीतर सीमित नहीं है। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, बिग कैट एलायंस, ग्रीन डेवलपमेंट कॉम्पेक्ट, और वन वर्ल्ड, वन सन, वन ग्रिड जैसे वैश्विक पहल यह दर्शाते हैं कि भारत न केवल घरेलू स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी पर्यावरणीय नेतृत्व करता दिख रहा है। आज जब विश्व पर्यावरण दिवस की चर्चा हो रही है, यह ज़रूरी है कि हम भारत की इस अद्भुत पहल को केवल आंकड़ों और रिपोर्टों से न आंकें। यह एक वैचारिक, सांस्कृतिक बदलाव का आंदोलन है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और संधारणीय भविष्य रचने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। (लेखक (केंद्रीय विदेश, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री)

# चीन फ्री कुछ नहीं देता, पाकिस्तान खुद को कर लेगा कंगाल...

**भारत का रक्षा बजट जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के अनुपात में आमतौर पर 2 प्रतिशत से 2.5प्रतिशत के बीच रहता है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए यह 6,81,210.27 करोड़ रुपये (लगभग 86.1 अरब डॉलर) तय किया गया है। पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की तुलना में यह राशि 9.53प्रतिशत ज्यादा है। यह कुल केंद्रीय बजट का लगभग 13.45प्रतिशत है। इस बजट का एक बड़ा हिस्सा (लगभग 1.80 लाख करोड़ रुपये) सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और नए हथियारों, विमानों और युद्धपोतों की खरीद जैसे पूंजीगत व्यय के लिए आवंटित किया गया है। सरकार ने घरेलू रक्षा उद्योगों से खरीद के लिए भी एक महत्वपूर्ण राशि (1.12 लाख करोड़ रुपये) का प्रावधान किया है।**

**( अमित शुक्ला)**

अगले पांच से दस सालों में भारत को पाकिस्तान के साथ फिर से युद्ध का सामना करना पड़ सकता है। मुमकिन है कि इसमें चीन भी पाकिस्तान का साथ दे। पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल एचएस पनाग ने यह चेतावनी दी है। उन्होंने 'द प्रिंट' में एक लेख लिखा है। इसमें उन्होंने बताया है कि भारत को इस स्थिति से निपटने के लिए कुछ कदम उठाने होंगे। इसमें रक्षा बजट को जीडीपी का डबल करके 4 प्रतिशत करना भी शामिल है। पनाग के अनुसार, पाकिस्तान और चीन दोनों मिलकर भारत के लिए खतरा बन सकते हैं। इसलिए, भारत को अपनी सेना को मजबूत करना होगा।

भारत का रक्षा बजट जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के अनुपात में आमतौर पर 2 प्रतिशत से 2.5प्रतिशत के बीच रहता है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए यह 6,81,210.27 करोड़ रुपये (लगभग 86.1 अरब डॉलर) तय किया गया है। पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की तुलना में यह राशि 9.53प्रतिशत ज्यादा है। यह कुल केंद्रीय बजट का लगभग 13.45प्रतिशत है। इस बजट का एक बड़ा हिस्सा (लगभग 1.80 लाख करोड़ रुपये) सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और नए हथियारों, विमानों और युद्धपोतों की खरीद जैसे पूंजीगत व्यय के लिए आवंटित किया गया है। सरकार ने घरेलू रक्षा उद्योगों से खरीद के लिए भी एक महत्वपूर्ण राशि (1.12 लाख करोड़ रुपये) का प्रावधान किया है।

**भारत के सामने दोहरी चुनौती–** जनरल पनाग का कहना है कि चीन लंबे समय से भारत का दुश्मन है। पाकिस्तान सिर्फ एक परेशानी है। लेकिन, पाकिस्तान अगर फिर से मजबूत होता है और चीन उसका साथ देता है तो युद्ध की संभावना बढ़ जाएगी। उनके अनुसार, ऐसा होने में कम से कम 5 साल और ज्यादा से ज्यादा 10 साल लग सकते हैं। अगर भारत अपनी सैन्य क्षमता बढ़ाता है और पाकिस्तान को हराने और चीन को रोकने में समर्थ होता है तो युद्ध को टाला जा सकता है। भारत को राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा योजना के लिए एक व्यवस्थित तरीका अपनाना होगा।





भारत को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति और राष्ट्रीय रक्षा नीति को औपचारिक रूप देना होगा। इससे सेना को तेजी से बदलने में मदद मिलेगी। यह एक सैन्य रणनीति का रास्ता खोलेगा जो सभी तरह के खतरों से निपट सके।

रिटायर्ड अफसर पनाग ने यह भी लिखा है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान को रणनीतिक रूप से मनोवैज्ञानिक हार मिली थी। लेकिन, यह तभी तक कायम रहेगी जब तक भारत अपनी तकनीकी सैन्य बढ़त बनाए रखता है। पाकिस्तान के लिए ऐसा करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान परमाणु हथियारों की वजह से पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। इसलिए, वह हमेशा अपनी तकनीक को बेहतर बनाने और भारत को चुनौती देने की कोशिश करेगा।

**पाकिस्तान की जीडीपी सिर्फ 373 अरब डॉलर–** हालांकि, पनाग का कहना है कि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति कमजोर है। इसलिए वह ऐसा नहीं कर पाएगा। पाकिस्तान की जीडीपी सिर्फ 373 अरब डॉलर है। इसलिए उसका यह सपना पूरा नहीं हो पाएगा। चीन भी पाकिस्तान को मुफ्त में कुछ नहीं देगा। वह उत्तर कोरिया को भी मुफ्त में कुछ नहीं देता है।

पिछले महीने, अमेरिकी खुफिया विभाग की एक रिपोर्ट आई थी। इसमें कहा गया था कि पाकिस्तान भारत को अपने लिए खतरा मानता है। इसलिए वह अपनी सेना को आधुनिक बनाने की कोशिश करता रहेगा। इसमें युद्ध के मैदान में इस्तेमाल होने वाले परमाणु हथियारों का विकास भी शामिल है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान अपने परमाणु हथियारों को आधुनिक बना रहा है। साथ ही, वह अपनी परमाणु सामग्री और परमाणु कमान और नियंत्रण की सुरक्षा भी कर रहा है। पाकिस्तान को चीन से आर्थिक और सैन्य मदद मिलती है।

रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानी सेना हर साल चीन की पीएलए के साथ कई संयुक्त सैन्य अभ्यास करती है। इसमें नवंबर 2024 में पूरा हुआ एक नया हवाई अभ्यास भी शामिल है। पाकिस्तान के डब्ल्यूएमडी कार्यक्रमों के लिए जरूरी विदेशी सामग्री और तकनीक चीन से ही आती है। यह सामग्री हांगकांग, सिंगापुर, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात के रास्ते पाकिस्तान पहुंचाई जाती है।

खुफिया रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत चीन को अपना मुख्य दुश्मन मानता है। पाकिस्तान उसके लिए एक छोटी सी समस्या है जिसे संभाला जा सकता है। चीन के प्रभाव को कम करने और वैश्विक स्तर पर अपनी भूमिका को बढ़ाने के लिए भारत हिंद महासागर क्षेत्र में द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी को मजबूत कर रहा है। इसके लिए वह सैन्य अभ्यास, ट्रेनिंग, हथियारों की बिक्री और सूचना साझा कर रहा है।

**पाकि?स्?तान खुद को कर लेगा कंगाल–** लेफ्टिनेंट जनरल एचएस पनाग के अनुसार, सेना को बदलने की सख्त जरूरत है। पाकिस्तान पर तकनीकी रूप से भारी सैन्य बढ़त बनानी होगी और चीन को रोकना होगा। ऐसा तब करना होगा जब दोनों दुश्मन मिलकर हमला करें। उन्होंने आगे कहा, और इस बदलाव के लिए हमें सबसे पहले अपने रक्षा बजट को जीडीपी का 4 प्रतिशत करना होगा। यूएसएसआर ने अमेरिका और उसके सहयोगियों से सैन्य प्रतिस्पर्धा करने की कोशिश में खुद को कंगाल कर लिया और पाकिस्तान का भी यही हाल होगा।

# जनता दरबार में सुनीं गई जन समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में आमजन की विभिन्न समस्याओं का ऑन स्पॉट समाधान किया गया। जनता दरबार में नवादा जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने भूमि विवाद, पेंशन, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं राजस्व संबंधी अपनी-अपनी समस्याएँ रखीं।जिला पदाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर पीड़ितों को राहत प्रदान की गई। आज की जनता दरबार में कुल 51 आवेदन प्राप्त हुए। प्रमुख मामलों में



अंजनी कुमारी (पिता - इंद्रदेव चौहान, प्रखंड - नवादा सदर) ने छात्रवृत्ति से संबंधित आवेदन दिया। जवाहर नगर के प्रवीन केसरी ने नाले के जल निकासी की समस्या रखी। थाना-मुफस्सिल, ग्राम-लोहरा की श्रुति कुमारी ने दस्तावेज की जांच में त्रुटि की शिकायत की। गोविंदपुर प्रखंड के दर्शन ग्राम निवासी चन्दन कुमार ने ई-रिक्शा अनुदान राशि न मिलने की बात कही। वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के विजय प्रसाद गुप्ता ने जमीन के अवैध क्रय-विक्रय और उस पर कार्य से जुड़ी समस्या रखी। रोह थाना, ग्राम भंडासोर निवासी मिथलेश चौहान ने जमीन पर कब्जा न होने की शिकायत की, जबकि पौरा पंचायत के ग्राम मंगुरा की पिंकी देवी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। जिलाधिकारी द्वारा कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया तथा अन्य मामलों को संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए शीघ्र निपटारा का निर्देश दिया गया।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं का निस्तारण संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ करें। उन्होंने कहा कि जनता दरबार आम लोगों की सरकार तक सीधी पहुंच है। इसका उद्देश्य जन समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है। जिला प्रशासन आम जनता से अपील करता है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान हेतु प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में भाग लें एवं इसका लाभ उठाएं। आज के जनता दरबार में गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिंहा, वरीय उपसमाहर्त्ता मनोज चौधरी, सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# वृक्ष जीवनदायिनी, इसे लगाये संवारे व संरक्षित करें : प्रधान जिला जज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा सिविल कोर्ट परिसर में प्रधान जिला जज अमिताभ चौधरी ने अन्य न्यायाधीशों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। इस दौरान पर सर में सागवान महोगनी समेत लीची, जामुन जैसे फलदार पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए पौधरोपण जरूरी है। वृक्ष हमारा जीवन दायिनी है। इन्होंने सभी न्यायिक पदाधिकारी से कहा कि वे जहां रहे वहां पौधरोपण अवश्य करें। उन्होंने अधिवक्ताओं, कर्मियों व आमलोगों से कहा कि कम से कम महीने में एक पौधा अवश्य लगाएं और उसे नियमित देखभाल करे। जिला विधिक सेवा




प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार गौरव ने कहा कि हमें स्वस्थ रहना है तो पौधरोपण जरूरी है। मौके पर नालंदा जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, महासचिव दिनेश कुमार, न्यायाधीश रविंद्र सिंह, संजीव कुमार सिंह, अखौरी अभिषेक सहाय, रणविजय कुमार, संजय सिंह, धीरज कुमार भास्कर, धीरेंद्र कुमार, अनूप सिंह, महावीर प्रसाद, मनीष कुमार, प्रकाश कुमार सिंह, सीजेएम कुलदीप, योगेंद्र कुमार शुक्ला, अभय सिंह, अनुराग गौरव, सुलोचना कुमारी, राजा शाह, रोहित कुमार वर्मा, आकांक्षा आनंद, पल्लवी वर्षा, सनी गौरव, सुषमा कुमारी, जयशंकर प्रसाद सिंह, सीमा कुमारी, राजीव कुमार सक्सेना व अन्य शामिल थे।

# सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 साल : प्रमोद चंद्रवंशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** भाजपा जिला कार्यालय मे केंद्र में मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता एवं मंच संचालन युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक अभिजीत कुमार सिन्हा ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे विधान पार्षद व बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद चन्द्रवंशी उपस्थित हुए। कार्यशाला का शुभारंभ पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पं. दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यशाला के पूर्व भाजपा जिला कार्यालय में वृक्षारोपण किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद चंद्रवंशी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में सर्व समाज, सर्व समुदाय के हित में रखते हुये जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में आम- आवाम को हर पंचायत, कस्बा, टोलों में जाकर बताये। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर हर क्षेत्र में विकसित भारत बनने की श्रेणी में अग्रिम भूमिका निभा रहा है। हम सभी देशवासी एवं भाजपा कार्यकर्ता गौरवान्वित है कि आज देश का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथ में है। जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनकल्याणकारी योजना मुफ्त अनाज योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना ऐसे विभिन्न योजनाओं के विषय में बताया। साथ ही कार्यकर्ताओं से निवेदन किया कि आप सभी ये सभी योजनाओं के विषय में आम-जन को बताया। 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम में जिला संयोजक अभिजीत सिन्हा ने मंडल अध्यक्षों से अपने-अपने मंडल में जल्द से जल्द कार्यशाला करने का निवेदन किया। कार्यशाला में पूर्व विधायक कन्हैया रजवार एवं निवर्तनन जिलाध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना ने उपस्थित कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया एवं प्रधानमंत्री मोदी के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा किए। कार्यशाला में जिला महामंत्री शैलेंद्र शर्मा, अरविन्द गुप्ता, गौरव सांडिल्य, नन्द किशोर चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष विनोद भोली, नीतू गुप्ता, तेजस सिंहा, प्रमोद चंद्रवंशी, मुकेश कुमार, जिला मंत्री निशा राजवंशी, शिव यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष गौरी रानी, कोषाअध्यक्ष विश्वास सिंह बीसू, जिला प्रवक्ता कुंदन प्रभाकर,पूर्व जिलाउपाध्यक्ष प्रियरंजन निवास, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, मनीष कुमार सिंहा, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष विमल राजवंशी, सोशल मीडिया संयोजक संदीप कुमार, सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल कार्यक्रम संयोजक सहित कई कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** कतरीसराय थाना क्षेत्र के गिरीयक पार्वती राज्य हाईवे 71 पर मायापुर मोड से पुरब शान भट्ठा के समीप दो बाइक के आमने-सामने की टक्कर में एक बाइक सवार की मौत हो गई है। जबकि कुछ लोगों का कहना है कि सड़क किनारे खडे हाईवा में टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। मृतक की पहचान सुन्दर पुर गांव निवासी दासो यादव के 30 वर्षीय पुत्र मुन्ना यादव के रूप में की गई है। परिजनों द्वारा घटना के सम्बन्ध बताया गया है। मृतक अपने ससुराल नवादा से अपने गांव सुन्दरपुर आ रहा था। इसी दौरान शान ईट भट्टा के समीप राज्य हाइवे पर खड़े हाईवा में ठोकर मार दिया। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी।

# ईद-उल-जोहा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की डीएम व एसपी ने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** ईद-उल-जोहा (बकरीद) 7 जून 2025 को पूरे जिले में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान, द्वारा संयुक्त आदेश निर्गत किया गया है। उक्त अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु जिले के 277 स्थलों पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। रजौली, सदर-01, सदर-02 एवं पकरीबरावां अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत जोनल गश्ती दल तथा विशेष चेकिंग दल का गठन कर सुरक्षात्मक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं।

समाहरणालय, नवादा में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका



दूरभाष संख्या 06324-212261 है। यह नियंत्रण कक्ष 7 जून से 08 जून 2025 तक कार्यरत रहेगा। प्रभारी पदाधिकारी के रूप में सुनील कुमार, श्रम अधीक्षक एवं पु0नि0 सचिन्द्र कुमार यादव, प्रभारी लोक शिकायत कोषांग को प्रतिनियुक्त किया गया है। नियंत्रण कक्ष में पालीवार अधिकारी/कर्मचारी तैनात रहेंगे। इसके अतिरिक्त 9 सुरक्षित दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गई है।

**आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्था**

जिला नियंत्रण कक्ष में अग्निशमन दस्ता, बज्रवाहन, चिकित्सीय सहायता, विद्युत आपूर्ति आदि से संबंधित त्वरित सेवाओं की व्यवस्था की गई है। विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रियंका रानी, उप विकास आयुक्त एवं प्रिया ज्योति, पुलिस उपाधीक्षक (साइबर), पूरे जिले की निगरानी एवं समन्वय की जिम्मेदारी में रहेंगी। सोशल मीडिया पर सतर्क निगरानी रखी जाएगी ताकि किसी समुदाय विशेष के विरुद्ध आपत्तिजनक पोस्ट, चित्र या वीडियो प्रसारित कर सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न न होने पाए। इसके लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचलाधिकारियों एवं थानाध्यक्षों/ओपी अध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में वीडियोग्राफी कराने का निर्देश दिया गया है।

जिला प्रशासन ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया है कि वे पूर्ण कर्त्तव्यनिष्ठा, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें ताकि ईद-उल-जोहा (बकरीद) का त्योहार पूरे नवादा जिले में शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं उत्सवी वातावरण में संपन्न हो।

# खराब पड़े सोलर स्ट्रीट लाइट की मरम्मत नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत लगाए गए लाइट की सही देख रेख नहीं की जा रही है। खराब स्ट्रीट लाइट की शिकायत के लिए कम्प्लेन नम्बर जारी किया गया है। लोग बताते हैं कि कम्प्लेन नंबर पर कॉल करने पर केवल शिकायत दर्ज की जाती है। लोगों को कभी आज तो कभी कल लाइट को ठीक किये जाने का आश्वासन मिलता है, पर उसे ठीक नहीं किया जाता है। पकरीबरावां प्रखण्ड की डुमरावां पंचायत के वार्ड नम्बर 14 भगवानपुर में जब से ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट लगाया गया है, तब से



एक भी दिन वह नहीं जला है। दर्जनों बार इसकी शिकायत की गई है, पर इस दिशा में कोई पहल नहीं की गई है। बताया जाता है कि पकरीबरावां, वारिसलीगंज, काशीचक एवं नवादा सदर में एक दर्जन से ज्यादा सोलर स्ट्रीट लाइट में तकनीकी खराबी है। लोगों ने इस खराबी को दूर करने की मांग की है।

# प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय के प्रभारी प्रधान के रूप में अनिल साहा ने दिया योगदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा जिला मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय के नए प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप अनिल कुमार साहा ने शुक्रवार को अपना योगदान दिया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बीते कल गुरूवार को जारी आदेश के आलोक में श्री साहा ने अपना योगदान दिया। जारी आदेश में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार चौधरी ने श्री साहा को तत्काल प्रभाव से विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में प्रभार लेने का आदेश निर्गत किया था। जारी आदेश के आलोक में विद्यालय के वरीय विशिष्ट शिक्षक अनिल साहा ने शुक्रवार को विद्यालय के अन्य वरीय शिक्षकों, छात्राओं व कर्मियों की सक्रिय उपस्थिति में विद्यालय के प्रभारी प्रधान के रूप में अपना योगदान दिया। मौके पर उपस्थित लोगों ने माला पहनाकर नए प्रधान



का स्वागत किया। इस दौरान श्री साहा ने विद्यालय में बेहतर स्वच्छ शैक्षणिक वातावरण एवं अनुशासन को गति देने की दिशा में अपना सक्रिय योगदान देने का भरोसा दिलाया। मौके पर विद्यालय के वरीय शिक्षक हेमंत कुमार, छोटे लाल मिस्त्री, उमेश चौधरी, कंचन माला सिंह, बबिता कुमारी व ममता रानी सहित कई अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मी व छात्राएं सक्रिय तौर पर उपस्थित थे।

**पूर्व प्रभारी प्रधान रहे अनुपस्थित**

इस दौरान कई गंभीर आरोपों के प्रकाश में आने के बाद पद से हटाए गए विद्यालय के तत्कालीन प्रधानाध्यापक तरणी सेन महतो अनुपस्थित रहे। पता चला है कि दूरभाष से संपर्क किए जाने पर महतो ने आगामी कल शनिवार को विद्यालय में उपस्थित हो पूर्ण प्रभार सौंपने की बात कही है।

**पूर्व प्रभारी प्रधान पर लगे हैं कई गंभीर आरोप**

तत्कालीन प्रभारी प्रधान तरणी सेन महतो पर नामांकन व टीसी के नाम पर छात्राओं से नाजायज राशि वसूले जाने, विद्यालय के एक शिक्षक द्वारा एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ किए जाने संबंधी मामले को ले दर्ज प्राथमिकी की बात को विभाग से छिपाने व कर्तव्य के निर्वहन में अनुशासनहीनता बरते जाने सहित कई गंभीर आरोप लगे थे। इन मामलों के प्रकाश में आने के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार चौधरी ने अपने ज्ञापांक 1291 दिनांक 2 जून, 2025 के माध्यम से तत्कालीन प्रभारी प्रधान तरणी सेन महतो के निलंबन के निमित्त विभागीय निदेशक को पत्र लिखा था। इसके साथ ही उन्होंने अपने ज्ञापांक 1304 दिनांक 5 जून 2025 के माध्यम से महतो को उनके पद से हटाते हुए विद्यालय के वरीय शिक्षक अनिल कुमार साहा को तत्काल प्रभाव से विद्यालय के नए प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में योगदान देने का आदेश जारी किया था। इन्हीं आदेश के आलोक में श्री साहा ने आज शुक्रवार को विद्यालय के नए प्रभारी प्रधान के रूप में अपना योगदान दिया।

# 32 फरार अपराधी गिरफ्तार : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 5 जून 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, साईबर अपराध में 2, मद्य निषेध में 4 एवं अन्य गिरफ्तारी 26 कुल 32 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 48 लीटर महुआ शराब एवं 25.13 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-14 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 135 वाहनों की जांच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि 61 हजार 500 रूपया वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है।

# मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और अखंड कीर्तन समारोह आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां(पटना)।** प्रखंड के सिकंदरपुर गांव में श्री श्री 108 बजरंगबली मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं अखंड-कीर्तन समारोह का आयोजन किया गया। अखंड-कीर्तन और मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के पहले फतुहा के त्रिवेणी घाट से कलश में गंगा जल भरकर शोभायात्रा निकाली गयी।जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं विशेषकर महिलाओं ने शिरकत किया। अखंड कीर्तन समारोह 48 घंटे का निर्धारित है। इस धार्मिक आयोजन समिति के अनिल सिंह, गोरख सिंह, कृषि सलाहकार प्रवीण कुमार, दिनेश सिंह व अन्य ने बताया कि ऐसे आयोजनों से समाज में धार्मिक भावना, परस्पर भाईचारे और मैत्री की भावना प्रगाढ़ होती है।

# 45 लाख की योजनाओं का मंत्री ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने शुक्रवार को प्रखंड के विभिन्न गांवों में 45 लाख से निर्माण की गयी योजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने झालर में 20 लाख की लागत से मनरेगा के तहत पीसीसी ढलाई व नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इसके अलावा सीमा में 25 लाख रुपये की लागत से की गयी पीसीसी ढलाई, नाली निर्माण और आंगनबाड़ी केन्द्र के शौचालय निर्माण का उद्घाटन किया। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सूबे के गांव को स्मार्ट बनाने का काम किया है। सूबे के हर गांव व कस्बे को सड़क से जोड़ा गया है। इससे किसानों के



साथ आम आवाम को काफी सहूलियत हो रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पूरा बिहार तेजी से आगे बढ़ रहा है। हर गांव में अब शहरों के जैसी सुविधाएं मिल रही है। बिहार के लोगों को नीतीश कुमार पर ही भरोसा है। नीतीश कुमार ने सूबे की महिलाओं को आरक्षण देकर समाज में आगे बढ़ने और नेतृत्व करने का मौका दिलाया है। आने वाली विधान सभा चुनाव में सूबे की जनता एक बार फिर से नीतीश कुमार पर ही भरोसा करेगी। सूबे की सरकार ने हर वर्ग व समाज के विकास के लिए काम किया है। शिक्षा हो चाहे स्वास्थ्य हर क्षेत्र में काफी विकास हुआ है। छात्र व छात्राओं को पढ़ने के लिए विभिन्न तरह की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जीविका से जुड़कर सूबे की महिलाएं आत्मनिर्भर बनी हैं। सूबे की महिलाएं दूसरे प्रदेश में जाकर महिलाओं को प्रशिक्षित करने का काम कर रही हैं। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दें। शिक्षा सबसे बड़ी दौलत होती है। इसे कोई छीन नहीं सकता। कोई चुरा नहीं सकता। शिक्षा से ही समाज का विकास होगा। मंत्री ने कहा कि किसानों को खेती के लिए नई तकनीक की प्रशिक्षण के साथ सरकार उन्हें अनुदानित दर पर बीज, खाद व खेती के औजार उपलब्ध करा रही है। आने वाली विधानसभा चुनाव में एक बार फिर से नीतीश कुमार के नेतृत्व में पूरी बहुमत से सरकार बनेगी।

# महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित कर जन कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखंड के मंझिला पंचायत अंतर्गत संदेश जीविका महिला विकास सहकारी समिति लिमिटेड मंझिला द्वारा पृथ्वी जीविका महिला ग्राम संगठन एवं राज जीविका महिला ग्राम संगठन बिन्दीचक में शुक्रवार को महिला संवाद कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें जीविका के एरिया कॉर्डिनेटर रंजीत सिंह, कम्युनिटी कॉर्डिनेटर कौशलेंद्र प्रसाद, पार्वती देवी, सरिता कुमारी समेत ग्राम संगठनों से जुड़ी जीविका दीदी एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। जीविका



दीदीयों एवं ग्रामीण पूरे उत्साह के साथ महिला संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। संवाद के दौरान सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने का सुझाव दिया साथ ही साथ कई दीदियों ने व्यक्तिगत व सार्वजनिक हित की मांगों को भी महिला संवाद कार्यक्रम के माध्यम से रखा।

# खेल जीवन में हमें स्वस्थ रहने में करता है भरपूर सहयोग : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में पहले सब जूनियर हॉकी स्टेट दो दिवसीय चैंपियनशिप का सफलतापूर्वक आगाज हुआ। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन श्रवण कुमार बिहार ग्रामीण विकास मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर किया। मंत्री ने कहा कि खेल हमारे जीवन में हमें स्वस्थ रहने में भरपूर सहयोग करता है। खेल हमारे व्यायाम से जुड़ा हुआ एक मुख्य अंग है। खेल खेलते हैं वह कभी भी बीमार नहीं पड़ते और उनके शरीर हमेशा स्वस्थ रहते हैं। उन्होंने वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रशंसा में कहा कि बिहार के वर्तमान मुख्यमंत्री के के द्वारा चलाए गए अभियान मेडल लाओ नौकरी पाओ के तहत बिहार के युवाओं के अंदर खेल के प्रति रूचि बढ़ी है।



आज बिहार के युवा चाहे हॉकी हो या कबड्डी हर खेल में बच्चे बढ़कर भाग ले रहे हैं एवं अपने जिला तथा अपने राज्य का नाम कर रहे हैं। हॉकी एसोसिएशंस बिहार का महासचिव राणाप्रताप सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ियों को प्रशिक्षण शिविर में शामिल किया जाएगा। जहां मुख्य कोच जेवन फरेरा के नेतृत्व में खिलाड़ियों का प्रशिक्षण करवाया जाएगा और इस प्रशिक्षण शिविर से चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड में शामिल होने का मौका दिया जाएगा। राणा प्रताप ने यह भी बताया कि इस दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में कुल 27 टीमों ने भाग लिया है। जिसमें बालक वर्ग में 15 टीम एवं बालिका वर्ग में 12 टीम इस चैंपियनशिप खेल में भाग ले रहे हैं। आज के आरंभिक खेल में बालिका वर्ग में कैमूर बनाम सिवान खेला गया। जिसमें सिवान ने 0-11 से कैमूर को प्राप्त किया। बालक वर्ग में खेल खगड़िया बनाम पटना खेला गया। जिसमें खबर लिखने तक पटना दो गोल कर चुका था। इस मौके पर मधेपुरा हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष विमल कुमार, परविंदर इंटरप्राइजेज के अरविंद कुमार सिंहा, नालंदा हॉकी एसोसिएशन के सचिव राहुल रंजन, हॉकी संयुक्त सचिव बिहार अमरजीत कुमार सिंह, जहानाबाद हॉकी एसोशिएशन सचिव सौरभ सिंह, पटना हॉकी एसोसिएशन अध्यक्ष गुंजन सिंह, आदि उपस्थित थे।

# दो बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** कतरीसराय थाना क्षेत्र के एसएच 78 पर मायापुर गांव के समीप गुरुवार की देर रात दो बाइक की भीषण टक्कर में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। दूसरा जिंदगी और मौत के बीच जुझ रहा है। मृतक इसी थाना क्षेत्र के सुंदरपुर निवासी स्व दशरथ यादव का 29 वर्षीय पुत्र मुन्ना यादव है। थानाध्यक्ष सत्यम कुमार तिवारी ने बताया कि जख्मी नवादा जिला का रहने वाला है । रात में सूचना मिली थी कि सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर




दोनों को इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। दोनों बाइक को जब्त कर लिया गया है। पावापुरी थाना पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

# संदिग्ध स्थिति में विवाहिता की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सारे थाना क्षेत्र के झरहापर गांव में गुरुवार की रात एक विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृतका कुंदन यादव की 26 वर्षीया पत्नी बबली देवी है। हरनौत थाना क्षेत्र के खैरा गांव निवासी मृतका के पिता अनिल यादव ने बताया कि पुत्री की करीब पांच वर्ष पहले शादी हुई थी। आठ माह का एक पुत्र विक्की कुमार है। फुआ कविता देवी और बहन लाखो देवी ने बताया कि पति दिल्ली के एक निजी कंपनी में काम करता है। पत्नी को खर्चे के लिए वह एक भी रुपए नहीं देता था इसे लेकर अक्सर ससुराल वालों से विवाद होता रहता था। वह रुपया मां और बहन के खातों में भेजता था। इसका वह बार-बार विरोध करती थी इसी विरोध में गुरुवार को दिन में ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट किया था। जिसके शिकायत उसने फोन कर मायके वालों को दी थी। शाम में पड़ोसियों ने सूचना दिया कि ससुराल वाले उसे जहर देकर हत्या करने के बाद सबको ठिकाने लगाने की योजना बना रहे हैं। इसी सूचना पर जब हमलोग वहां पहुंचे तो उसका शव कमरे में पड़ा हुआ था और ससुराल के लोग फरार थे। थानाध्यक्ष रितु रंजन ने बताया कि ने बताया कि लिखित शिकायत नहीं मिली है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## काम नहीं आ रही डोनाल्ड ट्रंप की धमकी, एप्पल ने भारत में टाटा को सौंपा जरूरी काम

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनी ऐपल अपने तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार में आईफोन और मेकबुक की मरम्मत का काम टाटा ग्रुप को सौंप दिया है। सूत्रों के मुताबिक इससे पता चलता है कि अमेरिकी टेक दिग्गज की सप्लाई चेन में भारतीय समूह की भूमिका कितनी बढ़ रही है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के



मुताबिक चीन से बाहर मैन्युफैक्चरिंग के लिए ऐपल की नजरें टाटा पर हैं। टाटा पहले से ही दक्षिण भारत में तीन जगहों पर आईफोन बना रही है, जिनमें से एक जगह कुछ आईफोन पार्ट्स भी बनते हैं। सूत्रों के मुताबिक टाटा अब कर्नाटक में अपने आईफोन असेंबली कैंपस से आईफोन की आफ्टर सेल्स मरम्मत करेगी। दुनिया के दूसरे सबसे बड़े स्मार्टफोन मार्केट में मरम्मत का बाजार तेजी से बढ़ने वाला है। काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुमान के मुताबिक, पिछले साल भारत में लगभग 1.1 करोड़ आईफोन बिके थे, जिससे एप्पल को 7 प्रतिशत मार्केट शेयर मिला।

### भारत में बिजनस

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐपल को भारत में अमेरिकी बाजार के लिए आईफोन नहीं बनाने को कहा है। साथ ही उन्होंने भारत में बने आईफोन पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की भी धमकी दी है। इसके बावजूद ऐपल भारत में तेजी से अपना विस्तार कर रही है। कंपनी ने भारतीय स्मार्टफोन बाजार में एक बड़ा उलटफेर किया है। उसने इस साल की पहली तिमाही में चीनी कंपनी शाओमी को बिक्री में पीछे छोड़ दिया है। ऐपल अब बाजार हिस्सेदारी के मामले में टॉप 5 में शामिल हो गई है।

## अब फ्लिपकार्ट से डायरेक्ट मिल जाएगा लोन

### ई-कॉमर्स कंपनी को आरबीआई से मिला लाइसेंस!

नईदिल्ली, एजेंसी। वॉलमार्ट की फ्लिपकार्ट ने भारतीय केंद्रीय बैंक और बैंकिंग रेगुलेटरी से कर्ज देने का लाइसेंस हासिल कर लिया है। इससे वह अपने प्लेटफॉर्म पर ग्राहकों और विक्रेताओं को सीधे कर्ज दे सकेगी। रॉयटर्स और एक सोर्स द्वारा रिव्यू किए गए दस्तावेजों के




अनुसार, यह पहली बार है जब भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत में किसी बड़ी ई-कॉमर्स कंपनी को गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी (एनबीएफसी) का लाइसेंस दिया है, जिससे उसे लोन देने की अनुमति तो मिली है, लेकिन जमा स्वीकार करने की नहीं।

### डायरेक्ट लोन देने में सक्षम

वर्तमान में अधिकांश ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म बैंकों और एनबीएफसी के साथ गठजोड़ करके कर्ज देते हैं, लेकिन लोन देने का लाइसेंस फ्लिपकार्ट (भारत की सबसे बड़ी ई-कॉमर्स फर्म) को सीधे कर्ज देने में सक्षम बनाएगा, जो समूह के लिए अधिक आकर्षक मॉडल है। केंद्रीय बैंक ने 13 मार्च को फ्लिपकार्ट फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट जारी किया (एक ऐसा दस्तावेज जो किसी कंपनी को आधिकारिक तौर पर NBFC के रूप में मान्यता देता है।) रॉयटर्स ने रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट और 13 मार्च की तारीख वाले अप्रूवल लेटर दोनों की एक कॉपी की समीक्षा की है। अप्रूवल की पहले रिपोर्ट नहीं की गई थी।

# चांदी ने रच दिया इतिहास

## 2000 रुपये उछलकर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची, सोना भी चमचमाया



नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के सराफा बाजार में गुरुवार को चांदी ने इतिहास रच दिया। यह 2,000 रुपये बढ़कर 1,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। सोने की कीमतों में भी तेजी आई और यह 430 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ गया। वैश्विक बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखी गई। जानकारों का कहना है कि औद्योगिक मांग और महंगाई से बचने के लिए निवेशकों के रुझान के कारण चांदी में यह उछाल आया है। वहीं, डॉलर के कमजोर होने और अमेरिकी कर्ज को लेकर चिंता के कारण सोने की कीमतें बढ़ी हैं। सोना और चांदी लगातार चौथे दिन मजबूत बने रहे। स्थानीय बाजार में चांदी 2,000 रुपये बढ़कर 1,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। यह कीमत सभी टैक्स मिलाकर है।

### चांदी में तेजी के पीछे क्या है कारण

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सौमिल गांधी ने कहा कि घरेलू बाजार में चांदी की कीमत नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि इस तेजी को औद्योगिक मांग, महंगाई से बचाव और ग्लोबल सप्लाई में कमी से समर्थन मिला है। इसका मतलब है कि चांदी की मांग बढ़ रही है, लेकिन बाजार में चांदी की उपलब्धता कम है। इसलिए कीमतें बढ़ रही हैं। इससे पहले 19 मार्च को चांदी 1,03,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंची थी। सराफा संघ के अनुसार, 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना 430 रुपये बढ़कर 99,690 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। यह कीमत भी सभी टैक्स मिलाकर है। 99.5 फीसदी शुद्धता वाला सोना भी 400 रुपये बढ़कर 99,100 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।

### क्या कह रहे हैं एक्सपर्ट

एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा कि डॉलर में कमजोरी और शुल्क को लेकर अनिश्चितता है। इसके साथ ही अमेरिकी कर्ज चिंताओं के बीच सुरक्षित निवेश की मांग में बढ़ोतरी हुई है। इसलिए सोने की कीमतों में तेजी आई है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्लोबल स्तर पर सोना 3,395 डॉलर प्रति औंस से ऊपर चला गया, जबकि एमसीएक्स पर सोना 98,450 रुपये से ऊपर रहा। एमसीएक्स एक कमोडिटी एक्सचेंज है जहां सोने का कारोबार होता है। त्रिवेदी ने आगे कहा कि वैश्विक तनाव और व्यापार को लेकर अनिश्चितता के कारण सराफा क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना हुआ है। इसका मतलब है कि दुनिया में जो कुछ भी हो रहा है, उससे सोने और चांदी के बाजार में तेजी बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में तेजी आई है। हाजिर सोना 21.58 डॉलर प्रति औंस या 0.64 फीसदी बढ़कर 3,393.93 डॉलर प्रति औंस हो गया।

# ईसीबी ने बेंचमार्क ब्याज दरें घटाई

### टैरिफ पर ट्रंप के फैसले को देखते हुए लिया फैसला



नईदिल्ली, एजेंसी। यूरोपीय सेंट्रल बैंक ने आठवीं बार अपनी बेंचमार्क ब्याज दर में कटौती की है। इसका मकसद व्यवसायों और उपभोक्ताओं को अधिक किफायती ऋण उपलब्ध कराने में मदद पहुंचाना है। यह फैसला ऐसे समय पर लिया गया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक मोर्चे पर टैरिफ का एलान कर व्यापार युद्ध छेड़ रखा है।

बैंक की दर-निर्धारण परिषद ने गुरुवार को फ्रैंकफर्ट स्थित बैंक के मुख्यालय में ब्याज दरों में एक चौथाई अंक की कटौती का एलान किया गुरुवार के निर्णय से बैंक की बेंचमार्क दर 2 प्रतिशत हो गई, जो 2023-24 के 4 प्रतिशत के शिखर से नीचे है। विश्लेषकों को उम्मीद थी कि विकास की निराशाजनक संभावना को देखते हुए कटौती की जाएगी, क्योंकि ट्रम्प ने 2 अप्रैल को कई नए टैरिफ की घोषणा की थी और तत्पश्चात यूरोपीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैरिफ या आयात कर लगाने की धमकी दी थी।

# पीएचडी बीच में छोड़कर शुरू किया बिजनेस

## अब 20 करोड़ का टर्नओवर

नईदिल्ली, एजेंसी। अनंत अजमेरा ने पीएचडी बीच में छोड़कर झाड़ू बनाने के व्यवसाय में कदम रखा। गुवाहाटी में 10 लाख रुपये की पूंजी से उन्होंने यह काम शुरू किया। आज उनकी कंपनी 20 करोड़ रुपये के टर्नओवर तक पहुंच गई है। इससे न केवल अनंत की जिंदगी बदली है, बल्कि हजारों किसानों को भी फायदा हुआ है। अनंत ने जंगल एग्रोस नाम से यह कंपनी शुरू की। वह किसानों से सीधे संपर्क करके उन्हें उनकी उपज का सही दाम दिलाते हैं। आइए, यहां अनंत अजमेरा की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**26 की उम्र में शुरू किया कारोबार** – गुवाहाटी में जन्मे अनंत अजमेरा की कहानी प्रेरणादायक है। वह जंगल एग्रोस के संस्थापक हैं। यह कंपनी झाड़ू और झाड़ू के लिए कच्चे माल का निर्माण और थोक व्यापार करती है। 2014 में अनंत ने 26 साल की उम्र में पीएचडी छोड़कर झाड़ू बनाने का व्यवसाय शुरू किया था। आज, इससे कई लोगों को फायदा हो रहा है। अनंत की कंपनी जंगल एग्रोस का कारोबार 20 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। उनकी सफलता दिखाती है कि अगर आपमें कुछ करने का जुनून है तो आप किसी भी मुश्किल को पार कर सकते हैं।

**कई तरह के झाड़ू बनाना शुरू किया** – अनंत के



खून में व्यवसाय है। उनके पिता अजय कुमार जैन भी यार्न के व्यवसाय में हैं। 2014 में अनंत ने असम-मेघालय सीमा पर 1,000 वर्ग फीट के गोदाम से झाड़ू के लिए उच्च गुणवत्ता वाले कच्चे माल का थोक व्यापार शुरू किया। दो साल बाद उन्होंने झाड़ू बनाना शुरू कर दिया। वह असम घास झाड़ू, फर्श घास झाड़ू, रीड घास झाड़ू, प्लास्टिक-हैंडल घास झाड़ू और लंबी-पाइप घास झाड़ू जैसे कई तरह के झाड़ू बनाते हैं।

**जूनियर रिसर्च फेलो रहे** – अनंत ने 2012 में गुवाहाटी विश्वविद्यालय से कॉमर्स में ग्रेजुएशन किया। इसके बाद उन्होंने मार्केटिंग और फाइनेंस में एमबीए और एम.कॉम किया। अनंत मैनेजमेंट और कॉमर्स में जूनियर रिसर्च फेलो थे। उन्होंने यूजीसी के तहत पूर्वी भारत में रैंक टू और रैंक वन हासिल की। अनंत ने पीएचडी प्रोग्राम में भी दाखिला लिया। फाइनेंस में लगभग आठ रिसर्च पेपर के साथ दो बुक चैप्टर भी प्रकाशित किए। हालांकि, बढ़ती व्यावसायिक प्रतिबद्धताओं के कारण उन्होंने पीएचडी छोड़ दी।

### इंडस्ट्री में बनाई अलग पहचान

जब अनंत ने झाड़ू उद्योग में प्रवेश किया तो उन्होंने देखा कि व्यवसाय में ज्यादातर लोगों को औपचारिक शिक्षा का बहुत कम अनुभव था। वे पारंपरिक तरीकों पर निर्भर थे। 11 वर्षों में उन्होंने प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए कई प्रभावशाली बदलाव किए। झाड़ू-घास को सुखाने का तरीका एक महत्वपूर्ण सुधार था, जो इसकी गुणवत्ता तय करता है। भारत फूल झाड़ू के लिए सबसे अच्छी क्वालिटी का कच्चा माल पैदा करता है। हालांकि, झाड़ू उद्योग अन्य क्षेत्रों की तुलना में अपेक्षाकृत छोटा है। लेकिन, इसका अनुमानित बाजार मूल्य 1,500 करोड़ रुपये है। भारतीय झाड़ू मध्य पूर्व, अफ्रीकी देशों, पाकिस्तान और अफगानिस्तान को निर्यात किया जाता है। पूरे भारत में लगभग 20 प्रमुख व्यापारी हैं जो कच्चा माल खरीदते हैं। साथ ही लगभग 80 छोटे व्यापारी भी हैं। इस उद्योग में निर्माताओं की संख्या 3,500 से 5,000 के बीच होने का अनुमान है।

## क्रिसिल की रिपोर्टः आम आदमी की थाली 6 फीसदी सस्ती, सब्जियों और चिकन की कीमतें घटने से मिली राहत

नईदिल्ली, एजेंसी। सब्जियों और चिकन की कीमतें घटने से घर में पकाई जाने वाली आम आदमी की थाली 6 फीसदी तक सस्ती हो गई है। क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, शाकाहारी थाली की कीमत मई, 2024 के 27.80 रुपये से कम होकर इस साल मई में 26.20 रुपये रह गई। चिकन के भाव घटने से मांसाहारी थाली भी 55.9 रुपये से घटकर 52.6 रुपये रह गई।



**क्या कहता है रिपोर्ट में** – रिपोर्ट के अनुसार, मासिक आधार पर शाकाहारी थाली की कीमत करीब स्थिर रही है। हालांकि, मांसाहारी थाली की कीमत दो फीसदी घटी है। दरअसल, सब्जियों की हालिया घटी कीमत ने शाकाहारी थाली के दाम घटाने में मदद की। टमाटर की कीमतें 33 रुपये प्रति किलोग्राम से 29 फीसदी गिरकर 23 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गईं। बता दें कि पिछले साल पश्चिम बंगाल में फसल को हुए नुकसान और बेमौसम बारिश के कारण प्याज और आलू की कीमतों में क्रमशः 15 फीसदी और 16 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई थी। आयात शुल्क में बढ़ोतरी के कारण वनस्पति तेल की कीमतों में 19 फीसदी की वार्षिक वृद्धि और गैस सिलेंडर की कीमत में 6 फीसदी की सालाना वृद्धि ने थाली की लागत में और गिरावट को रोक दिया।

## बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट: 73 माह के न्यूनतम स्तर पर महंगाई, खाद्य कीमतों की गिरावट से राहत के आसार

नईदिल्ली, एजेंसी। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में लगातार आ रही गिरावट से खुदरा महंगाई मई, 2025 के आंकड़ों में घटकर 73 महीने के निचले स्तर 2.7 फीसदी पर आ सकती है। बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। खुदरा महंगाई की सबसे कम दर इससे पहले फरवरी, 2019 में 2.57 फीसदी रही थी। अप्रैल में यह 67 महीने के निचले स्तर 3.16 फीसदी पर आ गई थी। महंगाई दर में गिरावट से मौजूदा चक्र में आरबीआई को नीतिगत दरों में और ज्यादा कटौती के लिए मदद मिल सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बेहतर उत्पादन के कारण सब्जियों और दालों की कीमतों में बड़ी गिरावट आई है। बेहतर मानसून से प्याज और आलू के प्रमुख उत्पादक राज्यों में पहले ही ज्यादा बारिश हो चुकी है। ऐसे में बारिश पर नजर रखने की जरूरत है, क्योंकि मई में टमाटर और आलू की कीमतों में भी कुछ क्रमिक वृद्धि देखने को मिली है। हालांकि, टमाटर, प्याज व आलू की अच्छी आवक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमतों में नरमी से महंगाई पर अंकुश लगेगा। अप्रैल की तुलना में मई में 20 वस्तुओं में से 10 की कीमतों में तेज गिरावट आई है। टमाटर की खुदरा कीमत लगातार 5वें महीने घटी है, हालांकि इसकी गति धीमी रही है।




### 10वें महीने भी गिरा मसूर दाल का भाव

मसूर दाल की खुदरा कीमतों में गिरावट लगातार 10वें महीने रही। मई, 2025 में अरहर की खुदरा कीमत में सालाना आधार पर 18.9 फीसदी गिरावट देखी गई। बेहतर उत्पादन और अधिक आयात से दालों की कीमतों की गिरावट को समर्थन मिला है। 2024-25 में दालों का आयात 46.3 फीसदी बढ़ा है। अनाजों में चावल की खुदरा कीमत 4.5 फीसदी घट गई है। सालाना आधार पर आटा की खुदरा कीमत 2.5 फीसदी तक बढ़ी है। गुड़, चाय और नमक पैक जैसी विविध वस्तुओं के दाम में भी नरमी देखी गई। खाद्य तेलों के भाव स्थिर रहे।

**बेहतर प्रबंधन-सरकारी नीतियों का दिखा असर** – उपभोक्ता मामलों के विभाग की सचिव निधि खरे ने कहा, पिछले दो वर्षों से अलनीनो का प्रभाव बहुत ज्यादा था। इससे एक-डेढ़ महीने तक गर्मी ज्यादा होने से कृषि उत्पाद प्रभावित होते थे। लेकिन, सरकार की नीतियां और हमारे विभाग के बेहतर प्रबंधन का असर है कि कीमतें स्थिर और कम हुई हैं। हमारा प्रयास कीमतों को स्थिर रखकर ग्राहकों को राहत देना है।

# चिंताजनक: भारत के 40 प्रतिशत अमीर कर्ज में डूबे

## 43 प्रतिशत नहीं बचा पा रहे 20 प्रतिशत आय; सर्वे में सामने आई चौंकाने वाली हकीकत

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और शेयर बाजारों में उछाल के बावजूद बड़ी संख्या में देश के हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल (एचएनआई) यानी बेहद अमीर भी वित्तीय लक्ष्यों को हासिल करने में नाकाम हो रहे हैं। इन वित्तीय लक्ष्यों में बच्चों की पढ़ाई से लेकर सेवानिवृत्ति फंड जुटाना शामिल है। चिंताजनक बात है कि कमाई में तेज वृद्धि के बावजूद ज्यादातर एचएनआई पर्याप्त बचत नहीं कर पा रहे हैं और इनमें से 40 फीसदी भारी कर्ज से जूझ रहे हैं।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) नियंत्रित मार्सेलस इन्वेस्टमेंट और डन एंड ब्रैडस्ट्रीट की इंडिया वेल्थ सर्वे-2025 रिपोर्ट में कहा गया है कि सीमित बचत, भारी कर्ज और अमीरों के बीच वित्तीय योजना की कमी चिंताजनक तस्वीर पेश करती है। शेयर बाजार में रिकॉर्डतोड़ तेजी के बावजूद भारतीय एचएनआई अपनी सीमित आर्थिक प्रगति से असंतुष्ट और निराश महसूस कर रहे हैं।

करीब 43 फीसदी एचएनआई टैक्स चुकाने के बाद अपनी कमाई का 20 फीसदी हिस्सा भी नहीं बचा पा रहे हैं। 30 से 45 साल के अमीरों में यह समस्या और गंभीर है। कर्ज के मोर्चे पर रिपोर्ट में कहा गया है कि 30-45 साल के 50 फीसदी एचएनआई उधारी में डूबे हैं, जो उन्हें सेवानिवृत्ति फंड जुटाने, मकान खरीदने और बच्चों की शिक्षा जैसे बड़े वित्तीय लक्ष्य बनाने से रोक रहा है।

यह सर्वे देश के मेट्रो, टियर-1 और टियर-2 शहरों के 30 साल से अधिक उम्र के 465 लोगों पर किया गया है, जिनकी टैक्स चुकाने के बाद सालाना आय 20 लाख से ज्यादा है। एचएनआई का मतलब उस व्यक्ति से है, जिसके पास 5 करोड़ से अधिक की निवेश योग्य संपत्ति है।



### सुझावः समस्याओं से निजात के तीन समाधान

एचएनआई को इन परेशानियों से निजात दिलाने के लिए रिपोर्ट में तीन समाधान सुझाए गए हैं। इनमें निशुल्क व्यक्तिगत लक्ष्य नियोजन, परिसंपत्ति आवंटन व विविध पोर्टफोलियो (जिसमें वैश्विक शेयर शामिल हों) तक पहुंच व निवेश यात्रा के दौरान निरंतर समर्थन का प्रस्ताव शामिल हैं। रिपोर्ट से स्पष्ट संदेश मिलता है कि भारतीय अमीरों को ज्यादा बचत करनी होगी। सपनों को हकीकत में बदलने के लिए अपने निवेश को बेहतर तरीके से फैलाना होगा।

### महत्वाकांक्षाएं बड़ी, पर ठोस योजना का अभाव

रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकतर एचएनआई की महत्वाकांक्षाएं बड़ी हैं। मसलन, 75 फीसदी अमीर अपने बच्चों की शिक्षा और शादी का खर्च उठाना चाहते हैं, जबकि 40 फीसदी की मकान खरीदने या व्यवसाय शुरू करने की योजना हैं। कई लोग जल्द सेवानिवृत्त होने का सपना भी देखते हैं, लेकिन इनमें से बहुत कम अमीरों के पास कोई ठोस वित्तीय योजना है।

### रियल एस्टेट सबसे पसंदीदा निवेश विकल्प

रियल एस्टेट अब भी सबसे पसंदीदा निवेश विकल्प है। आधे से ज्यादा एचएनआई ने अपनी संपत्ति का 20 फीसदी से अधिक हिस्सा रियल एस्टेट में लगाया है। सिर्फ एक तिहाई ने शेयर बाजार में इतना निवेश किया है। 25 फीसदी को वैश्विक निवेश की जानकारी ही नहीं है।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 06-06-2025 21:41 Page 1



# जगन्नाथ मंदिर में रथयात्रा की तैयारी जोरों पर

- रथ को अंतिम रुप देने में जुटे कारीगर
- आयोजन समिति व्यवस्था में जुटी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण।** हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड अंतर्गत सियरकोनी गांव स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में आगामी 27 एवं 28 जून को आयोजित होने वाली भव्य रथयात्रा की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। आयोजन को लेकर पूरे गांव में धार्मिक उल्लास और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है। चारों ओर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के जयकारे गूंज रहे हैं।

मंदिर परिसर में रथ निर्माण और सजावट का कार्य तेजी से चल रहा है। लकड़ी, कपड़े, फूल और सजावटी सामग्री से रथ को भव्य रूप दिया जा रहा है। स्थानीय कारीगर दिन-रात मेहनत कर रथ को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। वहीं आयोजन समिति के सदस्य मंदिर प्रबंधन और ग्रामीणों के सहयोग से व्यवस्थाओं को व्यवस्थित करने में जुटे हुए हैं।

इस वर्ष की रथयात्रा को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए गांव-गांव जाकर लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। इस प्रचार-प्रसार में डॉ. केशवानंद प्रभु, प्रभु संजय सिंह एवं अभिषेक सिंह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

समिति के अनुसार रथयात्रा के दौरान भजन-कीर्तन, झांकी, धार्मिक प्रवचन एवं प्रसाद वितरण जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचने के लिए उत्साहित हैं, जो एक विशेष पुण्य का कार्य माना जाता है।

इस भव्य आयोजन में हर वर्ष क्षेत्र के कोने-कोने से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। समिति ने बताया कि विगत दो वर्षों से लगातार इस रथयात्रा का आयोजन किया जा रहा है और यह परंपरा अब एक भव्य वार्षिक उत्सव का रूप ले चुकी है। पिछले वर्षों में भी लाखों श्रद्धालु आयोजन में शामिल हुए थे और इस बार उससे भी अधिक भीड़ की संभावना जताई जा रही है।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और सुचारु आयोजन को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। स्वयंसेवकों की टीम, मेडिकल सुविधा, पेयजल, साफ-सफाई और पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जा रही है।

आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं और आमजन से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर इस धार्मिक उत्सव का हिस्सा बनें और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करें। इस पावन अवसर पर सियारकोनी गांव एक बार फिर अध्यात्म, संस्कृति और भक्ति के रंग में रंगने को तैयार है।

# शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लापरवाही पर भड़के सांसद



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल की लगातार मिल रही शिकायतों से क्षुब्ध होकर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल शुक्रवार को औचक निरीक्षण पर अस्पताल पहुंचे। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि अस्पताल अधीक्षक डॉ. अनुकरण पूर्ति, जिनसे मिलने के लिए सांसद पहुंचे थे, वे सूचना के बावजूद मौके से अनुपस्थित पाए गए। इस दौरान सांसद ने अस्पताल की दुर्व्यवस्था पर गहरी नाराजगी जताई और मौके पर मौजूद प्रिंसिपल डॉ. एसके सिंह, लेबर रूम एचओडी डॉ. रामेश्वरी बेग तथा डिप्टी सुपरिंटेंडेंट डॉ. एके सिंह से जवाबदेही मांगी। उन्होंने बुधवार रात लेबर रूम में प्रसव पीड़ा से तड़पती महिला को इलाज नहीं मिलने की घटना को ह्लअमानवीयह्व बताया और सीधे तौर पर अस्पताल प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए।

लेबर रूम में लापरवाही की पुष्टि के बाद सांसद ने डॉ. आकांक्षा की अनुपस्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि सुरक्षा का बहाना बनाकर चिकित्सक ड्यूटी से गायब रहते हैं, जो बेहद गंभीर मामला है। सांसद ने स्पष्ट शब्दों में कहा, जरूरतमंद मरीजों के साथ किसी भी प्रकार का चिकित्सीय खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान सामने आया कि अस्पताल में सुरक्षा के नाम पर 20 होमगार्ड और 20 निजी सुरक्षा गार्ड तैनात हैं, इसके बावजूद महिला डॉक्टर सुरक्षा के नाम पर रात्रि ड्यूटी से अनुपस्थित रहती हैं। सांसद ने इस पर आपत्ति जताई और सवाल किया कि जब सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम हैं, तो फिर असुरक्षा की बात कहां से आ रही है?

बातचीत के दौरान सांसद ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से भी फोन पर इस मामले की जानकारी दी। हालांकि मंत्री ने डॉक्टर की सुरक्षा का हवाला देते हुए उनका पक्ष लिया, लेकिन सांसद ने बताया कि अस्पताल परिसर में चार एकड़ में फैला पुलिस पिकेट और भारी संख्या में सुरक्षाकर्मी होने के बावजूद यदि डॉक्टर असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, तो यह व्यवस्था की विफलता है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रिंसिपल डॉ. एसके सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अधीक्षक, लेबर रूम एचओडी और अनुपस्थित महिला चिकित्सक को 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश देते हुए शो कॉज नोटिस जारी कर दिया है।

इसके अलावा अधीक्षक की अनुपस्थिति में डॉ. अजय कुमार सिंह को अस्थायी रूप से अधीक्षक के कार्यभार का जिम्मा सौंपा गया है।

## प्रसव कक्ष में महिला को प्रवेश न देने की घटना पर उपायुक्त सख्त

**हजारीबाग।** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में चलकुशा प्रखंड की एक गर्भवती महिला को प्रसव के लिए अस्पताल लाने के बावजूद प्रसव कक्ष का दरवाजा न खोलने की गंभीर घटना सामने आई है। इस अमानवीय लापरवाही को लेकर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने तुरंत संज्ञान लेते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है।उन्होंने मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक से वार्ता कर तत्काल जांच टीम गठित करने और विस्तृत जांच रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जो भी दोषी इस घटना के लिए उत्तरदायी पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध कड़े प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने यह भी कहा कि इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए अस्पताल प्रबंधन को हर स्तर पर सतर्क और उत्तरदायी रहना होगा। उन्होंने सेवाओं में मानवीय संवेदनाओं को सर्वोपरि रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

# सरकारी विद्यालयों से परीक्षा में सफल छात्रों को उपायुक्त ने किया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूँटी।** जिले के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत कुल 26 छात्र-छात्राओं ने बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इन मेधावी विद्यार्थियों को उपायुक्त आर रॉनिटा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में उपायुक्त ने बच्चों से संवाद कर उनके करियर की योजनाओं को जाना और उन्हें भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि जिले की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई आर्थिक कारणों से बाधित नहीं होने दी जाएगी। उच्च शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति और अन्य शासकीय योजनाओं के माध्यम से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

उपायुक्त ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि इन छात्रों की सफलता जिले के सरकारी विद्यालयों की गुणवत्ता और शिक्षकों के समर्पण को दर्शाती है। साथ ही उन्होंने अन्य विद्यार्थियों से भी प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

# ई-गवर्नेंस एवं टेलीकॉम समिति की बैठक सम्पन्न

## उपायुक्त ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** आज समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी खूंटी एवं जिला टेलीकॉम कमेटी खूंटी की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में झारसेवा, भारत नेट, मोबाइल नेटवर्क, आधार एवं सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि झारसेवा पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा बिना ठोस कारण के किसी भी आवेदन को अस्वीकृत न किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से जाति, आवासीय, मैरेज सर्टिफिकेट समेत अन्य प्रमाण पत्रों के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी आम नागरिकों को देने एवं उन्हें जागरूक करने पर बल दिया।

भारत नेट परियोजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी पंचायत भवनों में भारत नेट कनेक्टिविटी का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने भारत नेट के नियमित रिचार्ज तथा ऑप्टिकल फाइबर केबल के क्षतिग्रस्त हिस्सों को शीघ्र दुरुस्त कराने हेतु रांची से समन्वय बनाए रखने का भी निर्देश दिया।

सीएससी केंद्रों की स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने उनके बेहतर संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और यह सुनिश्चित करने को कहा कि नागरिकों को सभी सुविधाएं सरल एवं पारदर्शी रूप में उपलब्ध हों।

बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, सीएससी मैनेजर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डीएफओ ने संजय महतो को किया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पश्चिमी वन प्रमंडल, हजारीबाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पंडरिया वन समिति को सम्मानित किया गया।

इस सम्मान समारोह में डीएफओ मौन प्रकाश ने पंडरिया वन समिति के अध्यक्ष संजय महतो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। यह सम्मान समिति द्वारा पंडरिया वन क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण, वनीकरण और वन्य जीवन सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए सराहनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान डीएफओ ने कहा कि स्थानीय वन समितियां जंगलों के संरक्षण और संवर्धन में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने पंडरिया समिति के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की सक्रिय समितियों से अन्य क्षेत्रों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। सम्मान प्राप्त होने पर वन समिति के सदस्यों ने प्रसन्नता जताई और भविष्य में और बेहतर कार्य करने का संकल्प लिया। अध्यक्ष संजय महतो ने बताया कि समिति का उद्देश्य केवल जंगल बचाना नहीं, बल्कि समुदाय को भी वन संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना है। यह सम्मान न केवल समिति के लिए गर्व की बात है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए भी एक प्रेरणा है।

# जेल मैनुअल का पालन करते हुए सुनिश्चित करें व्यवस्थाएं : उपायुक्त

## उपायुक्त की अध्यक्षता में केन्द्रीय कारा समिति की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में आज कारा सुरक्षा समिति की बैठक हुई। उपायुक्त के कार्यालय वेश्म में आयोजित इस बैठक में मेदिनीनगर केन्द्रीय कारा सुरक्षा से संबंधित एवं कारा में संसाधनों को बेहतर करने की दिशा में विचार-विमर्श हुआ। उपायुक्त ने मेदिनीनगर केन्द्रीय कारा में जेल मैनुअल के अनुरूप सुरक्षात्मक उपायों, मूलभूत सुविधाओं, स्वास्थ्य जांच, पेयजल, शौचालय, फायर सेफ्टी, फस्ट एड किट की व्यवस्था, कैदियों/बंदियों से मुलाकाती पर विशेष ध्यान रखने का निदेश दिया। उन्होंने बंदियों के जीवन में सुधार हेतु आवश्यक सुविधाएं बेहतर करने का निदेश दिया।

कारा में सुरक्षा के दृष्टिकोण से कारा के सामने वाले मुख्य दीवार को और ऊंचा कर दीवार पर कटीले तार लगाए जाने का निर्णय लिया गया। वहीं पेयजलापूर्ति की समस्या के समाधान हेतु बोरिंग कराए जाने का भी निर्णय लिया गया। कारा में अधिष्ठापित सुरक्षा उपकरणों के संचालन हेतु निर्वाध विद्युत आपूर्ति की आवश्यकता पर बल दिया गया। स्थानीय थाना द्वारा कारा के वाह्य परिसर में गश्ती बढ़ाने का निर्देश दिया गया, ताकि आसपास भी निगरानी की जा सके।

कारा में हॉस्पिटल भवन का एक सप्ताह में रिपेयर करने का निदेश भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को दिया गया। बंदियों के नियमित स्वास्थ्य जांच को लेकर सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से कारा में चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति की गई है। उपायुक्त ने प्रतिनियुक्त चिकित्सक को अपनी जिम्मेवारी समझते हुए कारा में उपस्थित रहकर बंदियों का नियमित स्वास्थ्य जांच करने का निदेश दिया।

उपायुक्त ने महिला वार्ड में महिला बंदियों के लिए महिला स्वास्थ्यकर्मियों (एएनएम/जीएनएम) की प्रतिनियुक्ति कर उनका स्वास्थ्य जांच करवाने का निदेश सिविल सर्जन को दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, मेदिनीनगर केंद्रीय कारा के अधीक्षक भागीरथी कार्जी, जेलर आशीष कुमार, स्पेशल ब्रांच के डीएसपी दीपक कुमार, सिविल सर्जन अनिल सिंह, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मंगलवार और शुक्रवार को लगेगा जनता दरबार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी।** जनता की समस्याओं के समाधान हेतु केरेडारी प्रखंड कार्यालय में तय हुआ साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन। जनता दरबार में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जनसुनवाई होगा। प्रखण्ड कार्यालय में इसकी सूचना पत्र चिपकाया गया।

आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासनिक पारदर्शिता के उद्देश्य से केरेडारी प्रखंड मुख्यालय में अब प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार और शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी की गई है। इस आशय की सूचना कार्यालय परिसर में सार्वजनिक सूचना पत्र (इस्तेहार) के माध्यम से चिपकाई गई है, ताकि आम नागरिक निर्धारित दिनों में पहुंचकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रख सकें और समाधान पा सकें।

# उपायुक्त ने पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

## समाहरणालय एवं जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट प्लस टू विद्यालय परिसर में लगाये पौधे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर समाहरणालय परिसर एवं जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट प्लस टू विद्यालय परिसर में उपायुक्त आर. रॉनिटा द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, डीसीएलआर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, समेत अन्य पदाधिकारी ने भी पौधा रोपण किया। पौधा रोपण के पश्चात उपायुक्त ने आमजनों से अपील किया कि वह भी पौधा रोपण आवश्य करें एवं अपने आस पास के क्षेत्र को साफ रखे। जिससे जिला को स्वच्छ, सुंदर एवं हरा भरा बनाया जा सके।

उल्लेखनीय है कि विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पूरे विश्व में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी। इसे 5 जून से 16 जून तक संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण सम्मेलन में चर्चा के बाद शुरू किया गया था। 5 जून 1974 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसके पश्चात से हर वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है।

जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट प्लस टू विद्यालय खूँटी परिसर में पौधरोपण के पश्चात उपायुक्त द्वारा विद्यालय में पठन-पाठन का भी जायजा लिया गया एवं विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं से मुलाकात भी किया गया। उपायुक्त ने स्मार्ट क्लासरूम, लाइब्रेरी, लैबोरेटरी एवं अन्य का निरीक्षण किया। वहीं स्कूली छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर उन्हें विद्यालय में पढ़ाए जा रहे विषयों की जानकारी ली। विद्यालय का सुचारू रूप से संचालन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को लेकर उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को कई आवश्यक निर्देश भी दिए।

## कार की चपेट में आने से मौत

**खेसरहा।** खेसरहा थाना क्षेत्र के बांसी-मेंहदावल मार्ग स्थित बजरंग चौराहे के पास तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से मां-बेटे की मृत्यु हो गई तथा दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये है। गंभीर रूप से घायलों को मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर रेफर कर दिया गया है। टक्कर में कार सवार दो लोगों को भी चोटें आई है।

# विधिक जागरुकता शिविर 14 जून को




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** जिला के त्रिस्तरीय पंचायत जनप्रतिनिधियों के लिए एक दिवसीय विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन आगामी 14 जून को बिरसा कॉलेज के ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इस अवसर पर झारखंड उच्च न्यायालय के जोनल जज का आगमन प्रस्तावित है।

उक्त कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उपायुक्त आर. रॉनिटा के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने हेतु स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉलों के माध्यम से पंचायत जनप्रतिनिधियों तथा आम लाभुकों को सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही, लाभुकों के बीच विविध परिसंपत्तियों का वितरण भी किया जाएगा। बैठक में जिला पचायती राज पदाधिकारी डॉ. शिशिर कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विधि-व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर उपायुक्त व एसपी ने किया संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** बकरीद पर्व के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए हजारीबाग और आसपास के क्षेत्रों में प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। आज 6 जून को उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन सहित सदर एसडीएम वैद्यनाथ कामती व अन्य वरीय अधिकारियों ने हजारीबाग के विभिन्न स्थानों यथा पेलावल थाना क्षेत्र, लोहसिंगना थाना क्षेत्र, कटकमसांडी क्षेत्र एवं बड़कागांव एवं इचाक के संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च किया।

उपायुक्त ने बताया कि इसका उद्देश्य शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व को संपन्न कराना है। उन्होंने आम जनता से पर्व को शांतिपूर्वक मनाने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील भी की है। इसके अतिरिक्त बरकट्ठा, बरही, विष्णुगढ़ और चलकुशा जैसे क्षेत्रों में भी पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च किए गए हैं। जिला प्रशासन ने किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। उपायुक्त ने शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठकें कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की है।

शांति और सौहार्द की अपीलः जिला प्रशासन ने सभी समुदाय के लोगों से बकरीद का पर्व शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की है। संवेदनशील और महत्वपूर्ण स्थानों पर उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा फ्लैग मार्च किया गया है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके और लोगों में सुरक्षा का भाव बना रहे।

जिला प्रशासन द्वारा शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठकें की गई हैं, जिसमें पेयजल, बिजली, साफ-सफाई और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई और उनके समाधान का आश्वासन दिया गया। अफवाहों और दुष्प्रचार को रोकने के लिए सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। ऐसी किसी भी गतिविधि पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# फॉरेस्ट एक्ट का फरार वारंटी रामबली यादव गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** चौपारण थाना पुलिस ने शुक्रवार को एक पुराने फॉरेस्ट केस में फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रामबली यादव, पिता रघु यादव, ग्राम गरमोरवा थाना चौपारण के रूप में हुई है। उस पर वर्ष 2010 में दर्ज फॉरेस्ट केस संख्या 456/10 में कोर्ट से वारंट जारी हुआ था और वह लंबे समय से फरार था।

थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश इन दिनों क्षेत्र में पुराने मामलों के फरार वारंटियों की धरपकड़ को लेकर गंभीरता से अभियान चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि कोर्ट में सैकड़ों आपराधिक मुकदमे लंबित हैं और कई अभियुक्त वर्षों से गिरफ्तारी से बचते फिर रहे हैं। इससे अपराधियों का मनोबल बढ़ता जा रहा था, जिसे तोड़ने के लिए पुलिस सक्रिय हुई है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि कुछ दिन पूर्व भी दो फरार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इनमें गोवर्धन यादव, पिता राघव यादव, ग्राम दुरागढ़ा एवं मुकेश रजक, पिता उमा रजक, ग्राम टोइया थाना चौपारण शामिल हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी से कानून का भय कायम होता है और आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास भी बढ़ता है। चौपारण पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## एक जमीन का दो म्यूटेशन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने रांची के ललगुटवा में एक ही जमीन का दोबारा म्यूटेशन कराए जाने के मामले में प्रार्थी पर दस हजार का जुमार्ना लगाते हुए अपील याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने एकल पीठ के फैसले को बरकरार रखा है। अदालत ने कहा कि कि इस जमीन का दोबारा म्यूटेशन कराकर अनावश्यक रूप से वृद्ध महिला को परेशान किया गया है। इसलिए अपील दाखिल करने वाले अजीत कुमार बरियार पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया जाता है।

C M Y K

# विराट कोहली ने सिर्फ 18 साल इंतजार किया

## तेंदुलकर का इंतजार और भी लंबा था : सहवाग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली का आईपीएल ट्रॉफी के लिए लंबा इंतजार मंगलवार रात को खत्म हुआ जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को 6 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया। आरसीबीके स्टार खिलाड़ी 2008 में लीग की शुरुआत से सिर्फ आरसीबी जुड़े हैं और खिताब का सूखा खत्म करने में उन्हें 18 साल लग गए। लेकिन भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि तेंदुलकर का विश्व कप ट्रॉफी जीतने का इंतजार और भी लम्बा था और फिर भी उन्होंने कभी उम्मीद नहीं खोई। सहवाग ने एक क्रिकेट वेबसाइट से कहा, उन्होंने (कोहली ने) ट्रॉफी जीतने के लिए केवल 18 साल इंतजार किया। सचिन तेंदुलकर ने 1989 से 2011 तक इंतजार किया। इसलिए, कोहली को कम इंतजार करना पड़ा और फिर भी सचिन ने कभी उम्मीद नहीं खोई। उन्होंने मन बना लिया था कि वह विश्व कप ट्रॉफी को अपने हाथ में लेकर ही रहेंगे। सहवाग ने कहा कि कोहली जब भी कोई फैसला करेंगे, तो उन्हें राहत मिलेगी और वे बिना किसी पछतावे के संन्यास ले सकते हैं। पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा, विराट कोहली के लिए भी यही बात है। अब, वह राहत महसूस कर सकते हैं। वह जब चाहें आईपीएल खेलना बंद कर सकते हैं। एक खिलाड़ी ट्रॉफी जीतने के लिए खेलता है। पैसा आता है और जाता है, लेकिन ट्रॉफी जीतना आसान नहीं है। भले ही कोहली का इंतजार खत्म हो गया हो, लेकिन उन्होंने अभी भी उनके अभियान में बहुत मजबूत योगदान दिया है। गौर हो कि आरसीबीने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 190 रन बनाए। इसके जवाब में उतरी पंजाब किग्स का सफर रोलर कोस्टर वाला है और अंत में टीम को 6 रन से खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

# पीयूष चावला ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के दो बार के विश्व कप विजेता लेग स्पिनर पीयूष चावला ने शुक्रवार को पेशेवर क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी है। 36 वर्षीय चावला ने इंस्टाग्राम पोस्ट करके इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने लिखा, मैदान पर दो दशक से




अधिक समय बिताने के बाद इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहने का समय आ गया है। चावला में 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप जीत में भारतीय टीम का हिस्सा थे। चावला ने पेशेवर क्रिकेट में सभी प्रारूपों में 1000 से अधिक विकेट हासिल किए। 2012 में अपने अंतिम प्रदर्शन तक पांच वर्षों में भारत के लिए 3 टेस्ट, 25 वनडे और 7 टी20 मैच खेले जिसमें उन्होंने 43 विकेट लिए। चावला ने कहा, भारत का सर्वोच्च स्तर पर प्रतिनिधित्व करने से लेकर 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा बनने तक, इस अविश्वसनीय यात्रा में हर पल किसी वरदान से कम नहीं रहा है। ये यादें हमेशा मेरे दिल में रहेंगी। आईपीएल फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस को दिल से धन्यवाद जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया। इंडियन प्रीमियर लीग मेरे करियर का एक खास अध्याय रहा है और मैंने इसमें खेलते हुए हर पल को संजोया है। मैं अपने कोचों श्री के.के. गौतम और स्वर्गीय श्री पंकज सारस्वत का दिल से आभारी हूं, जिन्होंने मुझे एक क्रिकेटर के रूप में तैयार किया। उन्होंने आगे कहा, आज मेरे लिए बेहद भावुक दिन है क्योंकि मैं आधिकारिक तौर पर अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट के सभी प्रारूपों से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं। भले ही मैं क्रीज से दूर चला जाऊं, लेकिन क्रिकेट हमेशा मेरे भीतर रहेगा। अब मैं इस खूबसूरत खेल की भावना और सबक को अपने साथ लेकर एक नई यात्रा शुरू करने के लिए उत्सुक हूं।

# न्यूज़ीलैंड टीम के हेड कोच बने रॉब वाल्टर

**क्राइस्टचर्च ।** अगले तीन सालों के लिए सभी फॉर्मेट में रॉब वाल्टर को ब्लैककैप्स का हेड कोच नियुक्त किया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया। रॉब वाल्टर की नियुक्ति जून के मध्य से लेकर अक्टूबर-नवंबर 2028 में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप तक प्रभावी रहेगी। इसका मतलब है कि वाल्टर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप, 2028 एलए ओलंपिक और तीन प्रमुख आईसीसी ईवेंट्स (आईसीसी 2026 टी20 वर्ल्ड कप, आईसीसी 2027 क्रिकेट वर्ल्ड कप और आईसीसी 2028 टी20 वर्ल्ड कप) समेत एक व्यस्त अंतरराष्टीय कार्यक्रम में कीवी टीम की देखरेख करेंगे। रॉब वाल्टर ने न्यूजीलैंड पुरुष टीम के हेड कोच के रूप में बेहद सफल रहे गैरी स्टीड की जगह ली है। वाल्टर का कहना है कि वह गैरी स्टीड के शानदार काम को आगे बढ़ाने के साथ खिलाड़ियों और स्टाफ के ऐसे हाई परफॉरमेंस ग्रुप में योगदान देने की जिम्मेदारी मिलने पर सम्मानित और उत्साहित हैं।



एनजेडसी ने वाल्टर के हवाले से कहा, ब्लैक कैप्स पिछले कुछ समय से विश्व पटल पर एक सफल और उच्च-सम्मानित टीम रही है। इसमें योगदान देने का मौका मिलना सच में सौभाग्य की बात है। ऐसे समय में खिलाड़ियों और सपोर्टिंग स्टाफ के इतने टैलेंटेड ग्रुप के साथ काम करना एक अद्भुत मौका है, जिसमें इतने सारे ग्लोबल इवेंट्स के साथ-साथ द्विपक्षीय सीरीज भी आयोजित की जाएंगी। यह रोमांचक है, यह चुनौतीपूर्ण है और सभी के लिए मौका बहुत बड़ा है।

वाल्टर का जन्म दक्षिण अफ्रीका में हुआ था। वह हाल ही में दक्षिण अफ्रीकी पुरुष क्रिकेट टीम (व्हाइट बॉल) के कोच थे। दक्षिण अफ्रीकी टीम वाल्टर के मार्गदर्शन में क्रिकेट वर्ल्ड कप-2023 के सेमीफाइनल, चैंपियंस ट्रॉफी-2025 के सेमीफाइनल और टी20 विश्व कप- 2024 के फाइनल में पहुंची थी।

वाल्टर ने साल 2022 में भारत में पुरुषों की न्यूजीलैंड ए टीम को भी कोचिंग दी। वह इससे पहले पुणे वारियर्स और दिल्ली डेयरडेविल्स के असिस्टेंट कोच रहने के अलावा दक्षिण अफ्रीकी टीम ईस्टर्न टाइटंस के हेड कोच भी रह चुके हैं।

वाल्टर ने पहले ओटागो वोल्ट्स और सेंट्रल स्टैग्स के लिए हेड कोच की भूमिकाएं निभाईं। ओटागो वोल्ट्स के साथ अपने कार्यकाल के दौरान वाल्टर ने टीम को 2019-20 में सुपर स्मैश प्ले-ऑफ में पहुंचाया और 2018-19 और 2019-20 में बैक-टू-बैक फोर्ड ट्रॉफी फाइनल में पहुंचाया। सेंट्रल स्टैग्स के साथ उनका समय और भी प्रभावशाली था। टीम ने 2021-22 में फोर्ड ट्रॉफी फाइनल में जगह बनाई। इसके बाद 2022-23 में फोर्ड ट्रॉफी और प्लंकेट शील्ड दोनों में चैंपियनशिप जीत हासिल की। एनजेडसी के चीफ एग्जीक्यूटिव स्कॉट वेनिंक ने इसे वाल्टर के लिए यह सही समय और जगह बताया है।

वेनिंक ने कहा, रॉब एक वर्ल्ड क्लास कोच हैं, जिनका अनुभव शानदार है। न्यूजीलैंड के डोमेस्टिक गेम में उनकी सफलता, दक्षिण अफ्रीका के साथ वैश्विक मंच पर उनकी हालिया उपलब्धियों के साथ मिलकर उन्हें ब्लैककैप्स को लीड करने के लिए आदर्श उम्मीदवार बनाती है। हम रॉब का घर पर स्वागत करते हुए उत्साहित हैं, जो हमारी टीम को तीन प्रमुख आईसीसी इवेंट्स सहित एक रोमांचक और चुनौतीपूर्ण अवधि के माध्यम से मार्गदर्शन करेंगे।

# लामिन यमल का शानदार प्रदर्शन, फ्रांस को हराकर फाइनल में स्पेन

**नेशंस लीग 2025**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लामिन यमल के दो गोल की मदद से स्पेन ने स्टटगार्ट में खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल में फ्रांस के खिलाफ 5-4 से जीत दर्ज की। इसी के साथ स्पेन ने नेशंस लीग के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। स्पेन लगातार तीसरी बार नेशंस लीग के फाइनल में पहुंचा है। टीम पिछले 12 नेशंस लीग मुकाबलों से (8 जीत, 4 ड्रॉ) में अजेय है। अब ये टीम फाइनल में पुर्तगाल से भिड़ेगी।

स्पेन ने मुकाबले की शानदार शुरुआत की। फ्रांस ने गेंद को अपने पास रखा और स्पेन की रक्षापंक्ति को भेदने की कोशिश की। मुकाबले के 22वें मिनट स्टार खिलाड़ी लामिन यमल ने बॉक्स में ओयारजाबल को पास दिया। ओयारजाबल ने डिफेंडर्स को चकमा देते हुए गेंद निको विलियम्स को दी, जिन्होंने गेंद को नेट के ऊपर से मारते हुए मुकाबले का पहला गोल दागा। इसके तीन मिनट बाद (25वें मिनट) मिकेल मेरिनो और ओयारजाबल ने गेंद तेजी से एक-दूसरे को पास की और मेरिनो ने गेंद को बॉक्स के अंदर डाल दिया। मुकाबले के 54वें मिनट यामल ने पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 3-0 कर दिया और एक मिनट बाद पेड्री ने चौथा गोल दाग दिया।

यहां तक स्पेन के पास 4-0 से शानदार लीड थी, लेकिन 59वें मिनट में फ्रांसीसी कप्तान किलियन एम्बाप्पे ने आगे बढ़कर गोल किया। इसी के साथ फ्रांस ने आखिरकार अपना खाता भी खोल लिया। हालांकि, स्पेन ने अपना नियंत्रण बनाए रखा और 67वें मिनट यमल ने फिर से गोल दागकर स्कोर को 5-1 कर दिया।

63वें मिनट में दोनों टीमों ने बदलाव किए। फ्रांस ने कालुलु, डोए और ओलिसे की जगह बारकोला, गुस्टो और चेर्की को मैदान में उतारा गया, जबकि स्पेन ने विलियम्स और पेड्री की जगह रुइज और ओल्मो को मैदान में उतारा। 79वें मिनट रेयान चेर्की ने काइलियन एमबाप्पे की मदद से गोल दागकर स्कोर 5-2 से कर दिया। 84वें मिनट में दानी विवियन के गोल दागकर स्पेन को चौंका दिया। इसके बाद 90+3 मिनट में एक और मौका




मिला जब रैंडल कोलो मुआनी ने चेर्की के सटीक क्रॉस को हेडर से गोल में बदला और स्कोर 5-4 हो गया। स्पेन के कोच लुइस डे ला फुएंते ने जीत के बाद कहा, मैं खुश हूं। जब आज की तरह दो बेहतरीन टीमें आमने-सामने होती हैं, तो यह सामान्य बात है कि हर टीम अपने पलों का भरपूर फायदा उठाती है। हमें हर गेम से सीखने और खेल को सकारात्मक नजरिए से देखने की जरूरत है। प्लेयर ऑफ द मैच यमल ने कहा, जब इस तरह की दो बेहतरीन टीमें खेलती हैं, तो आप कई बार बहुत सारे गोल देखते हैं। वे आपको अंत तक परेशान करेंगे, लेकिन हमने जो गलतियां कीं, उसके बावजूद हम फाइनल में पहुंचे। हम जानते थे कि हम क्या करना चाहते हैं। हम इतिहास बनाना चाहते थे। जब आप जीत रहे होते हैं, तो सबसे बड़ी बात जीतते रहना है।



# एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के नाम से टेस्ट सीरीज, ऐसा रहा है इन दिग्गजों का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत-इंग्लैंड के बीच 20 जून से शुरू हो रही पांच मुकाबलों की टेस्ट सीरीज एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के नाम से जानी जाएगी। आगामी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने यह निर्णय लिया है।

ट्रॉफी का आधिकारिक अनावरण तेंदुलकर और एंडरसन खुद 11 जून से शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान लॉर्ड्स में करेंगे। अब तक भारत और इंग्लैंड मेजबान देश के आधार पर अलग-अलग ट्रॉफी के लिए खेलते थे। इंग्लैंड में पटौदी ट्रॉफी दी जाती थी, जिसका नाम भारत के पूर्व कप्तान मंसूर अली खान पटौदी के नाम पर रखा गया था। भारत में, यह सीरीज एंथनी डी मेलो ट्रॉफी के लिए खेली जाती थी, जिसका नाम भारतीय क्रिकेट प्रशासन के संस्थापक के नाम पर था।

इस साल टेस्ट सीरीज को भारत के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और इंग्लैंड के महानतम तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के नाम पर रखा गया है। आइए, जानते हैं कि दोनों खिलाड़ियों का एक-दूसरे देश के खिलाफ टेस्ट रिकॉर्ड कैसा रहा है।

सचिन तेंदुलकर टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने साल 1989 से 2013 के बीच टेस्ट फॉर्मेट खेला। इस दौरान 200 टेस्ट में 15,921 रन बनाए। वहीं, जेम्स एंडरसन ने साल 2003 से 2024 के बीच टेस्ट फॉर्मेट खेला। वह इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा 704 विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज हैं। सचिन तेंदुलकर ने इंग्लैंड के विरुद्ध 32 टेस्ट खेले, जिसमें सात शतक और 13 अर्धशतक के साथ 2,535 रन बनाए। मास्टर-ब्लास्टर ने इंग्लैंड की सरजमीं पर 17 टेस्ट खेले, जिसमें 1575 रन जड़े। इस दौरान उनके बल्ले से चार शतक और आठ अर्धशतक आए। बात अगर जेम्स एंडरसन की करें, तो इस गेंदबाज ने भारत के विरुद्ध 39 टेस्ट में 149 शिकार किए, जिसमें छह बार फाइव-विकेट हॉल शामिल है। वहीं, अगर भारतीय सरजमीं पर उनका प्रदर्शन देखें, तो एंडरसन ने यहां 17 टेस्ट में 44 शिकार किए।

# ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे भारत के 15 खिलाड़ी, गुकेश और प्रज्ञानंद भी शिरकत करेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व चैंपियन डी गुकेश, अर्जुन एरिगैसी, आर प्रज्ञानंद, आर वैशाली और कोनेरू हम्पी समेत 15 भारतीय खिलाड़ियों ने उज्बेकिस्तान के समरकंद में तीन से 16 सितंबर तक होने वाले 2025 फिडे ग्रैंड स्विस और महिला ग्रैंड स्विस के लिए क्वालिफाई कर लिया है। फिडे ग्रैंड स्विस (ओपन) में गुकेश, एरिगैसी और प्रज्ञानंद के अलावा आठ अन्य भारतीय हिस्सा ले रहे हैं। इसमें अरविंद चिदंबरम, विदित गुजराती, पेंटाला हरिकृष्णा, निहाल सरीन, रौनक साधवानी, मुरली कार्तिकेयन, अभिमन्यु पौराणिक और आर्यन चोपड़ा शामिल है।

वैशाली और हम्पी के साथ महिला ग्रैंड स्विस में हरिका द्रोणावल्ली और दिव्या देशमुख भी शामिल होंगी। वंतिका अग्रवाल इस टीम की रिजर्व खिलाड़ी है। शतरंज कैलेंडर में सबसे महत्वपूर्ण आयोजनों में से



एक फिडे ग्रैंड स्विस खिलाड़ियों को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाने का सीधा रास्ता देता है। फिडे ने कहा, ग्रैंड स्विस की तालिका में शीर्ष दो में रहने वाले पुरुष खिलाड़ी 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में स्थान सुरक्षित करेंगे, जबकि महिला ग्रैंड स्विस में शीर्ष दो खिलाड़ी 2026 महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफिकेशन हासिल करेंगी। फिडे ने इसके साथ ही टूर्नामेंट में पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी की घोषणा करते हुए कहा कि पुरुष वर्ग में 36 प्रतिशत जबकि महिला वर्ग में 64 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। पुरुष वर्ग की कुल इनामी राशि 6,25,000 डॉलर है जबकि महिला वर्ग के लिए यह रकम 230,000 डॉलर है। दोनों टूर्नामेंट 11 दौर के स्विस प्रारूप में खेले जाएंगे, जिसमें विश्व भर से 170 खिलाड़ी भाग लेंगे। इसमें ग्रैंड स्विस में 114 और महिला ग्रैंड स्विस में 56 खिलाड़ी शामिल हैं।



# फ्रेंच ओपन: सबालेंका फ्रेंच ओपन के फाइनल में, डिफेंडिंग चैंपियन स्वियातेक को हराकर चौंकाया

**पेरिस, एजेंसी।** सबालेंका का सामना शनिवार को होने वाले फाइनल में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ और 361वीं रैंकिंग वाली वाइल्ड कार्ड धारक लोइस बोइसन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने इगा स्वियातेक के फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में 26 मैच में जीत के अभियान को विराम लगाते हुए गुरुवार को महिला एकल फाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने स्वियातेक को रोलां गैरो पर हुए सेमीफाइनल मुकाबले में तीन सेट में 7-6, 4-6, 6-0 से हराकर पेरिस में पहली बार फाइनल में प्रवेश किया।

सबालेंका की जीत ने स्वियातेक को 1968 में प्रतियोगिता में पेशेवर खिलाड़ियों को प्रवेश की स्वीकृति दिए जाने के बाद से इस क्ले-कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लगातार चार खिताब जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने से रोक दिया। इससे सबालेंका को अपना चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने का मौका भी मिलेगा। सबालेंका ने अब तक अपने तीनों ग्रैंडस्लैम खिताब हार्ड कोर्ट पर जीते हैं जिसमें दो ऑस्ट्रेलियाई ओपन और एक अमेरिकी ओपन खिताब शामिल है। बेलारूस की 27 वर्षीय सबालेंका ने कहा, यह अविश्वसनीय लगता है लेकिन मैं यह भी समझती हूं कि काम अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, वह सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वी है, विशेषकर क्ले कोर्ट पर, खासकर रोलां गैरो पर। मुझे गर्व है कि मैं यह जीत हासिल करने में सक्षम थी। यह एक कठिन मुकाबला था लेकिन मैं किसी तरह इसे जीतने में कामयाब रही।

सबालेंका का सामना शनिवार को होने वाले फाइनल में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ और 361वीं रैंकिंग वाली वाइल्ड कार्ड धारक लोइस बोइसन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

इरानी और वावसोरी की जोड़ी बनी फ्रेंच ओपन की मिश्रित युगल चैंपियन

इटली की तीसरी वरीयता प्राप्त सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी ने फ्रेंच ओपन के मिश्रित युगल वर्ग के फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त टेलर टाउनसेंड और इवान किंग की अमेरिका की जोड़ी को शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया। इटली की जोड़ी ने बृहस्पतिवार को यहां सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से आसान जीत दर्ज की। पिछले साल अमेरिकी ओपन जीतने के बाद यह उनका दूसरा बड़ा खिताब था। इरानी के लिए पेरिस में यह दूसरा बड़ा खिताब है। उन्होंने पिछले साल हमवतन जैस्मीन पाओलिनी के साथ महिला युगल में ओलंपिक स्वर्ण जीता था।

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना के सक्रिय मामले 5364, पिछले 24 घंटे में चार मरीजों की मौत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में आज कोरोना के मामलों में वृद्धि दर्ज हुई है। कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 5000 का आंकड़ा पार कर 5,364 पहुंच गई । केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में कोरोना के चार मरीजों की मौत हो गई । विभिन्न राज्यों में 4,724 लोग ठीक हो चुके हैं और उन्हें अस्पतालों और होम आइसोलेशन से छुट्टी दे दी गई है। आंकड़ों के अनुसार कोरोना से मरने वालों में एक मरीज केरल, कर्नाटक से दो और एक मौत पंजाब से रिपोर्ट हुई है। सभी मृतकों की आयु 65 से अधिक थी। यह लोग गंभीर रूप से बीमार थे। केरल 1,679 मामलों के साथ चार्ट में सबसे आगे है, उसके बाद गुजरात (615), पश्चिम बंगाल (596) और दिल्ली (562) है। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, आज दिल्ली में 5 प्रतिशत की सकारात्मकता दर के साथ 124 नए कोरोना मामले दर्ज किए गए ।

### राजस्व भवन बिल्डिंग में लगी आग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईटीओ में राजस्व भवन बिल्डिंग में शुक्रवार सुबह अचानक आग लग गई। खबर मिलते ही दमकल की सात गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गईं। दमकल अधिकारियों ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दमकल कर्मियों ने एक आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पाया। शुरुआती जांच में पता चला है कि आग एसी में लगी थी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। दमकल विभाग के अनुसार सुबह 9.57 बजे बजे सूचना मिली कि आईटीओ स्थित राजस्व भवन में आग लग गई है। सूचना मिलते ही एक-एक कर दमकल की सात गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकल अधिकारी के अनुसार आग दूसरी मंजिल पर स्थित कमरा नंबर 238 में लगी थी। दमकलकर्मियों ने आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पाया। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

### जासूसी मामले में सीआरपीएफ के बर्खास्त अधिकारी मोतीराम जाट की हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट के स्पेशल जज चंदरजीत सिंह ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोपित सीआरपीएफ के बर्खास्त अधिकारी मोतीराम जाट की एनआईए हिरासत 10 दिनों के लिए बढ़ा दी है। एनआईए ने 26 मई को मोतीराम को गिरफ्तार किया था। पहलगाम हमले से छह दिन पहले उसका वहां से ट्रांसफर किया गया था।

# दिल्ली सरकार 22 बड़े नालों का कराएगी सर्वे, नक्शा बनाकर होगा काम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए दिल्ली सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार हर उस नाले का सर्वे कराने जा रही है, जो सीवेज ट्रीटमेंट सिस्टम से नहीं जुड़ा है। इन नालों से बहने वाले बगैर शोधित गंदे पानी को यमुना में जाने से रोका जाएगा। 22 बड़े नालों में ऐसे रिसाव (सीधे यमुना में जाने वाले गंदे पानी) को रोकने की दिशा में काम शुरू हो चुका है।



दिल्ली सरकार के अधिकारियों के अनुसार, बगैर सीवेज नेटवर्क से जुड़े नालों की मैपिंग के लिए सर्वे करने के लिए एक विशेषज्ञ एजेंसी का चयन किया जाएगा। वह ऐसे नालों की नक्शा तैयार करेगी जिसका गंदा पानी यमुना में गिर रहा है। सर्वे को सितंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उसके बाद इंजीनियरों द्वारा डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। सरकार दिसंबर 2025 तक इन परियोजनाओं को अमल में लाने की तैयारी में है।

बता दें कि, बीते कुछ वर्षों से दिल्ली जल बोर्ड इंटरसेप्टर सीवर परियोजना पर काम कर रहा है, जिसके तहत सभी नालों का पानी नजदीक के सीवेज शोधन संयंत्र (एसटीपी) में भेजा जाना है। हालांकि, नजफगढ़ और शाहदरा जैसे बड़े नालों का पूरी तरह से रिसाव रोकना संभव नहीं है। ऐसे में 182 सब-ड्रेनों में से 26 को ट्रैप करने और बाकी का पानी नाले के मुहाने पर शोधित करने की योजना पर काम चल रहा है। इसके अतिरिक्त यमुना में सीधे गिरने वाले 22 नालों में से 9 के रिसाव की पहचान की जा चुकी है। दो ड्रेन दिल्ली गेट और सेन नर्सिंग होम ड्रेन में आंशिक रूप से रिसाव रोकने पर काम हुआ है। पूरा काम दिसंबर 2027 तक होगा। सात नालों के प्रवाह को अभी तक एसटीपी से जोड़ने के लिए डायवर्ट नहीं किया गया है।

सरकार केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के जरिए भी अपने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता का मूल्यांकन कराएगी। जिससे छोटे-छोटे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) की आउटपुट गुणवत्ता का मूल्यांकन किया जा सके। सीपीसीबी जुलाई 2025 तक सभी एसटीपी और उनके आउटफॉल्स का निरीक्षण करेगा और फिर दिल्ली जल बोर्ड (डीजेपी ) कार्ययोजना तैयार करेगा। उसके आधार पर उसमें जरूरी बदलाव किए जाएंगे।

वहीं, लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश वर्मा ने गुरुवार को मॉनसून से पहले महरौली विधानसभा में पांच प्रमुख नालों का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को 15 जून तक हर दिन रिपोर्ट भेजने के साथ नालों की सफाई का जीपीएस आधारित निगरानी करने का निर्देश दिया है।

# जेपी एसोसिएट्स के 9 हजार फ्लैट खरीदारों के लिए खुशखबरी, रजिस्ट्री का रास्ता साफ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जेपी एसोसिएट्स मामले में वर्षों से फंसे 13 सबलेसी (बिल्डर के आवंटी) अपने भूखंडों की रजिस्ट्री यमुना प्राधिकरण से करा सकेंगे। ऐसे में फ्लैट तैयार होने के बाद 9 हजार से अधिक खरीदारों के लिए भी रजिस्ट्री की राह आसान हो जाएगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 10 मार्च को जेपी एसोसिएट्स को एसडीजेड के अंतर्गत 1000 हेक्टेयर भूमि का आवंटन रद्द कर दिया था।



यह भूमि वर्ष 2009-10 में जेएएल की सहायक कंपनी जेपी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स को स्पोर्ट्स सिटी विकसित करने के लिए विशेष विकास क्षेत्र (एसडीजेड) योजना के तहत आवंटित हुई थी। साथ ही, इस आदेश में कोर्ट ने बिल्डर के सबलेसी के अधिकारों को सुरक्षित रखा था, जिन्होंने बिल्डर से ग्रुप हाउसिंग और प्लॉट योजना चलाने के लिए जमीन खरीदी थी। यदि ये सबलीज रद्द हो जातीं तो इन डेवलपर्स की जमीन भी खतरे में पड़ जाती।

कोर्ट ने आदेश दिया था कि यीडा खुद लीजदाता की भूमिका निभाते हुए उन्हीं शर्तों पर इन डेवलपर्स से नए लीज एग्रीमेंट करे। इनमें शर्त और नियम वहीं रहेंगे, जो जेएएल के साथ तय किए हैं। हालांकि, यीडा को अपने बकाया वसूलने का अधिकार दिया गया।

कोर्ट ने यीडा को रजिस्ट्री के लिए हर सबलेसी को चार हफ्तों के भीतर नोटिस भेजने के आदेश दिए थे। साथ ही, सार्वजनिक सूचना जारी करने और 12 हफ्तों के अंदर रजिस्ट्री से जुड़े सभी जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी करने के आदेश थे। इसके बाद सबलेसी आठ हफ्तों के अंदर नए लीज समझौते पर साइन करेंगे। यीडा के मुताबिक 13 सबलेसी के भूखंडों की रजिस्ट्री के लिए पोर्टल शुरू किया है। जहां सबलेसी अपने दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं। सबलेसी को 21 जून तक प्राधिकरण के पोर्टल पर अपने दस्तावेज अपलोड करने होंगे। इन 13 परिजोयना में कुल 9902 फ्लैट और 3230 प्लॉट हैं। पोर्टल में संबंधित लिंक यीडा की ऑफिशियरल वेबसाइट पर है।

# इंडिया गेट पर जाम से निपटने को दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने बनाया 'मास्टर' प्लान, दिए 5 सुझाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में इंडिया गेट सी-हेक्सागन पर लगने वाले जाम को खत्म करने के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने अध्ययन किया है। इसमें जाम के कारणों का पता लगाने के साथ उसका समाधान भी तलाशा गया है। सुझाव के साथ नई दिल्ली रेंज के ट्रैफिक डीसीपी राजीव कुमार की तरफ से 28 मई को शहरी विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव को पत्र लिखा गया है। इसमें बताए गए सुझावों के माध्यम से जाम खत्म कराने में सहयोग करने की मांग की गई है।



ट्रैफिक डीसीपी ने बताया कि 27 मई को सर्वे के दौरान देखने को मिला कि जाम का सबसे बड़ा कारण यहां होने वाली अवैध पार्किंग है। सी-हेक्सागन के पास सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट, पटियाला हाउस कोर्ट, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, हैदराबाद हाउस, बड़ौदा हाउस, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम है। इसके अलावा इंडिया गेट और कर्तव्यपथ पर रोजाना हजारों की संख्या में पर्यटक भ्रमण करने आते हैं।

रोजाना लगभग तीन लाख वाहन गुजरते हैं ~ इसकी वजह से यहां पर न केवल वाहनों, बल्कि पैदल चलने वाले लोगों की भी भीड़ में रहती है। खासतौर से व्यस्त समय में सी-हेक्सागान पर वाहन रेंगते दिखाई देते हैं। इंडिया गेट सी-हेक्सागन में रोजाना लगभग तीन लाख वाहन गुजरते हैं। ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। अवैध पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### मंत्री कपिल मिश्रा ने बवाना में श्रीकृष्ण गौशाला का दौरा किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिल्ली के विकास एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने बवाना स्थित श्रीकृष्ण गौशाला सुल्तानपुर डबास का दौरा किया। मंत्री मिश्रा ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

गौशाला के दौरे के दौरान मंत्री मिश्रा ने वहां रह रहे गौवंशों की देखरेख, स्वच्छता, पोषण और पुनर्वास की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। गौशालाओं के संचालकों से विस्तार से चर्चा भी की। मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण की रीढ़ हमारा पशुधन और गौमाता हैं। गौशालाएं केवल पशुधन की देखरेख का केंद्र नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और पर्यावरणीय विरासत का प्रतीक भी हैं। दिल्ली सरकार गौवंश संरक्षण और गौशालाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। पिछली सरकार के समय गौमाताओं के साथ हुए अन्याय को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मन में काफी पीड़ा है।

# आईएमडी ने दिल्ली को टेम्प्रेचर के टॉर्चर से किया सावधान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में अगले तीन-चार दिनों के बीच अधिकतम तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होने का अनुमान है। गुरुवार को भी अधिकतम तापमान में लगभग ढाई डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली और आसपास के इलाके में फिलहाल कोई प्रभावी मौसमी परिघटना नहीं है। इसके चलते अब तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होने की संभावना है। गुरुवार को भी दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में सुबह से ही धूप निकली। इसके चलते लोगों को गर्मी का अहसास हुआ।



मौसम विभाग का अनुमान है कि शुक्रवार को अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। दिन भर तेज धूप रहेगी। जबकि, बीच-बीच में हल्के बादलों की आवाजाही रहेगी।

दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में गुरुवार को दिन का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम है। हालांकि, इसकी तुलना अगर बुधवार से करें तो लगभग ढाई डिग्री का इजाफा हुआ है। बुधवार को अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस रहा था। वहीं, न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस नीचे है। यहां पर आर्द्रता का स्तर 71 से 38 फीसदी तक रहा। खराब श्रेणी में पहुंची वायु गुणवत्ता दिल्ली में गर्मी बढ़ने के साथ ही प्रदूषण के स्तर में भी बढ़ोतरी हुई है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, गुरुवार को औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 203 अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को खराब श्रेणी में रखा जाता है। परेशानी की बात है कि प्रदूषण का मुख्य कारक ओजोन के कण रहे हैं। पता हो कि ओजोन के कणों को स्वास्थ्य के लिए बेहद खराब माना जाता है। अगले दो दिनों के बीच वायु गुणवत्ता का स्तर इसी के आसपास रहने की संभावना है। सीपीसीबी के अनुसार, एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है।

### जापान का चंद्र मिशन असफल, निजी लैंडर चंद्रमा पर दुर्घटनाग्रस्त

**टोक्यो एजेंसी।** जापान की एक निजी अंतरिक्ष कंपनी आईस्पेश का चंद्रमा पर उतरने का प्रयास एक बार फिर विफल हो गया है। शुक्रवार को कंपनी का लैंडर जब चंद्रमा की सतह पर उतरने ही वाला था। तभी उससे संपर्क टूट गया। इस घटना के बाद कई घंटों तक संपर्क स्थापित करने की कोशिश की गई, लेकिन कोई संदेश नहीं मिला। अंततः कंपनी ने मिशन को विफल घोषित कर दिया। आईस्पेश का यह लैंडर चंद्रमा पर उतरने से महज दो मिनट पहले तक सही काम कर रहा था। पृथ्वी पर मौजूद नियंत्रण कक्ष में सब कुछ सामान्य लग रहा था। लेकिन जैसे ही लैंडिंग का समय आया, लैंडर से सिग्नल आना बंद हो गया। इसके साथ ही लैंडर में एक छोटा रोवर भी भेजा गया था, जो चंद्रमा की सतह से नमूने इकट्ठा करने वाला था। कंपनी के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ताकेशी हाकामादा ने इस नाकामी पर दुख जताते हुए मिशन में शामिल सभी लोगों से माफी मांगी। उन्होंने कहा- यह दूसरी बार है जब हम चंद्रमा की सतह पर उतरने में असफल रहे हैं। अब हमें इस मामले को और गंभीरता से लेना होगा। आईस्पेश का यह दूसरा चंद्र मिशन था। इससे पहले करीब दो साल पहले कंपनी ने अपना पहला चंद्र मिशन भेजा था, जो सफल नहीं हो सका। उसी असफलता के बाद कंपनी ने अपने नए लैंडर का नाम 'रेसिलिएंस' रखा था, जिसका मतलब होता संकट में भी डटे रहना है। एक लाल रंग का खिलौनाघर, जिसे एक स्वीडिश कलाकार ने डिजाइन किया था और जिसे चंद्रमा की सतह पर रखने की योजना थी।

# विवादों के साए में डब्ल्यूडब्ल्यूई के फारमर चेयरमैन विंस मैकमोहन, यौन शोषण के आरोप लगे तो बेचने लगे कंपनी के स्टाक

**न्यूयार्क, एजेंसी।** डब्ल्यूडब्ल्यूई के पूर्व चेयरमैन विंस मैकमोहन ने टीकेओ ग्रुप होल्डिंग्स के लगभग 250 मिलियन डॉलर (लगभग 21,46,11,24,900 रुपये) के स्टॉक बेचे हैं। ये कंपनी डब्ल्यूडब्ल्यूई और यूएफसी की मूल कंपनी है। विंस लंबे वक्त तक डब्ल्यूडब्ल्यूई के अहम चेहरों में से एक रहे हैं और प्रोफेशनल रेसलिंग की दुनिया में उनकी खासा पहचान है। न्यूयॉर्क पोस्ट के अनुसार, यह बिक्री निजी तौर पर एंडेवर ग्रुप होल्डिंग्स के साथ की गई। यह बड़े पैमाने पर स्टॉक बिक्री तब हुई है, जब मैकमोहन एक सेक्स ट्रैफिकिंग मुकदमे का सामना कर रहे हैं। इसके अलावा



एक नया एंटरटेनमेंट बिजनेस शुरू करने की तैयारी में हैं। साल 2024 की शुरुआत में कई विवादों के सामने आने के बाद, डब्ल्यूडब्ल्यूई और टीकेओ के साथ उनका सार्वजनिक और वित्तीय रिश्ता धीरे-धीरे कमजोर हुआ है। आधिकारिक दस्तावेजों के अनुसार, यह लेनदेन 158.32 डॉलर प्रति शेयर की कीमत पर बुधवार को पूरा हुआ।

जनवरी में मैकमोहन ने टीकेओ के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स से इस्तीफा दे दिया था। यह उन्हें तब करना पड़ा जब एक पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई कर्मचारी ने उन पर यौन उत्पीड़न और सेक्स ट्रैफिकिंग का आरोप लगाया था। मैकमोहन ने इन आरोपों को पूरी तरह से बेबुनियाद बताते हुए साफ तौर पर खारिज किया है। पूर्व कर्मचारी जेनेल ग्रांट का दावा है कि उनके तत्कालीन बॉस मैकमोहन ने उन्हें कंपनी में जबरन यौन संबंधों के लिए मजबूर किया और इसमें अन्य लोग भी शामिल थे। पिछले हफ्ते, जॉन लॉरिनाइटिस नाम के एक शख्स ने ग्रांट के साथ एक समझौता किया। इसमें यह शर्त शामिल है कि वह ग्रांट के वकीलों के साथ सहयोग करेंगे और शायद मैकमोहन के खिलाफ गवाही भी देंगे। मैकमोहन के वकील ने कहा है कि लॉरिनाइटिस और ग्रांट के बीच यह समझौता मामले के तथ्यों को किसी भी तरह से बदलता नहीं और मैकमोहन ने ग्रांट के साथ कभी कोई बुरा बर्ताव नहीं किया।

### रूस का कीव पर ड्रोन और क्रूज मिसाइल हमला, मेट्रो रेल ट्रैक क्षतिगस्त

**कीव , एजेंसी।** रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव में ड्रोन और क्रूज मिसाइल हमला कर बड़ा नुकसान किया है। रूस के हमले में कई मेट्रो रेल ट्रैक क्षतिगस्त हो गए हैं। रात भर हुए हमले में कम से कम तीन नागरिक घायल हुए हैं। कुछ दिनों से यूक्रेन और रूस के बीच हमलों में वृद्धि हुई है। एबीसी न्यूज के अनुसार, यूक्रेन की वायुसेना ने कीव पर बैलिस्टिक मिसाइल हमले की सूचना दी है। यूक्रेन ने कहा है कि कीव में वायु रक्षा प्रणाली को सक्रिय कर दिया गया है। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने कहा कि रात भर हुए रूसी हमलों में तीन लोग घायल हुए हैं। उन्होंने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि रूसी ड्रोन कीव में प्रवेश कर रहे हैं। लोगों से सुरक्षित आश्रय स्थलों में रहने का आग्रह किया गया है। क्लिट्स्को ने कुछ देरबाद बताया कि घायलों में से दो को अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक का मौके पर ही इलाज किया गया। कीव सिटी मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने टेलीग्राम पोस्ट में कहा कि रूस के हमलों में राजधानी कीव में दो स्टेशनों के बीच मेट्रो ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत यह रही कि कहीं आग नहीं लगी और ना ही कोई हताहत हुआ। तकाचेंको ने इससे पहले सूचना दी थी कि कीव पर संयुक्त हमला शुरू हो गया है। हवाई रक्षा प्रणाली को सक्रिय कर दिया गया है। यूक्रेन की वायुसेना ने स्थानीय यूक्रेनी समयानुसार सुबह लगभग 4-30 बजे यूक्रेन के लुत्स्क, चेर्निहिव, ल्वीव और रिव्ने क्षेत्रों में क्रूज मिसाइल दागने की सूचना दी है।

# शशि थरूर के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस से की मुलाकात

**वाशिंगटन , एजेंसी।** शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को वाशिंगटन में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस के साथ एक बैठक की, जिसमें उन्हें ऑपरेशन सिंदूर, भारत द्वारा सामना किए जा रहे आतंकवाद और क्षेत्रीय सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई।

अमेरिका में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, डॉ. शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने आज सुबह उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस से मुलाकात की। बातचीत में आतंकवाद विरोधी क्षेत्र में सहयोग सहित भारत-अमेरिका साझेदारी को मजबूत करने पर फोकस किया गया।

थरूर ने बैठक के बाद एक्स पर लिखा, आज वाशिंगटन डीसी में हमारे प्रतिनिधिमंडल के साथ उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस के साथ शानदार बैठक हुई। हमने आतंकवाद विरोधी प्रयासों से लेकर तकनीकी सहयोग बढ़ाने तक कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए यह वास्तव में रचनात्मक और उत्पादक आदान-प्रदान था।

जब पहलगाम में 22 अप्रैल को जघन्य आतंकवादी हमला हुआ, तब वेंस भारत दौरे पर थे। समर्थन और एकजुटता के एक



मजबूत संदेश में अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन करके आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की थी और कहा था कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त लड़ाई में सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। उन्होंने एक्स पर लिखा था, उषा और मैं भारत के पहलगाम में हुए विनाशकारी आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। पिछले कुछ दिनों में, हम इस देश और इसके लोगों की खूबसूरती से अभिभूत हैं। इस भयावह हमले में हमारे विचार और प्रार्थनाएं उनके साथ हैं।

इससे पहले दिन में थरूर ने विदेश संबंध परिषद में राजदूत केन जस्टर के साथ आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई पर बात की। प्रतिनिधिमंडल में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की शांभवी चौधरी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरफराज अहमद, शिवसेना के मिलिंद मुरली देवड़ा, भाजपा के भुवनेश्वर कलिता और तेजस्वी सूर्या, तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सहयोगी तेलुगू देशम पार्टी के जी.एम. हरीश बालयोगी शामिल हैं।

# पाकिस्तान में बीएलए का कहर: पाक सेना-पुलिस को भारी नुकसान, मार डाले 5 जवान

**कराची एजेंसी।** बलूच लिबरेशन आर्मी ने बलूचिस्तान में दो अलग-अलग जगहों पर पाकिस्तानी सेना पर हमला किया, जिसमें 5 सैनिकों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। पहला हमला केच जिले के जमुरान इलाके में हुआ, जहां बीएलए के लड़ाकों ने घात लगाकर पाक सेना के काफिले को निशाना बनाया। कुंड कापरान के पास हुए इस हमले में दो सैन्य वाहन पूरी तरह से तबाह कर दिए गए और पांच जवानों की मौके पर ही मौत हो गई।

दूसरा हमला क्वेटा के पूर्वी बाईपास स्थित बकरा मंडी के पास किया गया, जहां एक पुलिस वाहन पर ग्रेनेड से हमला किया गया। इस हमले में SHO नूरुल्लाह समेत कई पुलिसकर्मी घायल हुए। दोनों हमलों की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली है। बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलूच ने बयान जारी कर कहा कि उनका सशस्त्र संघर्ष तब तक जारी रहेगा



जब तक पाकिस्तानी सेना बलूच इलाकों से पूरी तरह हट नहीं जाती और बलूच जनता को स्वतंत्रता नहीं मिलती। सोशल मीडिया पर इन हमलों के वीडियो भी साझा किए गए हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि हमले पूर्व नियोजित और सटीक थे। बलूचिस्तान में लंबे समय से अलगाववाद की मांग चल रही है और बीएलए जैसे संगठन पाकिस्तानी सेना के खिलाफ लगातार हिंसक हमले कर रहे हैं।

# बीएसएल में विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह का समापन

## पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट के पर्यावरण संरक्षण एवं सस्टेनेबिलिटी विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस-2025 के अंतर्गत आयोजित सप्ताहव्यापी कार्यक्रमों का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स, सेक्टर-5 के सभागार में सम्पन्न हुआ। इस वर्ष की वैश्विक थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं' के अनुरूप, बीएसएल ने अपनी सशक्त प्रतिबद्धता को दशार्ते हुए विविध रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश व्यापक रूपसे प्रसारित किया. समारोह में बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) श्री शरद गुप्ता, मुख्यमहाप्रबंधक (पर्यावरण संरक्षण एवं सस्टेनेबिलिटी) श्री डी. के. सक्सेना, बोकारो चैप्टर के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स के चेयरमैन श्री बी. के. प्रसाद, सचिव श्री हरिहर राउत,विभाग की महाप्रबंधक श्रीमती प्रीति झा, उप महाप्रबंधक श्री उमेश कुमार सिंह,सहायक महाप्रबंधक श्री नितेश रंजन सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं बोकारोवासी उपस्थित थे. कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन के साथ की गई. 31 मई से 5 जून तक आयोजित सप्ताहव्यापी कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण, चित्रकला प्रतियोगिता, अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यशालाएं, प्लास्टिक प्रदूषण पर जागरूकता रैली, निबंध लेखन,पोस्टर प्रतियोगिता एवं क्विज जैसी अनेक प्रेरक एवं सहभागितापूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं बोकारोवासी ने भाग लिया. वक्ताओं ने अपने संबोधन में पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने, प्रकृति-संवेदी जीवनशैली अपनाने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी को समय की आवश्यकता बताया. इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया. उल्लेखनीय है कि बीएसएल ऊर्जा दक्षता, अपशिष्ट प्रबंधन, हरित क्षेत्र विस्तार एवं जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में लगातार सक्रिय है और पर्यावरण संरक्षण को अपनी औद्योगिक संस्कृति का अभिन्न अंग मानते हुए निरंतर प्रभावशाली प्रयास कर रहा है. कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक श्री तरुण श्रीवास्तव एवं धन्यवाद ज्ञापन इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स के सचिव श्री हरिहर राउत द्वारा किया गया.

### सेल ने दुगार्पुर में डिफेंस कॉन्क्लेव - 2025 का आयोजन किया

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने देश के रक्षा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कंपनी की रणनीतिक प्रतिबद्धता पर बल देते हुए, दुगार्पुर के अपने अलॉय स्टील्स प्लांट (एएसपी) में 4 जून, 2025 को सेल-डिफेंस कॉन्क्लेव - 2025 का आयोजन किया. स्वदेशीकरण परियोजनाओं के लिए विशेष रक्षा-ग्रेड स्टील के प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में, सेल ने रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (उद्धरव२) के साथ गहन सहयोग को बढ़ावा देने और रक्षा क्षेत्र की उभरती आवश्यकताओं पर चर्चा करने के लिए सम्मेलन का आयोजन किया. यह कार्यक्रम आत्मनिर्भरता, स्वदेशीकरण और आयात प्रतिस्थापन के विषयों पर केंद्रित था, जो भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत की पहल की ओर एक और कदम रहा. ऑर्डिनेंस फैक्टरिज समेत प्रमुख रक्षा प्रतिष्ठानों के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस कॉन्क्लेव के दौरान हुए विचार-विमर्श में सक्रिय रूप से भाग लिया. इस सम्मेलन में सेल के वरिष्ठ नेतृत्व ने अपने विचार रखे, जिसमें निदेशक (वाणिज्यिक) श्री वी.एस. चक्रवर्ती और राउरकेला स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक एवं दुगार्पुर और बर्नपुर स्टील प्लांट के अतिरिक्त प्रभारी निदेशक श्री आलोक वर्मा शामिल थे. इस सम्मेलन के दौरान हुई चर्चा में, मैटेरियल स्पेसिफिकेशन में बेहतर तालमेल, स्वदेशी प्रौद्योगिकी अपनाने और महत्वपूर्ण रक्षा जरूरतों को पूरा करने में सेल की भूमिका के विस्तार की संभावनाओं पर बातचीत हुई. इस कार्यक्रम ने भारत के रक्षा विनिर्माण व्यवस्था में एक विश्वसनीय और रणनीतिक भागीदार के रूप में सेल की स्थिति की सुनिश्चित की. यही नहीं सेल ने रक्षा और सुरक्षा में देश की आत्मनिर्भरता को आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया. सेल रक्षा क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और भारत की आत्मनिर्भरता को बढ़ाने के लिए और अधिक मात्रा में आपूर्ति करने के लिए तैयार है.

# कॉलेज परिसर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटीज टेक्निकल कैंपस, इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कालेज में एनजीओ संजीवी वेलफेयर फाऊंडेशन के सौजन्य से, 'विश्व निशाने पर है' पर्यावरण संरक्षण पहल के तहत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में आम, जामुन, नींबू, अमरूद, कनेर, गुरहल, चंपा, सदाबहार, गंधराज, इत्यादि फलों एवं फूलों के 51 पेड़ों व पौधों का रोपण किया गया।. साथ ही पर्यावरण की जागरुकता हेतू, काण्ड्रा गांव में रैली निकाली गयी। ग्राम काण्ड्रा के सरपंच उपेंद्र पाण्डे विशेष अतिथी रहे। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कालेज के निदेशक डा. प्रियदर्शी जरुहार ने किया तथा समन्वयन तरु-मित्र क्लब से प्रो. अनुप्रिया तथा एन. एस. एस. की समन्वयक प्रो. सुषमा कुमारी ने किया। बीटेक - सीएससी साइबर सिक्योरिटी के छात्र मु. अबु हुजेफा के पोस्टर को प्रथम पुरस्कार मिला; हत कुमारी, निकिता साव और पूजा कुमारी ने विशेष योगदान दिया। छात्र-छात्राओं के



अलावा डीन डा. राजेंद्र वर्मा, डा. ए. पी. बर्णवाल, प्रशासनिक अधि. पल्लवी प्रसाद, प्रो. अपूर्बा सिन्हा, प्रो. सुमीत कुमार, प्रो. कुमार आशीष, प्रो. आलोक कुमार, प्रो. मोहराणा, प्रो. कृतिका चौधरी एवं अन्य उपस्थित रहे। निदेशक ने सरपंच उपेंद्र पाण्डे एवं एडवोकेट आलोक कुमार और विश्वजीत को गुलदस्ता, शाल एवं उपहार दे कर सम्मानित किया। कैंपस केयरटेकर गुरमेल सिंह ने एवं कर्मचारियों ने रोपण-व्यवस्था की. संस्थान के माननीय अध्यक्ष तरसेम सिंह व सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने बधाई व शुभकामनायें दीं.

# ईएसएल विश्व पर्यावरण दिवस पर मना रहा है हरित पहल का उत्सव




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वेदांता लिमिटेड की सहायक कंपनी ईएसएल स्टील लिमिटेड ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक सप्ताह तक चलने वाले विशेष आयोजनों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक प्रदूषण की रोकथाम का संदेश दिया। इस अभियान का उद्देश्य था- प्लास्टिक प्रदूषण को हराना और टिकाऊ भविष्य की ओर बढ़ना। इस जागरूकता सप्ताह के दौरान 400 से अधिक कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। इनमें शामिल थीं-जागरूकता सत्र, ऑफलाइन क्विज, पिक्शनरी गेम्स और 'इकोबिट्स' श्रृंखला, जिसमें रोजाना छोटे-छोटे हरित उपायों की जानकारी दी गई। सामुदायिक स्तर पर ईएसएल द्वारा समर्थित तीरंदाजी स्कूलों में 50 से अधिक बच्चों को प्लास्टिक के दुष्प्रभाव और टिकाऊ विकल्पों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही, बेस्ट एनवायरनमेंट इनिशिएटिव अवॉर्ड्स के तहत विभागीय और व्यक्तिगत श्रेणियों में पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। 20 से अधिक पोस्टर प्रविष्टियों ने संदेश को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। हफ्ते भर के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा वृक्षारोपण अभियान, जिसमें संयंत्र और सीएसआर साइटों पर 550 से अधिक पौधे लगाए गए। साथ ही ईएसएल ने प्लास्टिक-मुक्त कैंटीन की शुरूआत की और सभी कर्मचारियों को जूट बैग प्रदान किए। समापन समारोह के अवसर पर ईएसएल स्टील के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें रविश शर्मा (डिप्टी सीईओ एवं पूर्णकालिक निदेशक), अमल घोष (निदेशक झ इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट), श्यामली मिन्ज (मुख्य मानव संसाधन अधिकारी), और जगेश्वर प्रसाद वर्मा (उप निदेशक झ स्टील) शामिल थे। इस अवसर पर तपेश चंद्र नस्कर, निदेशक-सेंट्रल इंजीनियरिंग एवं एचएसईएस, ईएसएल स्टील लिमिटेड ने कहा, ईएसएल में स्थिरता केवल एक दिन की पहल नहीं, बल्कि हमारी कार्यसंस्कृति का हिस्सा है। इस सप्ताह भर की मुहिम ने यह सिद्ध किया है कि जब सभी मिलकर प्रयास करें, तो बड़ा बदलाव संभव है। ईएसएल स्टील पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ एक हरित, स्वच्छ और टिकाऊ भविष्य की दिशा में लगातार अग्रसर है।

# स्वयं में बदलाव लाएं, क्षेत्र में एक्टिविस्ट की तरह करें काम : अजय नाथ झा



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरूपयोग रोकने को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी अजय नाथ झा ने की। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, राज्य समन्वयक के प्रतिनिधि डॉक्यूमेंटेशन ऑफिसर एसएलसीए सुशील कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, पुलिस निरीक्षक रूपेश कुमार, साइकाइट्रिस्ट डा. प्रशांत मिश्रा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला परामर्शी एनटीसीपी मो. असलम आदि उपस्थित थे। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी ने कहा कि काफी महत्वपूर्ण विषय पर यह प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया है, इसमें बताई गई बातों को ध्यान से सुनें और इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें, इसके परिणाम काफी दूरगामी है, यह हमारे बच्चों - युवाओं के भविष्य से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन मादक पदार्थों के सप्लाई चैन को ध्वस्त करने को लेकर सभी जरूरी कदम उठाएगा। संबंधित विभाग के पदाधिकारी टीम बनाकर लगातार जिले में छापेमारी अभियान चलाएगी। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को बच्चों - युवाओं को यह अवगत कराने को कहा कि उनका व्यक्तित्व कितना महत्वपूर्ण है। हमारे देश - राष्ट्र के लिए उनका क्या योगदान है। अगर वह मादक पदार्थों का सेवन करेंगे, तो उनका व्यक्तित्व खोखला हो जाएगा। इसके दुष्परिणामों से उन्हें अवगत कराएं। इस कार्य को सभी मास्टर ट्रेनर एक संकल्प के रूप में लें, स्वयं में बदलाव लाएं और क्षेत्र में एक्टिविस्ट की तरह काम करें। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी ने उपस्थित सभी को शपथ दिलायी। कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं तथा युवाओं की शक्ति समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करते है। अतः यह अति आवश्यक है कि नशामुक्त भारत अभियान में सर्वाधिक संख्या में युवा जुड़े। देश की इस चुनौती को स्वीकार करते हुए हम आज नशामुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत एक जुट होकर प्रतिज्ञा करते हैं कि न केवल समुदाय, परिवार, मित्र, बल्कि स्वयं को भी नशामुक्त कराएँगे, क्योंकि बदलाव की शुरूआत अपने आप से होनी चाहिए। इसलिए आइए हम सब मिलकर अपने जिलें / राज्य (झारखण्ड) को नशामुक्त कराने का दृढ़ निश्चय करें। मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि अपने देश को नशामुक्त करने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार हर सम्भव प्रयास करूँगा। जय हिन्द ! जिसका सभी ने दोहराव किया। वहीं, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण सह कार्यशाला में प्रखंड स्तरीय सभी सीडीपीओ/महिला पर्यवेक्षिकाओं, विभिन्न निजी संस्थाओं, विभिन्न विभागों के कर्मियों को विशेषज्ञों द्वारा मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह सभी आगे प्रखंड - पंचायत स्तर पर अन्य लोगों को निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरूपयोग रोकने को लेकर जागरूक करेंगे। उन्होंने 'नशे को ना, जिंदगी को हां' के स्लोगन को जन जन तक पहुंचाने की बात कहीं। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में नशीली दवाओं और पदार्थों के दुरूपयोग को समझना, कानून - अधिकार और संरक्षण तंत्र, पदार्थों के दुरुपयोग के विभिन्न आयाम और जीवन कौशल और प्रतिरोध तकनीक का निर्माण, नए उपयोगकर्ताओं को रोकने के लिए रणनीतियां, ड्रग्स और लत, संचार और सामुदायिक लामबंदी, 15 दिवसीय जागरूकता अभियान योजना और मुख्य संदेश साझा करना विषयों पर क्रमवार विषय विशेषज्ञों ने जानकारी दी।

## संक्षिप्त समाचार

### दो दिन सपनों की दुनिया, सीख और उत्साह से भरे पल

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राउंड टेबल इंडिया के एरिया 16 द्वारा कार्यक्रम फ्लाइट ऑफ फैंटेसी का एक ऐतिहासिक संस्करण 6 और 7 जून 2025 आयोजित किया जा रहा है, जिसमें धनबाद, रांची, जमशेदपुर, राउरकेला और संबलपुर से आए 90 छात्र एवं 10 शिक्षक, कुल 100 लाभार्थी, पहली बार हवाई यात्रा का अनुभव करेंगे। उक्त बातें प्रेस को राउंड टेबल इंडिया की पदाधिकारी ने बताया। मीडिया को



अध्यक्ष टैबलेट अनूप गोयल ने बताया कि वंचित पृष्ठभूमि से आए बच्चों को भुवनेश्वर ले जाया जाएगा, जहाँ उन्हें कट्टक और भुवनेश्वर की टेबल्स द्वारा आत्मीयता से होस्ट किया जाएगा। इस दो दिवसीय यात्रा में शैक्षिक भ्रमण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मनोरंजक गतिविधियाँ और प्रेरणादायक संवाद शामिल होंगे जिससे बच्चों की सोच का दायरा बढ़ेगा और बड़े सपने देखने की प्रेरणा मिलेगी। प्रेस वार्ता में अनूप गोयल, पंकज गोयल, कशिश व्यास, सरबजीत सिंह, रोहित अग्रवाल, सूरत सरिया, चेतन तुलसियान बलराम अग्रवाल आयुष मित्तल, चेतन तुलस्यान,मोहित डालमिया, राहुल व्यास, अंकुर चौधरी उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने प्रस्तावित संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने को रणनीति बनाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला कांग्रेस कार्यालय दूँदीबाग में आज 9 जून को प्रस्तावित जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली सह सभा कार्यक्रम को को लेकर बोकारो जिला संविधान बचाओ समन्वय समिति के द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष उमेश प्रसाद सहित समन्वय समिति के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने को हुई बैठक के संबंध में प्रेस को बताया गया। बताया, बैठक में जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली सह सभा कार्यक्रम को ऐतिहासिक सफलता बनाने हेतु रूप रेखा तैयार कि गई । मौके पर जिलाध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि प्रस्तावित कार्यक्रम आगामी 8 जून को जिला स्तरीय संविधान बचाओ सभा अब 9 जून को सभास्थल बोकारो सेक्टर 2 सी मोड़ में आयोजित की जायेगी। कार्यक्रम की शुरूआत नया मोड़ बिरसा चौक पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान बचाओ रैली प्राम्भ होकर सभा स्थल बोकारो सेक्टर 2 सी मोड़ पहुंचेगी। मौके पर रामा रावत,सुशील कु झा, डॉ इंद्रदेव पासवान,शकील अहमद,सतेंद्र यादव, कमरुल हसन, जीतेन्द्र यादव, आफताब आलम, आशा देवी, महेश मंडल, खुर्शीद आलम, निवारण तिवारी, बारीक अंसारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बाइक चोर गिरफ्त में एक दर्जन मोटरसाइकिल बरामद

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एसपी बोकारो हरविंदर सिंह को बाइक चोरों के द्वारा बाइक चोरी करने को लेकर रेकी की जानकारी मिली थी। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिटी डीएसपी की अगवाई में गठित टीम ने एंटी चेकिंग अभियान में शिव कुमार को सेक्टर 4 से गिरफ्तार किया है। पूछताछ के क्रम में उसके द्वारा बाइक चोरी किए जाने की जानकारी दी गई। गिरफ्तार शिव कुमार ने बताया कि चोरी किए बाइक को पांडू मुंडा के द्वारा बेचने का काम किया जाता है। पांडु को पुलिस ने हिरासत में लेते हुए दोनों की निशानदेही पर निशानदेही पर बाइक को विभिन्न जगहों से 11 बाइक को बरामद किया गया। गिरफ्तार शिवकुमार पुरुलिया जिले के जयपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। वहीं उनके साथ बाइक चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक नाबालिक को भी गिरफ्तार किया है। यह लोग सेक्टर 4 सिटी सेंटर में फुटपाथ में रहकर चोरी की घटना को अंजाम देते थे।





# नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में नियुक्ति की प्रकिया प्रारंभ

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आज जिला चयन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में शिक्षकों तथा अन्य कर्मियों सहित 12 पद के लिए नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। उपायुक्त ने चयन प्रक्रिया समय पर पूरी कर चयनित शिक्षकों एवं कर्मियों के बीच 15 अगस्त 2025 को नियुक्ति पत्र का वितरण करने का निर्देश दिया।

# निषिद्ध मादक पदार्थों पर अंकुश को प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, चास के सभागार में निषिद्ध मादक पदार्थों को रोकने एवं जागरूकता हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला मास्टर ट्रेनर के द्वारा सभी माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रहरी क्लब के सदस्यों प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं दो वरीय शिक्षक को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर के रूप में धनंजय कुमार, भूषण +2 उ०वि० नावाडीह, उमा शंकर विश्वकर्मा, जिला रामरूद्र सीएम एस ई चास, गीता देवी, प्रोजेक्ट बालिका उ०वि० तेनुघाट, पेटरवार, संतोष कुमार, रामबिलास +2 उ०वि० बेरमो, राजीव रंजन, जनता +2 उ०वि० पुण्डरू, चास शामिल थे। साथ ही सभी प्रखंडों से प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, बोकारो एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, बोकारो ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय के शिक्षकों की बड़ी जिम्मेवारी एवं इस संबंध में विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। विद्यालय स्तर पर अलग अलग दिन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आज के कार्यक्रम में बोकारो जिले से विभिन्न विद्यालयों से लगभग 300 शिक्षकों ने भाग लिया। शिक्षकों के द्वारा कहा गया कि इस प्रकार का कार्यक्रम लगातार कराने से विद्यार्थियों, शिक्षको एवं समाज में जागरूकता बढ़ेगी।

# सौहार्दपूर्ण माहौल में बकरीद को ले पुलिस की मॉक ड्रिल





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बकरीद को लेकर बोकारो पुलिस ने अपनी तैयारी को मुकम्मल करने को लेकर सेक्टर 12 पुलिस लाइन मैदान में एंटी राइट मॉक ड्रिल का आयोजन किया। मॉक ड्रिल में एसपी हरविंदर सिंह, सिटी डीएसपी आलोक रंजन, मेजर प्रणव कुमार भी मौजूद रहे। इस दौरान एसपी ने इस मॉक ड्रिल को सामने रहकर देखा और कुछ बारीकियां की जानकारी भी जवानों और पदाधिकारी को दी। एसपी हरविंदर सिंह ने खुद हथियार का भी इस्तेमाल करते हुए रबर बुलेट छोड़ने का काम किया। इस दौरान दोनों तरफ से उपद्रवी और जवानों के बीच किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूर्वाभ्यास किया गया। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि कल बकरीद है। ऐसे में कोई भी उपद्रवी या असामाजिक तत्व अगर किसी भी तरह की अशांति फैलाने की कोशिश करता है तो उससे कड़ाई से निपटा जाएगा। इसी तैयारी को लेकर आज मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था। जिले में इसके लिए एक टीम भी तैयार है जिनकी तैयारी का जायजा लेने के लिए इस तरह का आयोजन किया गया था।

# शहर में कांग्रेसियों ने निकाली संविधान बचाओ रैली



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झरिया कतरास मोड स्थित नेहरू पार्क से संविधान बचाओ रैली निकाल कर झरिया भ्रमण किया। संविधान बचाओ रैली में भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने भाग लिया। जिसकी अध्यक्षता झरिया नगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष श्याम कुमार साव और संचालन नगर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष विरेंद्र यादव ने किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह और झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव सह प्रवेक्षक राम प्रीत यादव भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के उपरांत झरिया नगर कांग्रेस कमेटी के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो को नियुक्ति पत्र दिया गया। धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि नगर प्रखंड स्तरीय संविधान बचाव रैली के माध्यम से जातीय जनगणना के लिए हम सभी को आदरणीय नेता राहुल गांधी जी नेता प्रतिपक्ष लोकसभा के निरंतर संघर्ष के लिए धन्यवाद और आभार व्यक्त करते हैं ऑपरेशन सिंदूर में सेना के जवानों के शौर्य की कांग्रेस पार्टी सराहना करती है। संविधान अनुच्छेद 15 ( 5) को लागू करने की जानी चाहिए जो ओबीसी दलित और आदिवासी समुदायों को निजी शैक्षणिक आम संस्थानों में आरक्षण देने की प्रावधान हो। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा केंद्र सरकार की मंशा ठीक नहीं है। संविधान को बाबा साहब भीमराव ने लिखा। उस संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस आगे है। जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा - संविधान को बचाने के लिए जो भी आंदोलन करना पड़ेगा, वह करेंगे। संविधान के साथ किसी भी हालत में छेड़छाड़ नहीं होने देंगे। बीजेपी संविधान के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रही है। यह आंदोलन जिले के साथ एक ब्लॉक और बूथ स्तर पर भी किया जाएगा। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के विशेष आमंत्रित सदस्य मुख्तार खान ने कहा कि कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक जनता के मुद्दों पर संघर्ष कर रही है।. चाहे बेरोजगारी हो या महंगाई, कांग्रेस हर मोर्चे पर भाजपा सरकार को घेरेगी और उन्हें सत्ता से बाहर करेगी. सरकार ने देश में विकास के नाम पर जुमलेबाजी की है। कार्यक्रम में ममता देवी, किरण देवी, राखी देवी, सुलेखा देवी, सुषमा देवी उषा कुमारी ,राखी देवी, काजल देवी ,सीता देवीनिशार आलम,गुड्डू खान,नरेश साव, नौशेर रवा,मफूल जादव,शाहबाज खान उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com